परंपरागत रूप से पाकिस्तान में सेनाध्यक्ष ही सत्ता के सबसे ताकतवर चेहरे रहे हैं, जिनका रसूख निर्वाचित सरकार और उसके मुखिया से कहीं अधिक होता है। मुनीर ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ एवं अपने बीच सत्ता की इस खाई को अप्रत्याशित रूप से कई गुना और चौड़ा कर दिया। उन्होंने पाकिस्तान के राष्ट्रीय जीवन के हर पहलू में सीधा हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया। इससे भी बढ़कर उन्होंने पाकिस्तानी तंत्र में सेना प्रमुख के पद को कानूनी और संवैधानिक रूप से ऐसा अभेद्य कवच प्रदान करने का फैसला किया कि उस पर किसी भी प्रकार का अंकुश असंभव हो जाए। ऐतिहासिक रूप से पाकिस्तानी सेना ही स्वयं को देश की वास्तविक शासक मानती आई है। वह नौसेना और वायुसेना को महज 'तकनीकी सेवाओं' से अधिक कुछ नहीं समझती, भले ही सैद्धांतिक तौर पर इन दोनों अंगों के प्रमुखों को थलसेना प्रमुख के समकक्ष दर्जा प्राप्त रहा हो। अब यह मानक समानता भी अतीत की बात हो चुकी है। नौसेना और वायुसेना के अधिकारों के ताबूत में आखिरी कील 20 अगस्त को उस वक्त ठोकी गई, जब पाकिस्तानी संसद ने 'डिफेंस फोर्सेज आफ पाकिस्तान एक्ट, 2026' पर मुहर लगा दी। इसके साथ ही 'नेशनल कमांड अथारिटी, 2010' में भी संशोधन कर दिया गया। इन विधायी प्रविधानों की पटकथा गत वर्ष नवंबर में पाकिस्तानी संविधान के 27वें संशोधन के जरिये लिखना शुरू हुई। इसके साथ ही अब समूचे सैन्य प्रतिष्ठान पर मुनीर का एकाधिकार स्थापित हो चुका है और नौसेना एवं वायुसेना प्रमुख उनके समकक्ष न रहकर एक तरह से उनके मातहत बनकर रह गए हैं।

27वें संविधान संशोधन के जरिये चीफ आफ डिफेंस फोर्सेज यानी सीडीएफ का नया पद सृजित किया गया। इस कानून का एक पेच यह भी है कि यह पद थलसेना प्रमुख के पास ही रहेगा। यह कानून सुनिश्चित करता है कि सभी सामरिक पहलुओं पर सीडीएफ का ही पूर्ण नियंत्रण होगा। यानी पाकिस्तानी नौसेना और वायुसेना का रणनीतिक, परिचालन एवं प्रशासनिक नियंत्रण सीडीएफ के पास ही होगा। स्पष्ट है कि सैन्य अधिकारियों की पदोन्नति, नियुक्ति और तबादलों में चुनी हुई सरकार की अब कोई भूमिका नहीं रह जाएगी। इस तरह सेना प्रमुख के प्रस्तावों को मंजूरी देने की जो रस्म अदायगी वाली परिपाटी बची हुई थी, उस पर भी पूरी तरह पर्दा गिर जाएगा। यह कवायद कुछ और नहीं, बल्कि कानूनी प्रक्रिया के जरिये पाकिस्तान में फौज की पकड़ को और पुख्ता एवं गहरा करने जैसा है। नेशनल कमांड अथारिटी एक्ट में संशोधन के बाद अब सीडीएफ ही उस संस्था के उपाध्यक्ष होंगे, जो युद्ध के समय पाकिस्तान के परमाणु हथियारों के उपयोग सहित उनके पूरे संचालन का फैसला करती है। पाकिस्तान के परमाणु शस्त्रागार को सुरक्षित रखने के जिम्मेदार सैन्य जनरल की वास्तविक नियुक्ति भी अब सीडीएफ ही करेंगे।

यह कोई दबी-छिपी बात नहीं रही कि पाकिस्तान में लोकतांत्रिक नकाब के पीछे असली चेहरा फौज का ही रहा है। विदेश नीति की बागडोर भी हमेशा सेना के हाथ में रही है। चूंकि अब सीडीएफ को कानूनी तौर पर असीमित अधिकार मिल जाएंगे तो इस नकाब की भी जरूरत नहीं रह जाएगी। भारत के लिए यह चिंता का सबब होगा, क्योंकि पहले से ही कमजोर निर्वाचित सरकार के साथ वार्ता का कोई अर्थ-औचित्य ही नहीं बचेगा। पाकिस्तानी सेना प्रमुख की ताकत जिस कदर बढ़ गई है, उसे देखते हुए कोई प्रधानमंत्री उन्हें यह समझाने में संकोच ही करेगा कि भारत से बैर असल में पाकिस्तान का ही अधिक अहित कर रहा है। रही-सही कसर मुनीर का वह कट्टर सोच पूरा कर देगा, जो आज भी पाकिस्तान की बुनियाद बने द्विराष्ट्र सिद्धांत को अपना मूल मानता है।

भारत के प्रति मुनीर की कटुता बहुत गहरी है, जिसके निकट भविष्य में कम होने के कोई आसार नहीं। वैचारिक पहलुओं से इतर भी इसका एक बड़ा कारण यह भी है कि ईरान और अमेरिका के बीच कथित मध्यस्थता में निभाई भूमिका के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उन्हें चर्चा मिली है, क्योंकि वही पाकिस्तानी प्रयासों का चेहरा बने रहे। हालांकि 'इस्लामाबाद समझौता' बेनतीजा ही रहा, लेकिन इसके जरिये उपजे मुनीर के मिथ्या अभिमान से भारत के विरुद्ध उनकी बेतुकी एवं अड़ियल नीति पहले की तुलना में और जहरीली हो जाएगी। अब मुनीर के हाथ में सत्ता की असीमित ताकत आने के बाद पाकिस्तान में पहले से कमजोर लोकतंत्र की हालत और खस्ता ही होनी है। अदालतें भी फौज के इशारों पर चलने को मजबूर होंगी। ऐसे में इमरान खान जैसे राजनीतिक विरोधियों की रिहाई असंभव दिखती है। केवल अफगानिस्तान के साथ बढ़ती समस्याएं व टीटीपी एवं बलूच विद्रोहियों से निपटने में मुनीर की नाकामी ही उनकी राह में बचे कुछ कांटे शेष हैं।

(लेखक पूर्व राजनयिक हैं)
response@jagran.com

# अब भी नासूर बना हुआ है आतंकवाद



आशीष त्रिपाठी

**यह विडंबना ही हैं कि आतंकी खतरों से जूझ रहा अमेरिका उसके सबसे बड़े संरक्षक पाकिस्तान का शुभचिंतक हैं**



आतंक के विरुद्ध वैश्विक एकजुटता आवश्यक। फाइल

आतंकवाद समकालीन विश्व की सबसे जटिल समस्याओं में से एक है। इसने समूचे विश्व को अपने प्रकोप से प्रभावित किया हुआ है। आज के दौर में यह समस्या और विकट होती जा रही है और किसी न किसी रूप में विश्व को ग्रसित कर रही है। आतंकवाद को परिभाषित किया जाए तो यह किसी व्यक्ति विशेष या संगठन द्वारा अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सशस्त्र बल का प्रयोग कर समाज में हिंसा और भय उत्पन्न करना होता है। हिंसा और भय से समाज में भारी उथल-पुथल और अशांति पैदा कर समाज में एक व्यापक गतिरोध पैदा करने की मंशा से की जाने वाली घटनाएं आतंकवाद की श्रेणी में आती हैं। ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले कहीं जिहाद के नाम पर, कहीं पृथक देश बनाने की मांग पर और कहीं शोषण के विरुद्ध संघर्ष चलाने के नाम पर हिंसक घटनाओं को अंजाम देते हैं।

विश्व के इतिहास में सबसे बड़ी आतंकी घटना अलकायदा द्वारा सितंबर 2001 में अमेरिका के विश्व व्यापार केंद्र और 'पेंटागन' पर हुई थी। 25 वर्ष पुरानी इस आतंकी घटना में लगभग तीन हजार लोग मारे गए थे और तमाम घायल हुए थे। इस घटना ने समूची दुनिया की नींद उड़ा दी थी। इस घटना के बाद अमेरिका और उसके साथी देशों ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक अभियान छेड़ा, लेकिन वह भटक गया। आज स्थिति यह है कि आतंकवाद से पीड़ित रहा अमेरिका उसके सबसे बड़े संरक्षक पाकिस्तान का दोस्त और शुभचिंतक बना हुआ है। यह आतंक के खिलाफ अमेरिका के दोहरे मानदंड का परिचायक है। कुछ ऐसा ही रवैया चीन और तमाम अन्य देशों का भी है। इस कारण भी भारत पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद से ग्रसित है। भारत में अस्थिरता बढ़ाने और देश में अशांति फैलाने के उद्देश्य से अनेक भीषण आतंकी हमले किए गए। हमने अपने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी को भी ऐसी ही घटना में खो दिया। यह घटना भारत के इतिहास में सबसे दर्दनाक घटनाओं में से एक थी। भारत में आतंकवादी हमले लगातार होते रहे हैं। 2001 में भारतीय संसद पर हमला, 2002 में अक्षरधाम मंदिर पर हमला, 2006 में मुंबई लोकल ट्रेन पर हमला और 2008 में मुंबई पर हमला, 2019 में पुलवामा और 2025 में पहलगाम हमला प्रमुख आतंकी घटनाएं हैं। इनमें सैकड़ों की जान गई और सुरक्षाकर्मियों ने भी अपना बलिदान दिया।

भारत में होने वाली आतंकी घटनाओं के पीछे पड़ोसी देश पाकिस्तान की भूमिका रही है। फिल्म 'धुरंधर' पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद की कहानी को बड़े ही बेहतर ढंग से प्रस्तुत करती है। विडंबना यह कि मुंबई आतंकी हमले में पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद भी राजनीतिक साहस की कमी और अदूरदर्शिता के कारण पीड़ितों को न्याय मिलने में बहुत देरी हुई। उस समय किसी दबाव में तत्कालीन सरकार पाकिस्तान पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर पाई। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने तो एक पुस्तक विमोचन के अवसर पर झूठा विमर्श खड़ा कर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की छवि खराब करने का काम किया। ये प्रसंग कहीं न कहीं हमारी राजनीतिक कमजोरियों को भी उजागर करते हैं, जिससे ऐसी घटनाओं के पीछे की ताकतों के मंसूबों को और बल मिलता है। आतंक के खिलाफ जैसी एकजुटता का अभाव विश्व स्तर पर है, वैसा ही राष्ट्रीय स्तर पर भी।

आतंक के खिलाफ इतने वर्षों के संघर्ष के बाद भी आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए एक नासूर बना हुआ है। पहलगाम हमले के जवाब में भारत की सेना ने अदम्य साहस और पुरुषार्थ का परिचय देते हुए पाकिस्तान में घुसकर बहावलपुर और मुरीदके जैसी जगहों पर मौजूद बड़े आतंकी कैंप्स को ध्वस्त किया और सैकड़ों आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया। भारत सरकार के इस मजबूत इरादे और सेना की बहादुरी को पूरी दुनिया ने देखा। यह अपने आप में एक बदलते हुए नए भारत की तस्वीर है, लेकिन समस्या यह है कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता कायम नहीं हो पा रही है। प्रधानमंत्री मोदी अनेक वैश्विक मंचों से आतंकवाद के खिलाफ स्पष्ट मत प्रकट करते रहते हैं। वे आतंकवाद के खिलाफ 'जीरो टालरेंस' की नीति की वकालत करते हैं।

हाल ही में किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित 'शंघाई सहयोग संगठन' के सम्मेलन में सदस्य देशों ने आतंकवाद पर दोहरे रवैये के खिलाफ आवाज उठाई। 'बिश्केक डिक्लेरेशन' के नाम से दिए गए साझा बयान में कहा गया है कि सदस्य राष्ट्र आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई और इसके खात्मे के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हैं। इस घोषणा में अपने निहित स्वार्थों के लिए आतंकवाद और उग्रवाद की अस्वीकार्यता पर भी चिंता व्यक्त की गई। देखना है कि ऐसी ही चिंता ब्रिक्स सम्मेलन में भी व्यक्त की जाती है या नहीं? वैसे, केवल चिंता जताना ही पर्याप्त नहीं। आतंक के खिलाफ कोरी बातें ही उसे ताकत प्रदान कर रही हैं। आज सबसे आवश्यक यह है कि आतंकवाद को संयुक्त राष्ट्र की ओर से परिभाषित किया जाए और आतंक के पोषक देशों को दंडित किया जाए।

(लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

## प्रेम और अधिकार

प्रेम के साथ अधिकार के भाव को अंतर्निहित मान लिया जाता है। समग्रता में भी देखा जाए तो प्रेम और अधिकार का संबंध अत्यंत सूक्ष्म है। सामान्यतः हम अधिकार को मांगने, जताने या प्राप्त करने की वस्तु समझते हैं, किंतु सच्चे प्रेम में अधिकार मांगना नहीं पड़ता। वह प्रेम के साथ ही स्वतः जन्म लेता है। जहां प्रेम है, वहां अपनत्व है और जहां अपनत्व है, वहां अधिकार किसी बाहरी घोषणा का विषय नहीं रह जाता। सच्चा प्रेम प्रिय पर अधिकार जमाने का नाम नहीं, बल्कि स्वयं को प्रिय में विसर्जित कर देने की अवस्था है। वहां 'मैं' और 'तुम' के बीच की दूरी धीरे-धीरे स्वतः मिटने लगती है। प्रिय और प्रेम में कोई भिन्नता नहीं रह जाती। वस्तुतः यह अभेद और आत्म विस्मृति की अवस्था है। प्रेम करने वाला प्रिय को केवल चाहता नहीं, अपितु उसके सुख-दुख को अपना सुख-दुख अनुभव करने लगता है। इसलिए वहां अधिकार मांगना भी एक प्रकार की दूरी का संकेत है।

भक्ति में इस प्रेम का सर्वोच्च रूप दिखाई देता है। भक्त जब भगवान को अपना मानता है और अंततः स्वयं को भगवान में समर्पित कर देता है, तब भक्त और भगवान के बीच का भेद भी क्षीण होने लगता है। मीरा का कृष्ण के प्रति प्रेम इसी आत्म-विस्मृति का उदाहरण है। वहां भगवान केवल पूज्य नहीं, प्रियतम है और भक्त केवल याचक नहीं, प्रेम में पूर्णतः समर्पित है। वास्तव में सच्चे प्रेम की राह में सबसे बड़ी बाधा द्वैत है। जब तक दो का बोध है, तब तक पाने, खोने और अधिकार जताने की भावना बनी रहती है। अद्वैत की अनुभूति में प्रेम अपने चरम पर पहुंचता है, क्योंकि वहां प्रेम करने वाला और प्रिय दोनों एक हो जाते हैं। तब अधिकार मांगा नहीं जाता, प्रेम स्वयं ही अधिकार बन जाता है। प्रेम के ऐसे ही प्रवाह से जीवन समृद्ध होता है।

डा. प्रशांत अग्निहोत्री

# ब्रह्मांड के त्वरित विस्तार पर प्रश्नचिह्न

प्रदीप

> व्यापक आंकड़ों से विज्ञानी यह जांच सकेंगे कि ब्रह्मांड का विस्तार किस गति से हो रहा हैं

क्या हमारा ब्रह्मांड वास्तव में त्वरित गति से फैल रहा है या हमारी वर्तमान वैज्ञानिक समझ अभी अधूरी है? आधुनिक ब्रह्मांड विज्ञान में यह प्रश्न एक बार फिर चर्चा के केंद्र में है। दो दशक से अधिक समय से विज्ञानियों का मानना रहा है कि ब्रह्मांड केवल फैल नहीं रहा, बल्कि उसके विस्तार की गति लगातार बढ़ रही है। इस तथाकथित त्वरित विस्तार को समझाने के लिए 'डार्क एनर्जी' नामक एक रहस्यमय घटक की अवधारणा विकसित हुई। लेकिन अब 'मंथली नोटिसेज आफ रायल एस्ट्रोनामिकल सोसाइटी' में प्रकाशित एक नए अध्ययन ने इस स्थापित धारणा पर महत्वपूर्ण प्रश्न खड़े किए हैं।

आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के भौतिक विज्ञानी प्रो. सुबीर सरकार तथा टाटा इंस्टीट्यूट आफ फंडामेंटल रिसर्च के अनिमेष साह ने 1,700 से अधिक 'टाइप वन-ए' सुपरनोवा वाले पैंथियन प्लस डाटासेट का दोबारा विश्लेषण किया। टाइप वन-ए सुपरनोवा को ब्रह्मांडीय दूरी मापने के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है। नए अध्ययन का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि शोधकर्ताओं ने सुपरनोवा की चमक पर उनके मूल तारकीय तंत्र की आयु के प्रभाव को भी ध्यान में रखा। उनका तर्क है कि अपेक्षाकृत युवा तारकीय प्रणालियों से उत्पन्न सुपरनोवा व्यवस्थित रूप से कुछ अधिक मंद दिखाई दे सकते हैं। यदि अलग उम्र के सुपरनोवा को पूरी तरह समान मानकर उनकी दूरी निकाली जाए, तो वे वास्तविक से अधिक दूर दिखाई दे सकते हैं। यही प्रभाव ब्रह्मांड के त्वरित विस्तार का भ्रम पैदा कर सकता है।

शोधकर्ताओं ने एक और महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया : यदि डार्क एनर्जी पूरे ब्रह्मांड में समान रूप से कार्य करती है, तो त्वरित विस्तार हर दिशा में लगभग समान दिखाई देना चाहिए। लेकिन उनके विश्लेषण में कथित त्वरण का प्रभाव दिशात्मक दिखाई देता है और लगभग उस दिशा से जुड़ा है जिस दिशा में हमारी आकाशगंगा स्थानीय स्तर पर गति कर रही है। दूरी बढ़ने के साथ यह प्रभाव कमजोर भी होता दिखाई देता है। यदि यह व्याख्या भविष्य के अधिक सटीक अवलोकनों से पुष्ट होती है, तो इसका अर्थ अत्यंत महत्वपूर्ण होगा। ब्रह्मांड का विस्तार जारी रह सकता है, लेकिन वह धीमा भी हो सकता है। ऐसे में डार्क एनर्जी की आवश्यकता पर गंभीर पुनर्विचार करना पड़ेगा और आधुनिक ब्रह्मांड विज्ञान के मानक माडल में बड़े बदलाव संभव होंगे।

हालांकि, इसे वैज्ञानिक सहमति का अंत मानना जल्दबाजी होगी। वर्तमान स्थिति 'डार्क एनर्जी की संकल्पना गलत है' जैसी निश्चित घोषणा नहीं, एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक बहस है। इसका निर्णायक उत्तर भविष्य के बड़े सर्वेक्षणों से मिल सकता है। विशाल डाटासेट से विज्ञानी यह जांच सकेंगे कि ब्रह्मांड का विस्तार वास्तव में त्वरित है, धीमा हो रहा है या वर्तमान निष्कर्ष स्थानीय और पर्यवेक्षण-संबंधी प्रभावों से प्रभावित हैं।

(लेखक विज्ञान संचारक हैं)

## मेलबाक्स

### भविष्य की चुनौतियों का रहे ध्यान

'नई पीढ़ी को सक्षम बनाने की चुनौती' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में जीएन वाजपेयी ने युवाओं के लिए रोजगारपरक शिक्षा व्यवस्था पर बल दिया है। युवा किसी भी देश की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। उनके भीतर ऊर्जा, उत्साह, प्रतिभा और बदलाव लाने का साहस होता है। यही कारण है कि किसी भी राष्ट्र के भविष्य का निर्माण उसकी युवा पीढ़ी की दिशा और दशा पर निर्भर करता है। आज बढ़ती बेरोजगारी, प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता और प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाएं युवाओं के सामने गंभीर चुनौती बनकर खड़ी हैं। ऐसी परिस्थितियां उनके भविष्य के साथ-साथ व्यवस्था के प्रति उनके विश्वास को भी प्रभावित करती हैं। युवाओं में बढ़ती बेचैनी को केवल विरोध-प्रदर्शन के रूप में देखने के बजाय उसके पीछे छिपे कारणों को समझने की आवश्यकता है। एक युवा वर्षों तक मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करता है। यदि परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक हो जाए या परीक्षा प्रक्रिया में गड़बड़ी सामने आए, तो उसे गहरा आघात पहुंचता है। इसलिए परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बनाना प्राथमिकता होनी चाहिए। युवाओं को कौशल, उद्यमिता, तकनीक और नए रोजगार क्षेत्रों से जोड़ना भी जरूरी है। बाजार की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण देकर युवाओं को रोजगार योग्य बनाया जाना चाहिए। स्वरोजगार के लिए आसान वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की भी जरूरत है। युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना बड़ी आवश्यकता है।

himanshushekhar.mca@gmail.com

### स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2026 में 130 शहरों की रैंकिंग जारी की गई है। इसमें लखनऊ ने पहला और इंदौर ने दूसरा स्थान हासिल किया। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि देश के किसी भी बड़े महानगर ने वर्ष 2025-26 में पीएम 10 के स्वीकार्य राष्ट्रीय मानक को हासिल नहीं किया। प्रदूषण को लेकर हमेशा चर्चा में रहने वाली दिल्ली ने पिछले वर्ष की तुलना में 14.7 अंकों का सुधार करते हुए 21वां स्थान हासिल किया है। हालांकि, इस रैंकिंग के साथ प्रदूषण से निपटने के सरकारी दावों और जमीनी हालात के बीच गंभीर सवाल भी खड़े होते हैं। महानगरों में गुणवत्तापूर्ण हवा उपलब्ध कराना आज एक बड़ी चुनौती बन चुका है। साफ हवा में सांस लेना प्रत्येक नागरिक का अधिकार है और यह जीवन जीने के अधिकार से भी जुड़ा हुआ है। प्रदूषण के मुद्दे पर दिल्ली उच्च न्यायालय से लेकर उच्चतम न्यायालय तक दिल्ली सरकार को कई बार फटकार लग चुकी है। सड़क की नियमित सफाई, निर्माण स्थलों की धूल पर नियंत्रण, कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण, हरित क्षेत्र बढ़ाना, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना और यातायात प्रबंधन जैसे उपायों पर लगातार चर्चा होती है, लेकिन इनका प्रभाव जमीन पर अपेक्षित स्तर पर नजर नहीं आता। पिछले कई वर्षों में देखा गया है कि दिल्ली-एनसीआर समेत देश के कई महानगरों में त्योहारों और सर्दियों के दौरान प्रदूषण का स्तर बेहद खराब हो जाता है। ऐसी स्थिति में बुजुर्गों, बच्चों और सांस संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को सबसे अधिक परेशानी होती है। बच्चों के भविष्य को लेकर चिंता और भी गंभीर है। सरकारों को घोषणाओं और रैंकिंग से आगे बढ़कर प्रदूषण के वास्तविक स्रोतों की पहचान कर स्थायी समाधान लागू करने चाहिए। साथ ही नागरिकों को भी कूड़ा न जलाने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने, पेड़-पौधों की रक्षा करने और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार करने की जरूरत है। स्वच्छ हवा किसी एक सरकार या राजनीतिक दल का मुद्दा नहीं, बल्कि हर नागरिक के जीवन और भविष्य से जुड़ा प्रश्न है। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। दिल्ली सहित सभी महानगरों को विकास के साथ स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में गंभीरता से काम करना होगा।

महेश कुमार, सिद्धमुख, राजस्थान

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें:**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल: response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन, नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त, प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**13,516** मामले रिपोर्ट किए गए वर्ष 2024-25 में बैंकों द्वारा कार्ड और इंटरनेट से संबंधित धोखाधड़ी से जुड़े, जिनमें तहत लगभग 520 करोड़ रुपये के लेनदेन शामिल थे, भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार।

आजकल

# इंटरनेट मीडिया मंच से भरोसे में सेंधमारी


आलोक वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

**साइबर अपराध के प्रति लोगों में बढ़ती जागरूकता के बीच ठग नए-नए तरीके अपनाते रहते हैं। आजकल इंटरनेट मीडिया मंचों के माध्यम से संवाद और यहां तक कि रकम भेजे जाने के आदेश या अनुरोध भी सामान्य होते जा रहे हैं। ऐसे में साइबर अपराधी लोगों के फोन में संबंधित लोगों से हुए संवाद को समझते हुए उसकी नकल करते हैं और रकम भेजने का आदेश या अनुरोध भी करते हैं। वाट्सएप आदि के माध्यम से आए इस तरह के संदेश की व्यापक जांच किए बिना कई बार यूजर्स रकम भेज भी देते हैं जिसमें ठगी की आशंका बनी रहती है**


प्रतीकात्मक

साइबर अपराध में कोई अनजान व्यक्ति कभी बैंक अधिकारी बनकर फोन करता था, कभी लाटरी का लालच देता था और कभी किसी सरकारी कार्रवाई का भय दिखाकर गोपनीय जानकारी मांगता था। उसकी सफलता इस बात पर निर्भर थी कि सामने वाला व्यक्ति उसके झूठ को सच मानता है या नहीं। लेकिन तस्वीर बदल रही है। अपराधी को भरोसा पैदा करने की जरूरत नहीं पड़ रही, क्योंकि वह उस भरोसे को ही चुरा रहा है जो दो लोगों के बीच पहले से मौजूद है।

दरअसल वाट्सएप की पुरानी बातचीत की नकल या उस तक अवैध पहुंच, इसी बदले हुए अपराध का संकेत है। इसमें ठग किसी अजनबी की तरह दरवाजा नहीं खटखटाता। वह परिचित व्यक्ति की तस्वीर, नाम, भाषा और पहले से चल रही बातचीत के भीतर प्रवेश करता है। यही कारण है कि इस अपराध को सामान्य संदेश ठगी मानना भूल होगी। यह हमारे डिजिटल संबंधों पर हमला है।

ऐसे में सवाल यह है कि यदि नाम सही हो, तस्वीर सही हो और पिछली बातचीत भी सही दिखाई दे तो कोई व्यक्ति पहचान की पुष्टि किस प्रकार करे? अब तक सामान्य उपयोगकर्ता को बताया जाता रहा है कि अनजान नंबर से सावधान रहें। मगर खतरा जब परिचित बातचीत के भीतर से आए तो यह सलाह अधूरी हो जाती है।

चूंकि वाट्सएप में बातचीत की नकल का कोई आधिकारिक विकल्प नहीं है। अपराधी कई रास्तों से ऐसा भ्रम पैदा करते हैं। वे किसी का नाम और तस्वीर लगाकर नकली खाता बना सकते हैं। वाट्सएप को अपने नियंत्रण में ले सकते हैं या नुकसान पहुंचाने वाले किसी फाइल के जरिये उपकरण में सेंध लगा सकते हैं। यदि उन्हें पुरानी बातचीत मिल जाए तो वे उसमें उपयोग होने वाली भाषा, भुगतान की आदत और दोनों पक्षों के संबंध को समझ लेते हैं। इसके बाद भेजा गया झूठा निर्देश संदेह पैदा नहीं करता। यहीं आधुनिक साइबर अपराध और पुरानी ठगी के बीच बड़ा अंतर दिखाई देता है। पहले अपराधी पीड़ित की कमजोरी खोजता था। अब उसके व्यवहार का अध्ययन करता है। पहले लालच या डर प्रमुख हथियार था। अब परिचय और विश्वसनीयता उसके औजार हैं। पहले गोपनीय अंक चुराता था। अब संवाद का संदर्भ चुरा रहा है।

**मिले निर्देश की पुष्टि :** भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र ने बैंक खाते का विवरण, भारतीय रिजर्व बैंक या कारपोरेट मामलों के मंत्रालय की सूचना बताकर भेजी जा रही फाइलों से सतर्क किया है। ऐसी फाइलों के भीतर छिपा हानिकारक प्रोग्राम कंप्यूटर पर खुले वाट्सएप को निशाना बना सकता है। सेबी ने भी कंपनियों को इस खतरे के बारे में आगाह किया है।

इन चेतावनियों के बावजूद हमारे संस्थागत व्यवहार में बड़ा बदलाव दिखाई नहीं देता। अनेक छोटे और मध्यम कारोबारों में लाखों रुपये के भुगतान का आदेश वाट्सएप पर दिया और स्वीकार किया जाता है। खाते का विवरण भी वहीं भेजा जाता है और भुगतान की रसीद भी उसी बातचीत में साझा कर दी जाती है। सुविधा ने प्रक्रिया की जगह ले ली है। यही सुविधा अब अपराधियों के लिए सबसे आसान रास्ता बन रही है। हर साइबर अपराध के बाद जिम्मेदारी यूजर्स पर डाल देना भी उचित नहीं है। उससे कहा जाता है कि वह सतर्क रहे, गोपनीय अंक न बताए और संदिग्ध फाइल न खोले। यह सलाह जरूरी है, लेकिन पर्याप्त नहीं। संदेश मंच चलाने वाली कंपनियों, बैंकों, कारोबारी संस्थानों और सरकार की भी बराबर जिम्मेदारी है।

संदेश मंचों को ऐसे असामान्य व्यवहार की पहचान करनी होगी जिसमें कोई खाता अचानक बड़ी संख्या में नए भुगतान निर्देश भेजने लगे। बैंकों को नए लाभार्थी के खाते में असामान्य रूप से बड़ी रकम पहुंचने और कुछ मिनटों के भीतर कई खातों में बंटने पर तत्काल रोक लगाने की व्यवस्था सुधारनी होगी। कंपनियों को यह स्वीकार करना होगा कि वाट्सएप बातचीत भुगतान की औपचारिक मंजूरी नहीं हो सकती। एक तय सीमा से अधिक रकम भेजने के लिए दो व्यक्तियों की स्वीकृति आवश्यक होनी चाहिए। नया बैंक खाता जोड़ने पर लाभार्थी की स्वतंत्र पुष्टि की जानी चाहिए। वरिष्ठ अधिकारी का संदेश आने के बाद कर्मचारी उसी बातचीत में जवाब देकर संतुष्ट न हो। उसे पहले से दर्ज नंबर पर फोन करके निर्देश की पुष्टि करनी चाहिए। कुछ मिनट की देरी कारोबार को उतना नुकसान नहीं पहुंचाएगी, जितना बिना जांच भेजी गई रकम पहुंचा सकती है।

सामान्य यूजर्स के लिए भी भरोसे की परिभाषा बदलने का समय आ गया है। परिचित तस्वीर पहचान का प्रमाण नहीं है। पुराना संदेश सुरक्षित बातचीत की गारंटी नहीं है। उसी खाते से आया नया निर्देश भी अंतिम सत्य नहीं है। खाते से जुड़े उपकरणों की नियमित जांच, दो चरणों वाली सुरक्षा और अनजान फाइलों से दूरी अब सामान्य डिजिटल व्यवहार का हिस्सा बननी चाहिए। बैंक, साइबर अपराध सहायता नंबर 1930 और राष्ट्रीय साइबर अपराध शिकायत पोर्टल को तत्काल सूचना मिलने पर रकम रोकी जा सकती है। अधिक देर होने पर धन कई खातों में बंटकर ऐसे रास्तों पर चला जाता है जहां से उसकी वापसी बहुत कठिन हो जाती है।

ऐसे में पुरानी बातचीत की नकल का खतरा हमें समझा रहा है कि डिजिटल युग में विश्वास और पहचान अलग-अलग चीजें हो चुकी हैं। हम किसी व्यक्ति पर भरोसा कर सकते हैं, उसके नाम से आए प्रत्येक संदेश पर नहीं।

## डिजिटल अर्थव्यवस्था में धोखाधड़ी पर नियंत्रण


शंभु सुमन
तकनीकी मामलों के जानकार

भारत आज बहुत तेजी से डिजिटल अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। लेकिन उसी तेजी से डिजिटल सुरक्षा का प्रश्न भी महत्वपूर्ण होता जा रहा है। यूपीआइ, इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल भुगतान ने लेनदेन को आसान, तेज और लगभग सर्वसुलभ बना दिया है। लेकिन सवाल यह है कि जिस तकनीक ने वित्तीय सेवाओं को लोकतांत्रिक बनाया है, क्या वही तकनीक नागरिकों को डिजिटल धोखाधड़ी से पर्याप्त सुरक्षा भी दे पा रही है? भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, 2024-25 में बैंकों द्वारा कार्ड और इंटरनेट से संबंधित धोखाधड़ी के 13,516 मामले रिपोर्ट किए गए, जिनमें लगभग 520 करोड़ रुपये शामिल थे। दूसरी ओर, डिजिटल भुगतान का पैमाना लगातार बढ़ रहा है। दरअसल डिजिटल धोखाधड़ी को अक्सर तकनीकी अपराध मान लिया जाता है, लेकिन इसके पीछे केवल तकनीकी खामियां नहीं होतीं। कई मामलों में अपराधी तकनीक से अधिक मानवीय मनोविज्ञान का इस्तेमाल करते हैं। डर, लालच, जल्दबाजी और विश्वास का फायदा उठाकर लोगों से ओटीपी, यूपीआइ पिन या बैंक संबंधी जानकारी हासिल की जाती है। यही कारण है कि डिजिटल धोखाधड़ी के विरुद्ध लड़ाई को केवल साइबर सुरक्षा साफ्टवेयर लगाने तक सीमित नहीं किया जा सकता। एआइ, मशीन लर्निंग और डाटा एनालिटिक्स की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। बैंक बड़ी संख्या में होने वाले लेनदेन का विश्लेषण कर यह पता लगा सकते हैं कि कौन-सा व्यवहार सामान्य है और कौन-सा संदिग्ध। यदि किसी खाते में अचानक असामान्य राशि का लेनदेन हो, बार-बार असफल लागइन हों या किसी नए उपकरण से संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो एआइ आधारित प्रणाली तत्काल अलर्ट जारी कर सकती है। भविष्य में ऐसी प्रणालियां धोखाधड़ी होने के बाद कार्रवाई करने के बजाय धोखाधड़ी होने से पहले उसके संकेत पहचानने में अधिक सक्षम हो सकती हैं। लेकिन यहां एक दूसरा विमर्श भी आवश्यक है। एआइ जितना शक्तिशाली होगा, अपराधी भी उतनी ही उन्नत तकनीक का इस्तेमाल करेंगे।

डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के साथ एक महत्वपूर्ण प्रश्न गोपनीयता और व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा का भी है। हर लेन-देन पर अत्यधिक निगरानी नागरिकों की निजता को प्रभावित कर सकती है। इसलिए साइबर सुरक्षा और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संतुलन आवश्यक है। तकनीक का उद्देश्य नागरिकों की हर गतिविधि पर निगरानी रखना नहीं, बल्कि संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करते हुए न्यूनतम आवश्यक डाटा का सुरक्षित उपयोग करना होना चाहिए। पारदर्शी नियम, मजबूत डाटा सुरक्षा और स्वतंत्र निगरानी इस संतुलन को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं। डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए पांच स्तरों पर एक साथ काम करना होगा- एआइ आधारित धोखाधड़ी पहचान, मजबूत प्रमाणीकरण, त्वरित शिकायत एवं कार्रवाई, संस्थाओं के बीच डाटा-साझाकरण व डिजिटल साक्षरता।

डिजिटल भारत की सफलता का पैमाना केवल यह नहीं होना चाहिए कि कितने करोड़ डिजिटल लेनदेन हुए। असली सफलता तब होगी, जब नागरिक बिना भय के डिजिटल सेवाओं का उपयोग कर सकें और धोखाधड़ी होने की स्थिति में उन्हें त्वरित और प्रभावी सहायता मिले। अतः तकनीक को समस्या का कारण मानने के बजाय समाधान का महत्वपूर्ण माध्यम बनाना होगा। लेकिन मानवीय जागरूकता, संस्थागत जवाबदेही और नागरिकों की निजता की रक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। डिजिटल अर्थव्यवस्था का भविष्य केवल 'कैशलेस' नहीं, 'सुरक्षित डिजिटल लेनदेन' होना चाहिए।

खरी-खरी

## सार्वजनिक मंचों पर सवालों की झड़ी

निर्मल गुप्त

आज का भारत एक चलता-फिरता स्टार्टअप पिच बन गया है। हर कोई निवेश मांग रहा है। कोई वोट का, कोई व्यू का, कोई फालो का। प्रोडक्ट किसी के पास नहीं है, अलबत्ता नयनाभिराम प्रेजेंटेशन सब पेनड्राइव में साथ लिए हैं।

राजनीति अब सेवा नहीं, विशुद्ध बिजनेस है। पहले एक बार वोट दो, पांच साल झेलो। अब हर दिन खुद को बचाने का जुगाड़ करना पड़ता है। सुबह एक नेता इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट करेगा कि देखो मैंने क्या किया। दूसरा उसी पर कहेगा कि ये झूठ है, देखो मैंने क्या किया था। नेताओं में अनवरत तू-तू मैं-मैं का फ्रेंडली मैच चलता है।

विपक्ष का काम अब सिर्फ विरोध करना नहीं, इंतजार करना भी है। इंतजार कि सत्ताधारी कब फिसले। सत्ता का काम भी शासन करना नहीं, इंतजार करना ही है कि विपक्ष कब कुछ ऐसा बोले जिसे देशद्रोह बताया जा सके।

इन सबके बीच इंटरनेट मीडिया ने हमें लोकतांत्रिक तो नहीं, पर जज बना दिया है। सुबह हम सुप्रीम कोर्ट हैं, दोपहर में चुनाव आयोग, शाम को सेना के जनरल। हमें सब आता है। तीस सेकंड की रील देख कर हम अर्थव्यवस्था समझा सकते हैं, दो पोस्ट पढ़ कर विदेश नीति।

इधर नेता कहता है- सब फ्री देंगे। जनता कहती है कि अहा! कोई नहीं पूछता कि फ्री का पैसा आएगा कहां से। आएगा तो जनता की जेब से, पर वह अंदर की बात है। अभी तो फ्री है। फ्री बिजली, फ्री पानी, फ्री बस, फ्री राशन, फ्री लैपटाप, फ्री स्कूटी।

फिर फ्री में महंगा क्या हुआ? यह सवाल ही अब सबसे ज्यादा महंगा है। सवाल पूछो तो जवाब नहीं, पुलिस की कार्रवाई की भी आशंका बनी रहती है। सत्ता से पूछो तो विपक्ष का दलाल, विपक्ष से पूछो तो सत्ता का दलाल। इसलिए अब कोई भला आदमी सवाल नहीं पूछता। सब व्यंग्य लिखते हैं। व्यंग्य सुरक्षित है। सच भी बोल दो और पकड़े जाओ तो कह दो कि अरे, सटायर था। कुछ उसी तरह, जैसे पुराने दिनों में होली के पर्व पर किसी का भी मुंह काला करके कह दो कि बुरा न मानो होली है। लोग वाकई मान भी जाते थे।

पोस्ट

बसपा प्रमुख मायावती जिस तरह अपने भतीजे आकाश आनंद को बार-बार जमीन पर पटक रही हैं, उसके बाद आकाश को अपना नाम बदल लेना चाहिए।
कुमार अंशुमन@anshumanscribe

आकाश आनंद प्रकरण से यही लगता है मायावती अब जीवन भर पारिवारिक विवाद ही सुलझाती रहेंगीं।
सुशांत झा@jhasushant

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि अगर अमेरिकी संसद यानी कांग्रेस पर उनकी पार्टी की पकड़ मजबूत बनी रहती है तो वे हर मतदाता के खाते में पांच हजार डालर जमा कराएंगे। सीधे कैश ट्रांसफर की यह घोषणा लाड़ली बहिना योजना से प्रभावित तो नहीं?
अखिलेश शर्मा@akhileshsharma1


अच्छा है कि प्रधानमंत्री जी को भी 'छात्रों की गूंज' जैसा कार्यक्रम करने की जरूरत महसूस हुई। सभी दलों के नेताओं को ऐसे कार्यक्रम करने चाहिए, ताकि शिक्षा और बेरोजगारी पर देश में चर्चा हो। इसमें संवाद एकतरफा न हो। छात्रों को ज्यादा बोलने का मौका मिले तो यह विमर्श और बेहतर होगा।
आशुतोष@ashutosh83B

झारखंड डायरी

# परिसीमन की आहट से राजनीतिक खींचतान


प्रदीप सिंह
संपादकीय प्रभारी, जमशेदपुर


रांची में 30 अगस्त को आयोजित कांग्रेस का आदिवासी महाजुटान। फाइल

झारखंड में परिसीमन अभी संवैधानिक प्रक्रिया के स्तर पर भविष्य का विषय है, लेकिन इसकी राजनीतिक हलचल अभी से ही शुरू हो गई है। वजह साफ है कि राज्य की राजनीति का बड़ा हिस्सा आदिवासी प्रतिनिधित्व और आरक्षित विधानसभा सीटों के इर्द-गिर्द घूमता है। ऐसे में निर्वाचन क्षेत्रों के संभावित पुनर्गठन ने राजनीतिक दलों को आने वाले वर्षों का हिसाब लगाने पर मजबूर कर दिया है। झारखंड की मौजूदा विधानसभा में 81 में से 28 सीटें और लोकसभा की 14 सीटों में पांच सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। इसलिए परिसीमन की चर्चा यहां महज सीटों की सीमाएं बदलने का सवाल नहीं है। यह सीधे-सीधे कौन से इलाके राजनीतिक रूप से सुरक्षित रहेंगे, किन क्षेत्रों में नए सामाजिक समीकरण बनेंगे और आदिवासी राजनीति का नेतृत्व किसके हाथ में रहेगा, इससे जुड़ गया है। यही वजह है कि सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने परिसीमन को लेकर अपनी रणनीति पर चर्चा शुरू कर दी है और कांग्रेस ने भी हाल ही में रांची के मोरहाबादी मैदान में आदिवासी महाजुटान के जरिये इस मुद्दे को राजनीतिक रूप से आगे बढ़ाया है।

झामुमो की राजनीति की सबसे मजबूत जमीन आदिवासी क्षेत्र रहे हैं। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पार्टी ने आदिवासी अस्मिता, जल-जंगल-जमीन और झारखंडी पहचान को अपनी राजनीतिक राजनीति का केंद्रीय आधार बनाया है। इसलिए परिसीमन के बाद यदि आदिवासी बहुल क्षेत्रों की सीमाओं में बड़ा बदलाव आता है तो उसका सीधा असर झामुमो के राजनीतिक नेटवर्क पर पड़ सकता है। लेकिन यहां एक दूसरा पहलू भी है। परिसीमन के नाम पर आदिवासी प्रतिनिधित्व कम होने की आशंका को राजनीतिक मुद्दा बनाने का सबसे स्वाभाविक अधिकार झामुमो के पास दिखाई देता है। यदि पार्टी इस मुद्दे पर व्यापक लामबंदी करती है तो वह अपनी मूल राजनीतिक जमीन को और मजबूत कर सकती है। परंतु यही मुद्दा कांग्रेस के लिए भी अवसर पैदा कर रहा है। आदिवासी महाजुटान इसी कारण महत्वपूर्ण है। इसे सिर्फ परिसीमन विरोधी कार्यक्रम मानना पर्याप्त नहीं होगा।

झारखंड में कांग्रेस और झामुमो सत्ता गठबंधन के सहयोगी हैं, लेकिन दोनों के बीच राजनीतिक प्रतिस्पर्धा भी है। कांग्रेस लंबे समय से राज्य के आदिवासी क्षेत्रों में अपने पुराने प्रभाव को पुनर्जीवित करने की कोशिश कर रही है। ऐसे में परिसीमन कांग्रेस को एक ऐसा मुद्दा देता है, जिस पर वह झामुमो की राजनीतिक जमीन में प्रवेश कर सकती है। रैली के जरिये कांग्रेस ने दो संदेश देने की कोशिश की है। पहला आदिवासी प्रतिनिधित्व का प्रश्न केवल झामुमो का विषय नहीं है। और दूसरा परिसीमन के संभावित प्रभाव पर कांग्रेस राज्य के आदिवासी समाज के बीच स्वतंत्र राजनीतिक आवाज बन सकती है। यह स्थिति आने वाले दिनों में गठबंधन के भीतर नई खींचतान पैदा कर सकती है। यहां असली लड़ाई सीटों की नहीं, राजनीतिक नेतृत्व की है और यही झारखंड की राजनीति का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है।

यदि परिसीमन के बाद आदिवासी सुरक्षित सीटों की संख्या या सीमाओं में बड़ा बदलाव होता है तो राजनीतिक दलों को नए सामाजिक समीकरणों के हिसाब से उम्मीदवार और संगठन तैयार करने होंगे। लेकिन उससे पहले ही कौन आदिवासी हितों का सबसे बड़ा राजनीतिक प्रतिनिधि है, इस सवाल पर प्रतिस्पर्धा शुरू हो सकती है। झामुमो के पास सरकार और संगठन की ताकत है। कांग्रेस के पास राष्ट्रीय पार्टी का नेटवर्क और केंद्र की परिसीमन बहस को राज्य के मुद्दे से जोड़ने की तैयारी है। इधर भाजपा के पास आदिवासी क्षेत्रों में अपना विस्तार करने की दीर्घकालिक रणनीति है। इस त्रिकोण में परिसीमन एक ऐसा मुद्दा बन सकता है, जो तीनों दलों की रणनीति को प्रभावित करेगा।

कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि वह झारखंड में स्वयं को झामुमो की पालकी ढोने वाली सहयोगी पार्टी के रूप में होने वाली पहचान से आगे बढ़ सके। यदि कांग्रेस आदिवासी संगठनों और नेताओं को अपने मंच पर बड़ी संख्या में जुटाने में सफल होती है तो झामुमो के सामने यह सवाल खड़ा होगा कि क्या उसकी पारंपरिक राजनीतिक जमीन पर कोई दूसरा दल समान दावेदारी कर रहा है? लेकिन झामुमो के पास इसका राजनीतिक जवाब भी है। वह परिसीमन को केंद्र की नीति से जोड़ते हुए इसे झारखंड के अधिकार और आदिवासी प्रतिनिधित्व के सवाल के रूप में उठा सकता है। यानी आने वाले समय में दोनों सहयोगी दलों की रणनीति का अंतर महत्वपूर्ण होगा। कांग्रेस मुद्दे पर सामाजिक लामबंदी चाहती है, जबकि झामुमो इसे राज्य की राजनीतिक अस्मिता से जोड़ सकता है।

जागरण जनमत — कल का परिणाम

**क्या 'हनुमान अंश' फिल्म की सफलता फिल्म जगत के दृष्टिकोण में बदलाव ला सकती है?**



सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या आकाश आनंद को लेकर मायवाती का रवैया बसपा को कमजोर कर रहा है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

जनपथ

करते फारुख अरु उमर राष्ट्रगीत का गान,
किंतु कांग्रेस के लिए बोझ राष्ट्र सम्मान।
बोझ राष्ट्र सम्मान ढूंढकर लाख बहाने,
तुष्टिकरण अपनाय चले हैं वोट बनाने!
मजहब की तौहीन से अगर ये सब डरते,
राष्ट्रगीत का गान भला फारुख क्यों करते!!
-ओम प्रकाश तिवारी

मंथन

# ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन


रीना एन सिंह
अधिवक्ता, उच्चतम न्यायालय

**आज प्रत्येक व्यक्ति के लिए रोजगार जरूरी हो गया है। परंतु सभी के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन आसान नहीं है। ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर तलाशे जाने चाहिए**


प्रतीकात्मक

देश में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के बीच बेरोजगारी की दर घटकर 5.5 प्रतिशत रह गई है, जो एक साल पहले 5.6 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी सर्वेक्षण आंकड़ों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बेरोजगारी की दर में कुछ कमी आई है। हालांकि रोजगार की चुनौती से निपटने के लिए अलग-अलग राज्य सरकारें अपने हिसाब से जुटी हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश के गांवों में एक बड़ा आर्थिक बदलाव आकार ले रहा है। फर्क इतना है कि इस बदलाव की तस्वीर किसी बड़े औद्योगिक परिसर में नहीं, बल्कि उन गांवों में दिखाई दे रही है जहां महिलाएं पशुपालन, दूध उत्पादन व उसके कारोबार के माध्यम से अपनी आर्थिक पहचान गढ़ रही हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी महिला समूहों की पांच दूध उत्पादक कंपनियों का लगभग 5,716 करोड़ रुपये का कारोबार इसका बड़ा उदाहरण है। वर्ष 2019 से अब तक इन कंपनियों से 3.88 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ चुकी हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि महिला कारोबारियों का नेटवर्क साढ़े छह हजार से अधिक गांवों तक पहुंच गया है। जब महिला समूह दूध उत्पादन को संगठित कारोबार से जोड़ते हैं, तो वह महिला दूध के उत्पादन, संग्रहण, बिक्री, प्रबंधन और बाजार की पूरी प्रक्रिया का हिस्सा बनती है। यही वह बिंदु है, जहां महिला सशक्तीकरण नारे से निकलकर आर्थिक व्यवहार में दिखाई देता है। 12.5 लाख लीटर दूध प्रतिदिन संग्रह किए जाने का आंकड़ा बहुत कुछ कहता है।

देखा जाए तो उत्तर प्रदेश के सामने रोजगार और ग्रामीण पलायन की बड़ी समस्या है। ऐसे में यदि गांव में ही महिलाओं के लिए स्थायी आय का स्रोत तैयार होता है तो उसका असर परिवार से कहीं आगे जाता है। दूध उत्पादन से पशुपालन बढ़ता है। पशुपालन से चारे, परिवहन, संग्रहण और प्रसंस्करण जैसी गतिविधियां जुड़ती हैं। इन गतिविधियों से स्थानीय स्तर पर छोटे कारोबार और रोजगार पैदा होते हैं। इसलिए यह ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थानीय स्तर पर गतिशील बनाने का माडल भी है। उत्तर प्रदेश की पांच दूध उत्पादक कंपनियां इसी दिशा में महत्वपूर्ण प्रयोग हैं। इन कंपनियों की सफलता बताती है कि यदि संगठन और बाजार का सही ढांचा मिले तो ग्रामीण महिलाएं बड़े पैमाने पर आर्थिक गतिविधि संचालित कर सकती हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश' के विजन को धरातल पर उतारते हुए प्रदेश की बेटियां भी उद्यमिता के क्षेत्र में अपनी नई पहचान बना रही हैं। लखीमपुर खीरी की प्रिन्सी गुप्ता इसकी एक प्रेरक मिसाल हैं, जिन्होंने सरकारी योजना का लाभ उठाकर अपना व्यवसाय शुरू किया और आज आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। आज उनका व्यवसाय नियमित रूप से संचालित हो रहा है और वह स्वयं इसकी जिम्मेदारी संभाल रही हैं। यदि इस योजना को निरंतर आगे बढ़ाया गया तो इससे बड़ी संख्या में महिलाओं को लाभ मिल सकता है।

उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन (एक लाख करोड़) डालर की अर्थव्यवस्था बनाने की महत्वाकांक्षा केवल बड़े निवेश, एक्सप्रेसवे और औद्योगिक परियोजनाओं से पूरी नहीं होगी। प्रदेश की विशाल ग्रामीण आबादी को आर्थिक विकास की मुख्यधारा में शामिल करना होगा। जब 3.88 लाख से अधिक महिलाएं संगठित आर्थिक गतिविधि का हिस्सा बनती हैं, तो इसका असर उनके परिवारों की आय, स्थानीय बाजार और ग्रामीण मांग पर पड़ता है। महिलाओं की आय बढ़ती है तो गांव की क्रय शक्ति बढ़ती है। यही आर्थिक विकास का वह चक्र है जिसे किसी भी बड़े आर्थिक लक्ष्य की बुनियाद बनना चाहिए। महिला कंपनियों को केवल दूध संग्रहण तक सीमित रखने के बजाय उन्हें आधुनिक डेयरी प्रसंस्करण, पैकेजिंग, ब्रांडिंग, ई-कामर्स और बड़े बाजारों से जोड़ना होगा। महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन, डिजिटल तकनीक व कारोबारी निर्णय लेने का प्रशिक्षण भी देना होगा।

**चुनौतियां :** इसकी राह में कुछ चुनौतियां भी हैं। दरअसल स्थानीय स्तर पर उत्पादन तो हो जाता है, लेकिन पैकेजिंग, ब्रांडिंग, गुणवत्ता प्रमाणन, ई-कामर्स और बड़े खरीदारों तक पहुंच सीमित रहने पर आय नहीं बढ़ती। इसलिए सरकारी खरीद और निजी कंपनियों की सप्लाई चेन से इन उत्पादों को जोड़ना जरूरी है। ग्रामीण महिलाओं के लिए केवल बचत समूह बनाना पर्याप्त नहीं है। छोटे उद्यम को विस्तार देने के लिए समय पर और पर्याप्त बैंक ऋण आवश्यक है। लेकिन जमीनी स्तर पर बैंकिंग प्रक्रिया, दस्तावेज और ऋण स्वीकृति की गति अभी भी चुनौती बन सकती है। सिलाई, खाद्य प्रसंस्करण, डेयरी, हस्तशिल्प या कृषि आधारित गतिविधियों का प्रशिक्षण मिलने के बावजूद आधुनिक उद्यमिता कौशल- जैसे डिजिटल मार्केटिंग, ब्रांडिंग और आनलाइन बिक्री आदि की जरूरत बढ़ रही है। यदि इन चुनौतियों का व्यावहारिक समाधान सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक महिलाओं को इस मिशन से जोड़ा जाए तो इसकी सफलता का दायरा बढ़ने के साथ ही गांव की अधिकांश महिलाओं का जीवन सहज और सुगम हो जाएगा।

### पहली तिमाही में खली निर्यात 13 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली :** साल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन आफ इंडिया (एसईए) ने गुरुवार को बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के दौरान भारत का खली निर्यात 13 प्रतिशत घटकर 9.57 लाख टन रहा है। इसमें सोयाबीन खली के निर्यात में तेज गिरावट का प्रमुख योगदान रहा है। पहली तिमाही के दौरान सोयाबीन खली का निर्यात 66 प्रतिशत घटकर 1,69,502 टन रहा, जो पिछले वर्ष समान महीने में 4,93,439 टन था। (प्रेट्र)

आधार को वैश्विक स्तर पर ले जाने की दिशा में काम जारी है ताकि प्रवासी भारतीयों और भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों को इस डिजिटल पहचान प्रौद्योगिकी का लाभ मिल सके।

– सौरभ विजय, सीईओ, यूआइडीएआइ



| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 74,902.59 | ▲ 138.36 |
| निफ्टी | 23,477.80 | ▲ 46.30 |
| सोना प्रति दस ग्राम | ₹ 1,58,600 | ▲ ₹ 600 |
| चांदी प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,44,600 | ▲ ₹1,200 |
| डालर | ₹ 95.52 | ▲ ₹ 0.44 |
| क्रूड प्रति बैरल | $ 102.2 | |

## एक नजर में

### तीन दिन बाद बढ़ा सोना, चांदी में तेजी जारी

**नई दिल्ली:** लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद गुरुवार को सोना के मूल्य में तेजी दर्ज की गई। आल इंडिया सराफा एसोसिएशन के अनुसार, खुदरा खरीदारी की बदौलत दिल्ली में सोने के मूल्य में 600 रुपये वृद्धि आई। अब इसका मूल्य 1,58,600 रुपये प्रति दस ग्राम हो गया है। इसी तरह, चांदी के मूल्य में लगातार तीसरे सत्र में तेजी दर्ज की गई और यह 1,200 रुपये बढ़कर 2,44,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। हालांकि, वैश्विक स्तर पर स्पाट गोल्ड में 61.29 डालर प्रति औंस की गिरावट दर्ज की गई। (प्रेट्र)

### हीरो मोटर्स ने तय किया आइपीओ का शेयर मूल्य

**नई दिल्ली:** आटो उपकरण निर्माता हीरो मोटर्स लिमिटेड ने अपने एक हजार करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आइपीओ) का शेयर मूल्य 79-84 रुपये प्रति इकाई तय किया है। यह आइपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 16-18 सितंबर तक खुलेगा। इस आइपीओ में 699 करोड़ रुपये के नए शेयर और 400 करोड़ रुपये तक के प्रमोटर शेयर बिक्री के लिए पेश किए जाएंगे। उधर, टेक्सटाइल कंपनी सोनासलेक्शन इंडिया ने गुरुवार को अपने 141.6 करोड़ के आइपीओ का शेयर मूल्य 94-99 रुपये प्रति इकाई तय किया। (प्रेट्र)

### 12-13% रह सकती है खुदरा अपैरल क्षेत्र की वृद्धि

**मुंबई:** रेटिंग एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में अनुमान जताया है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान संगठित खुदरा अपैरल क्षेत्र की वृद्धि दर 12-13 प्रतिशत रहने की संभावना है, जो पिछले वर्ष की 15 प्रतिशत की वृद्धि से कम है। रिपोर्ट के अनुसार, उपभोक्ता अब कपड़ों के अलावा अन्य श्रेणियों में भी अपने विवेकाधीन खर्च का विस्तार कर रहे हैं। अप्रैल से अगस्त 2026 के बीच राजस्व वृद्धि उच्च एकल अंकों में स्थिर रही है, जो मुख्य रूप से वैल्यू-फैशन खंड द्वारा संचालित रही है। (प्रेट्र)

# कच्चे तेल की ज्यादा कीमत बढ़ा सकती है महंगाई

## क्रूड का मूल्य बढ़ने से सभी प्रकार का आयात हो सकता है महंगा



- पिछले महीने कच्चे तेल की औसत कीमत 85-87 डालर प्रति बैरल थी
- अब 102 डालर प्रति बैरल के पार पहुंच गया है ब्रेंट क्रूड का मूल्य

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली:** पश्चिम एशिया संकट की वजह से एक बार फिर से कच्चे तेल की कीमत 102 डालर प्रति बैरल के पार पहुंच गई है। फिलहाल पेट्रोलियम कंपनियों ने इसका भार ग्राहकों पर नहीं डाला है, लेकिन क्रूड की कीमत में होने वाली यह वृद्धि घरेलू स्तर पर महंगाई का खेल बिगाड़ सकती है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि कच्चे तेल के दाम बढ़ते ही इसकी खरीदारी के लिए अधिक डालर की जरूरत होती है, जिससे रुपया कमजोर होता है। यही वजह रही कि गुरुवार को डालर के मुकाबले रुपये के मूल्य में 38 पैसे तक की गिरावट देखी गई और एक डालर का मूल्य 95.46 रुपये तक पहुंच गया।

डालर के मुकाबले रुपये के कमजोर होने से सभी प्रकार के आयात के लिए पहले के मुकाबले अधिक रुपये देने पड़ेंगे। इससे सभी आयातित चीजों की कीमतें बढ़ जाती हैं। अगर रुपये में गिरावट का सिलसिला जारी रहा तो सभी प्रकार के आयातित कच्चे माल के दाम बढ़ जाएंगे जिससे अंतिम उत्पाद की कीमत प्रभावित होगी और आखिर में इसका भार ग्राहकों को सहना पड़ेगा। पिछले महीने कच्चे तेल की औसत कीमत 85-87 डालर प्रति बैरल थी।

भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से अधिक तेल का आयात करता है। भारत इलेक्ट्रानिक्स उत्पादन से जुड़े कच्चे माल के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर करता है। वहीं खाद्य तेल और दाल के लिए भारत आयात पर निर्भर है। इससे खाद्य वस्तुओं की कीमतें बढ़ सकती है। खुदरा महंगाई दर 4.45 प्रतिशत के स्तर पर पहले ही पहुंच चुकी है। आर्थिक जानकारों का कहना है कि खुदरा महंगाई दर के बढ़ने पर आने वाले महीनों में आरबीआइ बैंक दर में इजाफा कर सकता है जिससे कर्ज लेना महंगा हो जाएगा, जो अंततः अर्थव्यवस्था की मांग को प्रभावित करेगा। खाद्य वस्तुओं की महंगाई के बढ़ने पर अन्य वस्तुओं की खरीदारी प्रभावित होने लगती है क्योंकि खाने-पीने से पैसा बचने पर ही लोग अन्य आइटम की खरीदारी करते हैं।

## बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट थमी, सेंसेक्स 138 अंक उछला



अंतिम घंटे में बड़े बैंकों के शेयरों में खरीदारी का दिखा असर, महंगे कच्चे तेल से दिनभर सीमित दायरे में रहा कारोबार

**मुंबई, प्रेट्र:** स्थानीय शेयर बाजार में पिछले तीन दिन से जारी गिरावट पर गुरुवार को विराम लग गया और मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 138.36 अंक यानी 0.19 प्रतिशत बढ़कर 74,902.59 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 74,910.96 अंक तक गया जबकि नीचे में 74,598.47 अंक तक आया। वहीं एनएसई निफ्टी 46.30 अंक यानी 0.20 प्रतिशत बढ़कर 23,477.80 पर बंद हुआ। सेंसेक्स बुधवार को 813.35 अंक टूटकर 74,764.23 अंक पर बंद हुआ था जबकि निफ्टी 203.60 अंक की गिरावट के साथ 23,431.50 अंक पर रहा था।

कारोबार के अंतिम घंटे में एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक तनाव के बीच कच्चे तेल की कीमत 100 डालर प्रति बैरल से ऊपर रहने से पूरे दिन निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता सीमित रही। निवेशकों ने बाजार में अपनी हिस्सेदारी कम रखी, जिससे ज्यादातर समय कारोबार सीमित दायरे में रहा।

# अगस्त में एसआइपी निवेश 32,297 करोड़ के पार पहुंचा



- चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में कुल एसआइपी निवेश 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा
- इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीम में चार महीनों का सबसे ज्यादा 29,329 करोड़ का निवेश आया

**41,353** करोड़ रुपये रहा अगस्त में शुद्ध म्यूचुअल फंड निवेश

**2.36** लाख करोड़ रुपये रहा था जुलाई 2026 में उद्योग का कुल निवेश

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** अगस्त में सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआइपी) में निवेश 32,297 करोड़ तक पहुंच गया, जो जुलाई में 31,961 करोड़ रुपये था। यह अगस्त 2025 के 28,265 करोड़ से लगभग 14 प्रतिशत ज्यादा था। इसके साथ चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में कुल एसआइपी निवेश 1.60 लाख करोड़ रुपये रहा।

एसोसिएशन आफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, अगस्त में इक्विटी म्यूचुअल फंड स्कीम में 29,329 करोड़ का निवेश आया, जो पिछले चार महीनों में सबसे ज्यादा है। बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद निवेशकों ने मिड-कैप और स्माल कैप फंड में निवेश करना जारी रखा। यह जुलाई के 24,697 करोड़ के मुकाबले लगभग 19 प्रतिशत ज्यादा है। अगस्त से पहले अप्रैल में सबसे अधिक 38,440 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। इक्विटी फंड में निवेश जून में 28,973 करोड़ और मई में 22,908 करोड़ रुपये रहा था।

हालांकि, म्यूचुअल फंड उद्योग का कुल शुद्ध निवेश अगस्त में कम होकर 41,353 करोड़ रुपये रह गया जो जुलाई में 2.36 लाख करोड़ रुपये रहा था। इसकी मुख्य वजह डेट ओरिएंटेड स्कीम में निवेश के रुख में बदलाव था। डेट स्कीम में अगस्त में 8,127 करोड़ रुपये निकाले गए, जबकि जुलाई में 1.88 लाख करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। शुद्ध निवेश में कमी के बावजूद म्यूचुअल फंड उद्योग का एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) जुलाई के अंत में 85.76 लाख करोड़ से 1.5 प्रतिशत बढ़कर अगस्त के अंत में लगभग 87.08 लाख करोड़ रुपये हो गया। एम्फी के सीईओ वेंकट चलसानी ने बताया कि अगस्त महीने में कुल 26 स्कीमें लांच की गईं, जिनसे कुल 7,110 करोड़ जुटाए गए।

### इक्विटी श्रेणी में स्माल और मिडकैप फंड में आया सबसे ज्यादा निवेश

इक्विटी श्रेणी में अगस्त में स्माल कैप फंड्स में सबसे ज्यादा 7,973 करोड़ रुपये का निवेश आया। इसके बाद मिडकैप फंड्स में 6,989 करोड़ और फ्लेक्सी-कैप फंड्स में 5,059 करोड़ का निवेश हुआ। इसके उलट, इसी महीने लार्ज-कैप फंड्स से 1,147 करोड़ की शुद्ध निकासी दर्ज की गई। निवेश के ताज़ा आंकड़ों से पता चलता है कि मिड-कैप और स्माल-कैप फंड्स में निवेशकों की दिलचस्पी बनी हुई है। इन दोनों श्रेणी में कुल मिलाकर लगभग 15,000 करोड़ का निवेश हुआ।

इक्विटी में मजबूत निवेश और एसआइपी में रिकार्ड योगदान से पता चलता है कि निवेशक बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान भी निवेश बनाए रख रहे हैं और लंबे समय में संपत्ति बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

**-गौरव गोयल,** चीफ बिजनेस अधिकारी, केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

# यूपीआइ टच एंड पे लांच, बिना एप खोले हो सकेगा भुगतान

ग्लोबल फिनटेक फेस्ट के दूसरे दिन लांच की गई यह सेवा, बस फोन अनलाक करके पीओएस मशीन के पास ले जाना होगा

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** अब आपको यूपीआइ भुगतान के लिए यूपीआइ आइडी डालने या क्यूआर कोड स्कैन की जरूरत नहीं होगी। मुंबई में चल रहे ग्लोबल फिनटेक फेस्ट के दूसरे दिन यूपीआइ ने टैप एंड पे फीचर को लांच कर दिया है। यूजर अब अपने एनएफसी इनेबल्ड स्मार्टफोन को अनलाक करके और उसे एनएफसी इनेबल्ड पाइंट आफ सेल (पीओएस) टर्मिनल पर टैप करके भुगतान कर सकते हैं। आरबीआइ गवर्नर संजय मल्होत्रा ने इस फीचर को लांच किया।

यूपीआइ का संचालन करने वाली भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआइ) का दावा है कि टैप एंड पे फीचर कम या जीरो इंटरनेट कनेक्शन वाले क्षेत्रों में भी काम करेगा। यूपीआइ ने यह सर्विस एपल पे के भारत में लांच से पहले शुरू की है। एपल पे में टैप एंड पे की सुविधा पहले से मिलती है। इसके अलावा फोन और गूगलपे अपनी एप के स्तर पर ये सुविधाएं पहले से दे रहे हैं। हालांकि, अब यूपीआइ ने इसे एक मानक बना दिया है। इसका मतलब है कि आप फोन पे, गूगल पे, भीम या पेटीएम किसी भी यूपीआइ एप का इस्तेमाल करें आपको टैप एंड पे की सुविधा मिलेगी। इस फीचर का इस्तेमाल करने के लिए यूपीआइ एप खोलने की जरूरत नहीं होगी। बस फोन अनलाक करके पीओएस मशीन के पास ले जाना है और जितना उस मशीन में अमाउंट डाला गया है वह ट्रांसफर हो जाएगी।

# कीमतों में हेराफेरी रोकने के लिए सरकार ने ई-कामर्स नियमों में किया संशोधन

- स्पांसर्ड लिस्टिंग पर रोक, सर्च में हेरफेर, भ्रामक तौर-तरीकों से जुड़े नियमों को किया सख्त
- ग्राहकों को सही फैसले लेने में मदद के लिए कंपनियों को जरूरी जानकारी देनी होगी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** सरकार ने कीमत में पारदर्शिता लाने, किसी उत्पाद को प्रमुखता से दिखाने (स्पांसर्ड लिस्टिंग) पर रोक, सर्च में हेरफेर और भ्रामक तौर-तरीकों (डार्क पैटर्न) से जुड़े नियमों को सख्त करने के लिए उपभोक्ता संरक्षण (ई-कामर्स) नियम, 2020 में संशोधन किया है। विभाग के मुताबिक, उपभोक्ता संरक्षण (ई-कामर्स) (संशोधन) नियम, 2026 एक जनवरी, 2027 से लागू होंगे।

संशोधित नियमों के तहत जब भी उत्पाद की कीमत में कटौती का एलान किया जाएगा तो ई-कामर्स कंपनियों को कम की गई कीमत और पुरानी कीमत बतानी होगी। ई-कामर्स कंपनियों को ऐसे खोज परिणामों में हेरफेर करने से रोक दिया गया है, जो यूजर को गुमराह करते हों या खोज से संबंधित सवाल के लिए परिणामों को प्रभावित करते हों। इतना ही नहीं प्रायोजित सूचीबद्धता (किसी उत्पाद को अन्य की तुलना में प्राथमिकता से दिखाने) की पहचान स्पष्ट और प्रमुख रूप से करनी होगी। विभाग ने कहा कि ई-कामर्स कंपनियों को भ्रामक तौर-तरीकों की रोकथाम और नियमन के लिए 2023 में जारी दिशानिर्देशों का पालन करना होगा।

### शिकायतकर्ता को देनी होगी शिकायत की एक कापी

संशोधित नियम के अनुसार, हर ई-कामर्स कंपनी को राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन (एनसीएच) में शामिल होने होगा। विभाग ने कहा कि एनसीएच को 2025 में 17,71,622 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 5,11,196, यानी लगभग 29 प्रतिशत ई-कामर्स सेक्टर जुड़ी थीं। नियमों के अनुसार, प्रत्येक ई-कामर्स कंपनी को शिकायतकर्ता को उसकी शिकायत की एक कापी देनी होगी। ई-कामर्स कंपनियों को यूजर को सही फैसला लेने में मदद करने के लिए 'बेस्ट बिफोर' या 'यूज बिफोर' तारीखों और रिटर्न, रिफंड, वारंटी, डिलीवरी और पेमेंट जैसी जरूरी जानकारी देनी होगी। आयातित सामान के मामले में आयातक की जानकारी और सामान किस देश का है यह बताना होगा।

## राष्ट्रीय फलक

# सोना खरीदारों को बीआइएस की सलाह, हालमार्क देखकर खरीदें

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

- पुलिस ने चेन्नई में एक दुकान से बगैर हालमार्क सोने के आभूषण जब्त किए
- एचयूआइडी संख्या को बीआइएस केयर एप से भी सत्यापित किया जा सकता

सोने के आभूषण खरीदने वाले लोगों को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) ने सावधानी बरतने की सलाह दी है। ग्राहकों से कहा गया है कि सोने के आभूषण खरीदते समय हालमार्क जरूर देखें और उसकी छह अंकों वाली हालमार्क विशिष्ट पहचान संख्या (एचयूआइडी) की भी जांच करें। चेन्नई में बिना हालमार्क के आभूषण बेचने वाली एक दुकान से 803.99 ग्राम सोने के आभूषण जब्त किए गए हैं। कार्रवाई से साफ है कि नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बाजार में निगरानी बढ़ाई जा रही है।

दरअसल, बीआइएस की एक टीम ने पुलिस के साथ एक सितंबर को चेन्नई में एक आभूषण दुकान पर तलाशी ली। इस दौरान उसे बिक्री के लिए ऐसे सोने के आभूषण मिले, जिन पर हालमार्क नहीं था। लिहाजा उन्हें जब्त कर लिया गया। इन आभूषणों में 175 मंगलसूत्र हैं, जिनका वजन 671.50 ग्राम है। इसके अलावा बच्चों की 12 चूड़ियां 25.02 ग्राम, 40 झुमके 86.14 ग्राम और 10 पेंडेंट 21.33 ग्राम वजन के हैं। संबंधित दुकानदार के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बीआइएस ने उपभोक्ताओं को सोने के गहने खरीदते समय तीन चीजों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। आभूषण पर बीआइएस का लोगो, सोने की शुद्धता और छह अंकों की एचयूआइडी संख्या होनी चाहिए। एचयूआइडी संख्या को बीआइएस केयर एप के माध्यम से भी सत्यापित किया जा सकता है। इससे उपभोक्ता जांच सकते हैं कि आभूषण हालमार्किंग व्यवस्था के तहत दर्ज है या नहीं। हालमार्किंग कीमती धातु की वस्तु की शुद्धता का आधिकारिक संकेत है।

# सरकारी रिजर्व फंड में सेस व लेवी की राशि ट्रांसफर न करने पर पीएसी ने उठाए सवाल

- लोक लेखा समिति ने विभिन्न सेस और लेवी के जरिये जुटाए गए फंड के इस्तेमाल पर चिंता जताई
- कैग रिपोर्ट के अनुसार - 9,222 करोड़ सरकार के चार तय रिजर्व फंड में ट्रांसफर नहीं किए गए

**नई दिल्ली, प्रेट्र :** लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष और कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में सरकार द्वारा विभिन्न सेस (उपकर) और लेवी के जरिये जुटाए गए भारी-भरकम फंड के इस्तेमाल पर गहरी चिंता जताई गई है। कैग की रिपोर्ट के हवाले से सामने आया है कि 9,222 करोड़ रुपये की राशि सरकार के चार निर्धारित रिजर्व फंडों में ट्रांसफर नहीं की गई। समिति के सदस्यों ने वित्त मंत्रालय के स्पष्टीकरण पर असंतोष जताते हुए साफ किया कि करदाताओं, मध्यम वर्ग और गरीबों से वसूले जाने वाले पैसे का इस्तेमाल केवल उसी विशिष्ट उद्देश्य के लिए होना चाहिए, जिसके लिए वे जुटाए जाते हैं।

कैग की वर्ष 2024-25 की रिपोर्ट के अनुसार, इस अवधि के दौरान केंद्र सरकार ने सेस, सरचार्ज और लेवी के माध्यम से कुल 3,89,220 करोड़ रुपये एकत्र किए, जो उसके सकल कर राजस्व का 10.25 प्रतिशत है। हालांकि, आडिट में पाया गया कि विभिन्न मदों में फंड का पूरा हस्तांतरण नहीं हुआ। सबसे बड़ी कमी प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा निधि के मामले में सामने आई, जहां 21,085 करोड़ रुपये की कुल वसूली के मुकाबले केवल 14,439 करोड़ रुपये ही ट्रांसफर किए गए, जिससे 6,646 करोड़ रुपये का अंतर आ गया।

इसके अलावा, आयल इंडस्ट्री डेवलपमेंट फंड (ओआइडीएफ) को लेकर भी गंभीर खुलासे हुए हैं। वर्ष 1974-75 से संचयी संग्रह 3,12,782 करोड़ रुपये रहा है, लेकिन 1991-92 तक केवल 902 करोड़ रुपये ही ट्रांसफर किए गए और उसके बाद 2023-24 तक कोई राशि ट्रांसफर नहीं की गई। हालांकि 2024-25 में ओआइडीएफ को चालू किया गया, लेकिन आडिट में 201 करोड़ रुपये की कम ट्रांसफर का पता चला और 31 मार्च 2025 तक 2,94,150 करोड़ रुपये भारत की संचित निधि में ही पड़े रहे। साथ ही, 844.93 करोड़ रुपये के क्रेडिट बैलेंस वाले 10 रिजर्व फंड और 21 डिपाजिट अकाउंट तीन या उससे अधिक वित्तीय वर्षों से निष्क्रिय पड़े हैं। वेणुगोपाल का मानना है कि समिति के निर्देशों को नजरअंदाज करना सीधे तौर पर संसद का अपमान है। वहीं, वित्त मंत्रालय ने कहा है कि स्वास्थ्य और शिक्षा उपकर के मामलों में माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा कोष को शामिल करने पर, कुल ट्रांसफर तय आंकड़ों से अधिक रहे हैं। समिति इस बात पर अड़ी है कि ऐसे कोषों का इस्तेमाल बजट घाटे को पूरा करने के लिए नहीं किया जाना चाहिए।

# चार साल में रूस से व्यापार 100 अरब डालर करने का लक्ष्य : गोयल

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

- अभी दोनों देशों में होता है 60 अरब डालर का व्यापार, रूस से 55 अरब डालर का आयात करता है भारत



पीयूष गोयल। फाइल

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि रूस से द्विपक्षीय व्यापार को वर्ष 2030 तक 100 अरब डालर ले जाने का लक्ष्य है। गुरुवार को रूस के व्यापार मंत्री एंटोन अलिखानोव की मौजूदगी में आयोजित इंडिया-रूस बिजनेस संवाद में गोयल ने कहा कि अभी दोनों देशों के बीच 60 अरब डालर का व्यापार होता है और अगले चार साल में इसमें 40 अरब डालर का इजाफा करना है। यानी कि हर साल दहाई अंक में रूस से होने वाले व्यापार में बढ़ोतरी का लक्ष्य रखना होगा।

अभी भारत रूस से 55 अरब डालर का आयात करता है तो मात्र पांच अरब डालर का निर्यात करता है। भारत इस असंतुलन को कम करना चाहता है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय स्तर पर अगले चार साल में 50 अरब डालर के निवेश का भी लक्ष्य रखा है।

12-13 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले ब्रिक्स समिट में भाग लेने आए रूस के उद्यमियों के साथ भारतीय उद्यमियों के संबोधन में गोयल ने कहा कि रूस भारत से दवा, आटोमोबाइल्स, इंजीनियरिंग गुड्स, टेक्सटाइल के साथ कई खाद्य आइटम की खरीदारी कर सकता है। भारत ने पिछले साल रूस, बेलारूस, यूरेशिया के साथ व्यापार समझौते पर वार्ता शुरू की है और हम जल्द ही इस समझौते को करना चाहेंगे।

# जीएसटी पंजीकरण के लिए बायोमीट्रिक आधार सत्यापन जरूरी

**विनीत त्रिपाठी • जागरण**

- पंजीकरण में धोखाधड़ी को देखते हुए दिल्ली हाई कोर्ट दिया अंतरिम आदेश, एक गृहिणी ने दायर की थी याचिका
- कर्नाटक और लखनऊ की कंपनी ने महिला के पैन कार्ड का गलत इस्तेमाल कर कराया था जीएसटी पंजीकरण




**नई दिल्ली :** जीएसटी पंजीकरण में बड़े पैमाने पर हो रही धोखाधड़ी के मामलों को देखते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने अहम अंतरिम आदेश पारित किया है। न्यायमूर्ति अनिल छेत्रपाल व न्यायमूर्ति शैल जैन की पीठ ने अंतरिम आदेश पारित किया कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था के तहत अब पूरे भारत में जीएसटी पंजीकरण के लिए बायोमीट्रिक-आधारित आधार सत्यापन अनिवार्य होगा। अदालत ने प्राधिकारियों को आदेश दिया कि अब बायोमीट्रिक-आधारित आधार सत्यापन के बगैर किसी भी जीएसटी पंजीकरण की अनुमति नहीं दी जाएगी। अदालत ने यह भी कहा कि अगर सरकार को इस उपाय को लागू करने में कोई व्यावहारिक कठिनाई आती है, तो प्राधिकारी अदालत को इसके बारे में बता सकते हैं। मामले पर अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी।

अदालत ने उक्त आदेश जीएसटी अधिकारियों व केंद्र सरकार के बयान को रिकार्ड पर लेते हुए दिए। आठ सितंबर को सुनवाई के दौरान जीएसटी अधिकारियों व केंद्र सरकार ने पीठ को बताया था कि जीएसटी पंजीकरण के लिए बायोमीट्रिक-आधारित आधार सत्यापन तभी किया जाता है, जब सिस्टम कुछ पैमानों और डाटा एनालिटिक्स के आधार पर मामले को जोखिम भरा मानता है।

**दो वित्तीय वर्ष में 28 हजार करोड़ से अधिक की राजस्व चोरी :** सुनवाई में अदालत ने याद दिलाया कि केंद्रीय वित्त मंत्रालय के एक राज्यमंत्री ने राज्यसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए बताया था कि 2023-24 में 2800 धोखाधड़ी वाले जीएसटी पंजीकरण का पता चला था। ये पंजीकरण चोरी किए गए या फ्रीज किए गए पैन या आधार विवरण का इस्तेमाल करके कराए गए थे। इसके कारण लगभग 15 हजार 85 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी हुई थी। 2024-2025 में ऐसे धोखाधड़ी वाले जीएसटी पंजीकरण की संख्या 1654 थी और इससे 13 हजार 109 करोड़ की टैक्स चोरी हुई थी। यह भी बताया गया था कि ऐसी धोखाधड़ी वाली गतिविधियों से निपटने के लिए जीएसटी पंजीकरण के लिए बायोमीट्रिक-आधारित आधार सत्यापन को अनिवार्य किया जा रहा है।

**यह है मामला :** रोहिणी निवासी गृहिणी नेहा के अधिवक्ता मनोज मित्तल ने अदालत को बताया कि उनकी मुवक्किल के मोबाइल पर बैंक से मैसेज आया कि उनके अकाउंट में चार करोड़ रुपये आए हैं और बाद में उनके अकाउंट से तीन लाख रुपये कटने का मैसेज मिला।

उन्होंने अपने पंजाब नेशनल बैंक से इस संबंध में पूछताछ की। बैंक ने उन्हें बताया कि कर्नाटक में एक कंपनी ने उनके पैन कार्ड का उपयोग करके 2021 में जीएसटी पंजीकरण कराया था और कंपनी पर 4.46 करोड़ रुपये की जीएसटी बकाया है। इसी क्रम में कर्नाटक जीएसटी विभाग ने नेहा के बैंक खाते को सीज कर दिया और उनके अकाउंट में मौजूद तीन लाख रुपये काट लिए। नेहा ने जांच की तो पता चला कि लखनऊ की एक कंपनी ने भी उनके पैन कार्ड का गलत इस्तेमाल करके पंजीकरण कराया है। उन्होंने जांच के लिए केंद्र सरकार, दिल्ली पुलिस व जीएसटी आयुक्त को शिकायत की, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर हाई कोर्ट में याचिका दायर की।

# एपल के 'डुओ' पर सैमसंग की चुटकी, 'बड़ी देर कर दी हुजूर आते-आते'

**जागरण न्यूज नेटवर्क, नई दिल्ली**

- कंपनी ने कहा- हमने तो 2019 में ही फोल्डेबल फोन मार्केट में उतार दिया था, कई वर्जन लांच कर चुके
- एक्सेसरीज को लेकर भी कसा तंज- यह सिर्फ चटनी जैसा है, खाना तो नदारद है

बुधवार रात एपल ने अपने बहुप्रतिक्षित आइफोन 18 प्रो और आइफोन 18 प्रो मैक्स के साथ ही अपना पहला फोल्डेबल फोन 'डुओ' लांच करते हुए फोल्डेबल स्मार्ट फोन की दुनिया में कदम रखा। इस फोन को लेकर कई दावे किए। हालांकि इसके तुरंत बाद प्रतिद्वंद्वी सैमसंग ने इंटरनेट मीडिया पर एक के बाद एक पोस्ट कर एपल के नए लांच पर तंज कसते हुए उसमें नवाचार की कमी बताई। इसे बड़ी देरी से लांच बताते हुए कहा- 'बड़ी देर कर दी हुजूर आते-आते।' कंपनी ने लिखा कि हमने तो 2019 से ही फोल्डेबल फोन मार्केट में उतार दिया था और अब तक इसके आठ वर्जन लांच किए जा चुके हैं। जब एपल अपना पहला फोल्डिंग फोन लाया है तो हम तीन तरफ से मुड़ने वाले ट्राई-फोल्ड फोन तक पहुंच चुके हैं।

एपल के लांच के जवाब में सैमसंग ने एक्स पर व्यंग्यात्मक पोस्टों की झड़ी लगा दी। एक पोस्ट में लिखा- 'हमारे बासी खाने को गर्म कर फिर से परोस दिया गया है।' एक अन्य पोस्ट में लिखा- 'यह सब कुछ बहुत जाना-पहचाना लग रहा है, मानो सिम्स गेम (एक लोकप्रिय वर्चुअल लाइफ-सिमुलेशन गेम) का कोई सीक्वल हो।' इसके बाद फिर एक पोस्ट में कहा- 'सो फार, सो सेम' यानी अभी तक तो सब कुछ पहले की तरह ही है। एक्सेसरीज को लेकर भी सैमसंग चुटकी लेने से नहीं चुकी। उसने इंटरनेट मीडिया पर एक और पोस्ट में कहा- 'यह सिर्फ चटनी जैसा है, खाना तो नदारद है।

# वैश्विक विकास का प्रमुख इंजन है भारत : आइएमएफ

**वाशिंगटन, आइएएनएस:** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आइएमएफ) ने भारत को वैश्विक विकास का एक प्रमुख इंजन बताया है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून 2026) में भारतीय आर्थिकी की विकास दर 7.8 प्रतिशत रहने के बाद वैश्विक वित्तीय संस्था ने यह बात कही है। यह वृद्धि दर आइएमएफ की अपेक्षाओं और अन्य पर्यवेक्षकों के अनुमानों से अधिक है।

एक प्रेस ब्रीफिंग में आइएमएफ की संचार विभाग की निदेशक जूली कोजक ने कहा कि बीती तिमाही में भारत की विकास दर 7.8 प्रतिशत रही है। यह सेवा क्षेत्र के सकारात्मक प्रदर्शन और निर्यात में अपेक्षा से अधिक गतिविधि के कारण हुआ है। भारत वास्तव में दुनिया के लिए एक प्रमुख विकास इंजन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के ताजा डाटा में औद्योगिक उत्पादन और उत्पादक मूल्य सूचकांक के नए आंकड़े शामिल हैं, जो इसके अनुमान को सुधारने में मदद करेंगे।

**कल्पमेधा**

*जो लोग मिथ्या विचारों पर नियंत्रण रखते हैं और सत्य को जानने तथा बोलने का प्रयत्न करते हैं, वही जीवन के अच्छे निर्माता माने जाते हैं।*
*- जान गाल्सवर्दी*

## सबक के बजाय

कुछ समय पहले दिल्ली के जंतर मंतर पर काकरोच जनता पार्टी की अगुआई में विद्यार्थियों के विरोध प्रदर्शन के खिलाफ पुलिस ने जिस तरह की बेलगाम कार्रवाई की थी, उस पर हर तरफ से तीखे सवाल उठे थे। यह भी कहा गया कि अगर विद्यार्थियों का अपने मुद्दों पर बात करना, सरकार से खामियों को दुरुस्त करने की मांग करना इतना मुश्किल है और इसके बदले उन्हें पुलिस की बेरहम कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा, तो यह देश के लोकतांत्रिक ढांचे के कितना अनुरूप है। यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मसले पर तीखी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा था कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई और मारपीट देखना बेहद दुखद है। अदालत ने यह भी कहा कि पुलिस अफसरों से अपेक्षित तटस्थता भी गायब होती दिख रही है। कायदे से पुलिस-प्रशासन और सरकार को अदालत की इस टिप्पणी पर गौर करते हुए अपने रवैये में सुधार करने की जरूरत थी। मगर शीर्ष अदालत की टिप्पणियों की पुलिस को कितनी फिक्र है, यह सिर्फ इतने से ही समझा सकता है कि जंतर मंतर पर प्रदर्शन में शामिल होने को कारण बता कर विद्यार्थियों को नोटिस देना शुरू कर दिया गया है। जबकि इसी मसले पर सुप्रीम कोर्ट पुलिस के रवैये पर नाराजगी जता चुका है।

गौरतलब है कि जंतर मंतर पर हुए प्रदर्शन में शामिल होने के आरोप में नोएडा की कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय के एक छात्र के खिलाफ नोटिस जारी कर दिया था। इस मसले पर सुनवाई के दौरान बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने कार्यकारी मजिस्ट्रेट को कड़ी फटकार लगाई। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने साफ शब्दों में कहा कि शीर्ष अदालत के पहले के आदेश के बावजूद मजिस्ट्रेट ने ऐसा नोटिस जारी करने की हिम्मत कैसे की। दरअसल, अदालत ने अपने पहले के आदेश में साफ तौर पर कहा था कि किसी भी विद्यार्थी के खिलाफ जबरन कार्रवाई नहीं की जाएगी। जाहिर है, दिल्ली में प्रदर्शन और उसमें हुई कार्रवाई के संदर्भ में अदालत ने एक तरह से स्पष्ट लहजे में पुलिस और प्रशासन को एक बार फिर उसकी सीमा याद दिलाई है। हालांकि छात्र को जारी नोटिस बाद में वापस ले लिया गया, लेकिन यह विचित्र है कि नोएडा की कार्यकारी मजिस्ट्रेट को यह कार्रवाई करते हुए अदालत के निर्देश का खयाल रखने की जरूरत महसूस नहीं हुई थी।

सवाल यह भी है कि सुप्रीम कोर्ट के स्पष्ट आदेश के बावजूद अगर किसी छात्र को प्रदर्शन में शामिल होने के लिए नोटिस जारी किया जाता है, इस दुस्साहस का स्रोत आखिर क्या है? क्या ऐसा परोक्ष रूप से सरकार के संरक्षण और निर्देश की वजह से किया जाता है? अगर ऐसा नहीं है, तो पुलिस या प्रशासन की नजर में शीर्ष अदालत के निर्देशों की क्या अहमियत है? यह समझना मुश्किल है कि जब पुलिस को किसी आंदोलन से निपटने के लिए तैनात किया जाता है, तो संवाद के जरिए समाधान की राह खोजने के बजाय कई बार वह बिना किसी हिचक के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ अधिकतम बेरहम क्यों हो जाती है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि अगर शांतिपूर्ण तरीके से किए जाने वाले विरोध प्रदर्शनों को दबाने के लिए बलप्रयोग या कार्रवाई की धमकी का सहारा लिया जाएगा, तो इसका देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर दूरगामी असर पड़ेगा। सरकार की ओर से हुई लापरवाही या उसकी किसी कमी पर सवाल उठाना या अपनी मांगों के साथ सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करना आम नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है। अभिव्यक्ति का यह अधिकार अगर सुरक्षित है, तो इसी से लोकतंत्र का जीवन बचेगा।

## आपदा के रास्ते

बिहार हर वर्ष बाढ़ की विभीषिका का सामना करता है। इसका मतलब यह होता है कि इसकी प्रकृति को समझ कर इससे बचाव के इंतजाम किए जा सकते हैं। मगर इतने वर्षों से अमूमन हर वर्ष बाढ़ की तबाही के बावजूद राज्य को इस प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए कभी ठोस उपाय नहीं किए गए। इस बार भी नदियां उफान पर हैं। कई नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश और नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र में भारी वर्षा की वजह से राज्य के चौदह जिलों में स्थिति गंभीर हो गई है। चालीस लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। राहत शिविरों की अपनी सीमा है। गौरतलब है कि हर साल नेपाल से आने वाली नदियां तबाही लेकर आती हैं। बावजूद इसके राज्य सरकार इन नदियों के पानी को संभालने और आम लोगों को राहत के लिए कोई ठोस तंत्र विकसित नहीं कर पाई है।

हर वर्ष बाढ़ राहत कार्यों पर निर्भरता के बजाय अगर सरकार बाढ़ नियंत्रण के उपायों पर ध्यान केंद्रित करती, तो इस समस्या को सुलझाने की दिशा में काफी आगे बढ़ा जा सकता था। नागरिकों की सुरक्षा के लिए बनाए गए तटबंध आज नाकाम साबित हो रहे हैं, तो इस समस्या की जड़ में जाने की जरूरत है। यह निराशाजनक ही है कि हर साल बाढ़ राहत के नाम पर रस्मी कवायद कर अगले वर्ष फिर बाढ़ की प्रतीक्षा की जाती है। एक बड़ी चुनौती यह है कि हिमालयी नदियां हर बार अपने साथ भारी मात्रा में गाद लेकर आती हैं, जो राज्य की नदियों में जमा होती जाती हैं। नतीजा यह कि उथली हो रही नदियों का पानी रिहाइशी इलाकों को अपनी चपेट में ले लेता है। सुशासन का दावा करने वाली सरकार ने इस समस्या को गंभीरता से लिया होता, तो राज्य में जल प्रबंधन की नई तस्वीर बन सकती थी। यह बेवजह नहीं है कि देश के अन्य राज्यों की तुलना में बिहार को इस आपदा से सबसे अधिक नुकसान होता है। सही है कि बाढ़ को रोका नहीं जा सकता, लेकिन धरातल पर योजनाओं को साकार कर जन-जीवन को व्यापक नुकसान से जरूर बचाया जा सकता है।

# नशे के जाल में उलझती युवा पीढ़ी



**मादक पदार्थों की विभीषिका पूरे देश में फैली है। जबकि एक नशामुक्त, स्वस्थ और मानसिक रूप से सुदृढ़ युवा पीढ़ी ही सशक्त तथा आत्मनिर्भर भारत की वास्तविक नींव बन सकती है।**

**प्रमोद कुमार बाजपेई**

उस व्यक्ति की त्रासदी का बस अंदाजा ही लगाया जा सकता है, जिसका बेटा नशे का आदी हो चुका है। इसी वजह से उसकी पढ़ाई छूट चुकी है और अब वह दिन भर कंप्यूटर गेम खेलता रहता है या दिन भर ट्रक के अड्डे पर जुआ खेलता रहता है। पिता इसलिए परेशान है कि वह अब उसके मादक पदार्थों पर भी हाथ साफ करने लगा है और उसे अपने बेटे के भविष्य का अनुमान है और अब वह इसी को लेकर फिक्रमंद है। हालांकि खुद पचास का पिता भी नशे के जाल में इस कदर फंसा हुआ है, उसके हाथ कांपने लगे हैं और वह ठीक से खड़ा भी नहीं हो पाता है। बीते कुछ महीने के भीतर ऐसे मामले अब तेजी से बढ़ने लगे हैं। जिनका नशे की लत की वजह से सब कुछ बर्बाद हो चुका है, वैसे लोग अब परामर्श और आपात हस्तक्षेप तक के लिए मनोचिकित्सकों या काउंसलरों के पास पहुंचने लगे हैं।

संकट की भयावहता के चलते केंद्र सरकार अब नशा मुक्त भारत अभियान की बात कर रही है और राज्यों के मुख्यमंत्री भी नशाखोरी के विरुद्ध बड़ी-बड़ी रैलियां कर रहे हैं। युवाओं को शपथ दिलवाया जा रहा है, स्कूल-कालेजों को नशे के विरुद्ध माहौल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वहीं नशे के खिलाफ लड़ाई के लिए पुलिस प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है तथा बड़े पैमाने पर मादक पदार्थों के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। मगर इसी बीच यह खबर भी आती है कि पंजाब में एक ग्रामीण ने जब मादक पदार्थों की धड़ल्ले से आपूर्ति पर सवाल उठाया, तो उसे प्रताड़ित किया गया और आखिर उसने आत्महत्या कर ली।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा एम्स के 'नेशनल ड्रग डिपेंडेंस ट्रीटमेंट सेंटर' के सहयोग से जारी की गई आधिकारिक रिपोर्ट 'मैग्नीट्यूड आफ सब्सटेंस यूज इन इंडिया' के आंकड़े यह स्पष्ट करते हैं कि मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री और नशे की समस्या अब केवल कुछ महानगरों या सीमावर्ती क्षेत्रों तक सीमित नहीं रही। यह एक सर्वव्यापी राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल और सामाजिक संकट का रूप ले चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 10 से 75 वर्ष की आयु वर्ग के बीच लगभग 16 करोड़ लोग शराब का सेवन करते हैं, जिनमें से 5.7 करोड़ से अधिक लोगों को तत्काल चिकित्सीय उपचार की आवश्यकता है। वहीं, लगभग 3.1 करोड़ लोग भांग, गांजा या चरस जैसे कैनबिस उत्पादों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सबसे चिंताजनक स्थिति ओपियोइड्स (अफीम, हेरोइन और सिंथेटिक ड्रग्स) के मामले में है। भारत में ओपियोइड का उपयोग वैश्विक औसत से लगभग तीन गुना अधिक है। देश में करीब 2.26 करोड़ ओपियोइड उपयोगकर्ता हैं, जिनमें से साठ लाख से अधिक लोग इस लत के गंभीर दुश्चक्र में फंस चुके हैं।

इससे भी अधिक विचलित करने वाला तथ्य यह है कि देश के लगभग 1.7 फीसद बच्चे और किशोर (यानी करीब अठारह लाख बच्चे) 'इन्हेलेंट्स' यानी सूंघने वाले नशे जैसे थिनर, फ्लूइड, सरेष आदि के जाल में फंस चुके हैं। हाल के वर्षों में एमडीएमए, मेथमफेटामाइन और अवैध दवाओं (सिंथेटिक ओपियोइड्स) की मांग और जब्ती में आया भारी उछाल



यह साबित करता है कि नशे का बाजार अब पारंपरिक से बदलकर अत्यधिक घातक रासायनिक स्वरूप अख्तियार कर चुका है।

मादक पदार्थों की यह विभीषिका पूरे देश में फैली है, लेकिन भौगोलिक और सामरिक कारणों से कुछ राज्य इसके गढ़ बन गए हैं। मिजोरम, नगालैंड,

> **नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति को केवल एक 'अपराधी' या 'चरित्रहीन' के चश्मे से देखना हमारी भूल होगी। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार मादक पदार्थों या ड्रग की लत एक मानसिक बीमारी है। शुरुआत में युवा वर्ग गलाकाट प्रतिस्पर्धा, करिअर की अनिश्चितता, बेरोजगारी जनित अवसाद या सहकर्मियों के दबाव के कारण अनजाने में इस दलदल में कदम रखता है, लेकिन धीरे-धीरे रासायनिक निर्भरता के कारण व्यक्ति का अपने मस्तिष्क पर नियंत्रण नहीं रहता। जब कोई व्यक्ति इस लत से बाहर निकलना चाहता है, तो सबसे बड़ी बाधा 'विड्राल सिम्प्टम्स' यानी तड़प और शारीरिक कष्ट तथा समाज में व्याप्त 'सामाजिक लांछन' बनते हैं।**

अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम और मणिपुर जैसे उत्तर-पूर्वी राज्य ओपियोइड और नशीली दवाओं से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। दूसरी ओर, पंजाब, हरियाणा और दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सिंथेटिक मादक पदार्थों और हेरोइन का एक बड़ा केंद्र बन चुका है। दरअसल, भारत दुनिया के दो सबसे बड़े अवैध अफीम उत्पादक क्षेत्रों के बीच फंसा हुआ है। इसके पश्चिम में 'गोल्डन क्रिसेंट' (पाकिस्तान, अफगानिस्तान और ईरान) है और पूर्व में 'गोल्डन ट्रायंगल' (म्यांमार, लाओस और थाईलैंड) है। इससे भारत न केवल मादक पदार्थों की तस्करी के लिए एक प्रमुख 'ट्रांजिट रूट' बना, बल्कि धीरे-धीरे एक विशाल उपभोक्ता बाजार में भी तब्दील हो गया। वर्तमान में डार्कवेब, क्रिप्टोकरेंसी और ड्रोन तकनीक के माध्यम से होने वाली उच्च-तकनीक तस्करी के संजाल ने इस चुनौती को कई गुना बढ़ा दिया है।

नशे की लत से पीड़ित व्यक्ति को केवल एक 'अपराधी' या 'चरित्रहीन' के चश्मे से देखना हमारी भूल होगी। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार मादक पदार्थों या ड्रग की लत एक मानसिक बीमारी है। शुरुआत में युवा वर्ग गलाकाट प्रतिस्पर्धा, करिअर की अनिश्चितता, बेरोजगारी जनित अवसाद या सहकर्मियों के दबाव के कारण अनजाने में इस दलदल में कदम रखता है, लेकिन धीरे-धीरे रासायनिक निर्भरता के कारण व्यक्ति का अपने मस्तिष्क पर नियंत्रण नहीं रहता। जब कोई व्यक्ति इस लत से बाहर निकलना चाहता है, तो सबसे बड़ी बाधा 'विड्राल सिम्प्टम्स' यानी तड़प और शारीरिक कष्ट तथा समाज में व्याप्त 'सामाजिक लांछन' बनते हैं। सामाजिक बहिष्कार के डर से पीड़ित या उसका परिवार समय पर मदद मांगने या नशामुक्ति केंद्र जाने से कतराता है। परिणामतः यह समस्या बंद कमरों के भीतर ही सुलगती रहती है और आखिरकार आत्महत्या या गंभीर अपराधों के रूप में सामने आती है। महंगी लत को पूरा करने के लिए युवा वर्ग चोरी, झपटमारी और यहां तक कि जघन्य अपराधों की राह पकड़ लेता है।

इस महामारी से निपटने के लिए वर्तमान में आपूर्ति, मांग और नुकसान में कमी की त्रिआयामी रणनीति पर काम किया जा रहा है। एक ओर कड़े एनडीपीएस अधिनियम के तहत तस्करों की गिरफ्तारियां कर संपत्तियां कुर्क की जा रही हैं, तो दूसरी ओर देश में सरकारी ओर मान्यता प्राप्त नशामुक्ति केंद्रों की संख्या बढ़ा कर 780 से अधिक की गई है, जिनके माध्यम से 8.20 लाख से अधिक लोगों को इलाज और पुनर्वास का लाभ मिल चुका है। मगर कड़े कानूनों और पुलिसिया कार्रवाइयों की अपनी एक सीमा है। वे केवल आपूर्ति को बाधित कर सकते हैं। जब तक समाज के भीतर से नशीले पदार्थों की मांग समाप्त नहीं होगी, यह जंग अधूरी रहेगी। हमें 'जेल नहीं, इलाज' और 'सहानुभूति, न कि तिरस्कार' के सिद्धांत को अपनाना होगा। उत्तराखंड के देहरादून में एक गांव की महिलाओं ने जिस तरह मोर्चा थामा है, वह काबिले-तारीफ है।

प्राथमिक स्तर पर ही स्कूलों और कालेजों में नियमित जांच और पेशेवर काउंसलरों की नियुक्ति अनिवार्य होनी चाहिए। खेलकूद, कला और रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देकर युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देना आवश्यक है। सबसे महत्त्वपूर्ण भूमिका परिवार की है। माता-पिता को अपने बच्चों के साथ भावनात्मक संवाद स्थापित करना होगा, ताकि बच्चे तनाव के क्षणों में मादक पदार्थ के बजाय परिवार का सहारा लें। सरकार, नागरिक समाज, मीडिया और परिवारों को एकजुट होकर 'नशे के विरुद्ध और जिंदगी को हां' का नारा बुलंद करना होगा। एक नशामुक्त, स्वस्थ और मानसिक रूप से सुदृढ़ युवा पीढ़ी ही सशक्त और आत्मनिर्भर भारत की वास्तविक नींव बन सकती है।

# सिमटते सरोकार

**श्याम यादव**

## दुनिया मेरे आगे

माता-पिता जब बच्चे को बड़ा करते हैं, तो उनके सामने सबसे बड़ा सवाल यह नहीं होता कि आगे चलकर बच्चा उनके लिए क्या करेगा। उनकी चिंता यह होती है कि बच्चे को वह सब मिल जाए, जो वे उसे देना चाहते हैं। जो सुविधाएं उन्हें नहीं मिलीं, वे बच्चे को मिलें। जिस रास्ते पर उन्हें मुश्किलें आईं, बच्चे के लिए वह रास्ता कुछ आसान हो। शायद इसी इच्छा ने परिवारों की सोच भी बदली है। दो बच्चों के छोटे परिवार के बाद अब एक-संतान परिवार की धारणा भी इसी बदलाव का हिस्सा है। एक बच्चा हो, तो उसकी पढ़ाई-लिखाई पर अधिक खर्च किया जा सकता है, उसकी पसंद और जरूरतों को समझने के लिए अधिक समय दिया जा सकता है और उसके बेहतर भविष्य की तैयारी की जा सकती है। एक बच्चे को अधिक अवसर देने की इच्छा आज बहुत-से माता-पिता के फैसलों में दिखाई देती है। इसमें कुछ अस्वाभाविक भी नहीं है। मगर सवाल यह है कि परिवार छोटा होने के साथ क्या बच्चे का अपना संसार भी कुछ छोटा हो जाता है?

एक समय घर में भाई-बहन होते थे और रिश्तेदारों की आवाजाही भी बनी रहती थी। दादा-दादी के पास बैठना, चाचा-चाची से झगड़ना, मामा-मौसी के घर जाना- इन सबका अपना महत्त्व था। बच्चा इन्हीं संबंधों के बीच बड़ा होता था। उसे समझने में ज्यादा समय नहीं लगता था कि हर बात अपनी इच्छा के अनुसार नहीं होती। कभी किसी की सुननी पड़ती थी, कभी अपनी चीज बांटनी पड़ती थी और कभी बिना किसी खास कारण के किसी के काम आना पड़ता था। एक बच्चे वाले परिवार में माता-पिता का ध्यान स्वाभाविक रूप से उसी पर अधिक रहता है। उसकी पढ़ाई, स्वास्थ्य, पसंद और भविष्य घर की बातचीत का बड़ा हिस्सा बन जाते हैं। कभी-कभी माता-पिता अपनी अधूरी इच्छाओं को भी बच्चे के भविष्य से जोड़ देते हैं। बच्चा सफल होता है तो लगता है जैसे उनकी मेहनत सफल हुई। फिर वही बच्चा बड़ा होकर अपनी राह पर निकलता है। पढ़ाई के लिए बाहर जाता है, नौकरी दूसरे शहर में मिलती है और फिर अपनी गृहस्थी तथा जिम्मेदारियों में व्यस्त हो जाता है। माता-पिता उसके आगे बढ़ने से खुश होते हैं। आखिर उन्होंने उसे रोकने के लिए तो नहीं पाला था!

> **बच्चे को स्वतंत्र बनाना और उसे रिश्तों से मुक्त कर देना- इन दोनों में फर्क है। उसे अच्छी शिक्षा देना जितना जरूरी है, उतना ही यह समझ देना भी जरूरी है कि जीवन में कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं, जिन्हें सुविधा के हिसाब से नहीं निभाया जाता। क्या परिवार छोटा होने के साथ हमारी दुनिया भी छोटी हो गई है?**

बच्चों की जिंदगी जितनी फैलती जाती है, कई बार माता-पिता का संसार उतना ही सिमटता जाता है। फोन है, वीडियो काल है, कभी त्योहार पर मुलाकात हो जाती है। जरूरत हो, तो पैसे भेज दिए जाते हैं। बीमारी में डाक्टर से सलाह भी मिल जाती है। बहुत-सी चीजें आसान हुई हैं। फिर भी उम्र के एक पड़ाव पर शायद इंसान को केवल सुविधा नहीं, किसी अपने की मौजूदगी की जरूरत भी होती है। हाल में एक बुजुर्ग पिता की मृत्यु से जुड़ी एक घटना सामने आई। उनकी संतानें अपने-अपने जीवन में दूर थीं और अंतिम समय में उनके पास पहुंच पाना संभव नहीं हुआ। आर्थिक मदद और वीडियो काल के जरिए अंतिम विदाई की बात सामने आई। यह घटना एक सवाल छोड़ती है कि क्या रिश्तों की जगह धीरे-धीरे व्यवस्थाएं ले रही हैं?

किसी बुजुर्ग की दवा का इंतजाम किया जा सकता है। पैसे भेजे जा सकते हैं। किसी देखभाल करने वाले को रखा जा सकता है। यह सब जरूरी भी है, लेकिन इन सबके बीच वह व्यक्ति कहां है, जो उसके पास बैठकर उसकी बात सुन सके? बीमारी का खर्च उठाना और बीमारी के समय पास बैठना एक ही बात नहीं है। तकनीक ने दूरियों को कम करने में बहुत मदद की है। आज हजारों किलोमीटर दूर बैठे बच्चे भी अपने माता-पिता को रोज देख सकते हैं, लेकिन स्क्रीन पर दिखाई देने वाला चेहरा और सामने बैठा हुआ व्यक्ति एक जैसा अनुभव नहीं देते। शायद इसलिए संपर्क बढ़ने के बावजूद अकेलापन हमेशा कम नहीं हुआ है। एकल-संतान परिवारों के संदर्भ में यह बात और महत्त्वपूर्ण हो जाती है। एक बच्चे के लिए माता-पिता बहुत कुछ कर पाते हैं। अपनी आय, समय और ध्यान का बड़ा हिस्सा उसी पर लगा सकते हैं, लेकिन आगे चलकर वही बच्चा अपनी दुनिया में व्यस्त हो जाए, तो माता-पिता के पास अपने भावनात्मक संसार को साझा करने वाले लोग भी कम हो सकते हैं। यह एक बच्चे के होने की समस्या नहीं, बल्कि छोटे होते पारिवारिक दायरे की एक चुनौती है।

जीवन बदल चुका है। लोगों के रहने और काम करने के तरीके बदल गए हैं। मगर रिश्तों का अर्थ शायद इतना नहीं बदला है कि उनमें उपस्थिति की जरूरत ही न रहे। माता-पिता अगर बच्चे को अपना पूरा संसार बना लें, तो उसके दूर जाने पर उनका अकेलापन बढ़ सकता है। उम्र के साथ अपने मित्रों, रुचियों और सामाजिक जीवन को बनाए रखना भी जरूरी है। परिवार जीवन का बड़ा हिस्सा है, पूरा जीवन नहीं। फिर भी बच्चे को स्वतंत्र बनाना और उसे रिश्तों से मुक्त कर देना- इन दोनों में फर्क है। उसे अच्छी शिक्षा देना जितना जरूरी है, उतना ही यह समझ देना भी जरूरी है कि जीवन में कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं, जिन्हें सुविधा के हिसाब से नहीं निभाया जाता। परिवार छोटा होना कोई समस्या नहीं। सवाल बस इतना है कि क्या परिवार के छोटा होने के साथ हमारी दुनिया भी इतनी छोटी हो गई है कि उसमें माता-पिता के लिए जगह निकालना मुश्किल पड़ने लगे?

हमने अपने बच्चे को ज्यादा देने के लिए परिवार छोटा किया। शायद अब यह सोचने की बारी है कि हमने उसे दूसरों के लिए जगह बनाना कितना सिखाया। माता-पिता को अपने बच्चों से कोई प्रतिदान नहीं चाहिए। वे चाहते हैं कि बच्चा अपनी दुनिया बनाए, आगे बढ़े और खुश रहे। बस इतना कि उस दुनिया में उनके लिए कोई कोना ऐसा हो, जहां उम्र बढ़ने पर भी उन्हें अपने होने का एहसास बना रहे। आखिर परिवार छोटा करना हमारी पसंद हो सकती है, लेकिन रिश्तों को छोटा करना हमारी मजबूरी नहीं होना चाहिए।




## मलबे में दबे सपने

दिल्ली को सपनों का शहर कहा जाता है। छोटे शहरों और गांवों से युवा यहां पढ़ने आते हैं। माता-पिता अपनी सामर्थ्य से बढ़ कर उनकी फीस और रहने का खर्च उठाते हैं। उनकी आंखों में एक ही सपना होता है- बच्चा पढ़-लिख कर अपने पैरों पर खड़ा हो जाए। ऐसे में जब किसी हादसे की खबर घर पहुंचती है और पता चलता है कि उनका बच्चा अब नहीं रहा, तो उस परिवार पर क्या गुजरती होगी। सत्य निकेतन की इमारत गिरने की घटना ने इसी दर्द को सामने ला दिया है। कुछ सवाल हैं, जिनका जवाब मिलना चाहिए। क्या इमारत की स्थिति की समय-समय पर जांच की गई थी? मरम्मत कार्य शुरू होने से पहले सुरक्षा संबंधी पहलुओं को देखा गया था या नहीं? क्या भवन की संरचनात्मक मजबूती को लेकर पहले कोई चेतावनी या शिकायत सामने आई थी? इन सवालों का जवाब जांच के जरिए सामने आना चाहिए। अगर जांच में किसी स्तर पर नियमों की अनदेखी या लापरवाही सामने आती है, तो जिम्मेदारी भी तय होनी चाहिए। हादसे के बाद जिम्मेदारी तय करना जरूरी है, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी है कि ऐसी स्थिति दोबारा न बने।

*- श्रेया सिंह, नई दिल्ली*

## जिम्मेदारी का सवाल

'बुजुर्गों की सुध' (संपादकीय, 9 सितंबर) पढ़ा। इसमें वृद्धावस्था की उस विडंबना को रेखांकित किया गया है, जिसमें जीवनभर परिवार के लिए समर्पित माता-पिता बुढ़ापे में उपेक्षा और असुरक्षा के शिकार हो जाते हैं। यह बहुत ही निराशाजनक स्थिति है कि जो बुजुर्ग बच्चों को पाल-पोस कर बड़ा करते हैं, एक दिन वही बच्चे उनकी उपेक्षा करने लगते हैं। सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष यह है कि बुजुर्गों की समस्या को केवल पारिवारिक नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकार का विषय है। आज संयुक्त परिवारों के विघटन, व्यस्त जीवनशैली और बदलते मूल्यों के बीच बुजुर्गों की जरूरतें अक्सर नजरअंदाज कर दी जाती हैं। केवल पेंशन या सरकारी योजनाएं उनकी समस्या का समाधान नहीं कर सकतीं। उन्हें सम्मान, अपनापन और सुरक्षित वातावरण भी चाहिए। जिस पीढ़ी ने हमें संभाला, उसके बुढ़ापे को सम्मानपूर्वक संभालना समाज और परिवार दोनों की जिम्मेदारी है।

*- ओपी चौधरी, रतलाम, मप्र*

## लालच का सिरा

'तंत्र की जर्जरता' (संपादकीय, 8 सितंबर) पढ़ा। दिल्ली के सत्य निकेतन में पांच मंजिला इमारत ढहने से वहां पीजी में रह रहे बेकसूर छात्रों की मौत दर्दनाक घटना है। निश्चित रूप से इसके लिए प्रशासनिक तंत्र के साथ-साथ भवन के मालिक भी जिम्मेदार हैं जो भवनों में बिना किसी सुरक्षा मानकों को पूरा किए किराए के लालच में व्यवसायिक गतिविधियां चलाते हैं। हर हादसे के बाद पीड़ितों को मुआवजा देकर मामले को दबा दिया जाता है। अगर थोड़ी बहुत कार्रवाई होती भी है, तो निचले स्तर पर कर्मचारियों को निलंबित कर बड़े अधिकारियों को बचा लिया जाता है। असल में अवैध निर्माण की समस्या में गहराई तक फैला हुआ भ्रष्टाचार तथा लालच है। भवन के मालिक किराए के लालच में प्रशासन की मिलीभगत से अवैध निर्माण को अंजाम देते हैं। सत्य निकेतन की घटना भी इसी मिलीभगत का नतीजा है। इस मामले में सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई ऐसी घटना दोबारा न हो।

*- वेद प्रकाश, गुरुग्राम, हरियाणा*

## संकट के बीच

जनवरी 2026 में भारत को ब्रिक्स की अध्यक्षता मिली थी। अब भारत नई दिल्ली में ब्रिक्स का शिखर सम्मेलन 11 और 12 सितंबर को आयोजित करने जा रहा है। यह एक बड़ा आयोजन है। इस सम्मेलन की शुरुआत 2009 में हुई थी। तब से लेकर अब तक का इसे सबसे बड़ा शिखर सम्मेलन माना जा रहा है। इस पर पूरी दुनिया की नजर रहेगी। इस सम्मेलन से वैश्विक राजनीति में भारत सिर्फ अपना प्रभाव ही नहीं छोड़ेगा, बल्कि अपनी विदेश नीति को भी नया आयाम प्रदान करेगा। निस्संदेह यह बड़ी उपलब्धि होगी। यह सम्मेलन इसलिए भी अहम माना जा रहा है, क्योंकि यह ऐसे समय में हो रहा है, जब दुनिया रूस और यूक्रेन के साथ-साथ अमेरिका और ईरान युद्ध को भी देख रही है। यह संकट की घड़ी है और कई देश इस समय त्रस्त हैं।

*- विजय किशोर तिवारी, नई दिल्ली*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

## संपादकीय

# ट्रम्प यांचे लाडके बहीण-भाऊ

**भारताच्या** अनेक राजकीय नेत्यांनी आपापल्या मिशा अभिमानाने पिळाव्यात अशीच ही वेळ म्हणायची! अर्थात, मिशा असतील तर! जगातील सर्वांत शक्तिशाली लोकशाहीचे महाबली राष्ट्राध्यक्ष डोनाल्ड ट्रम्प आता चक्क भारतीय राजकारण्यांच्या निवडणूक-शाळेत दाखल झाले आहेत. मतदारांना खुश करण्याचे, त्यांना आश्वासने देण्याचे आणि गरज पडली तर थेट रोख रक्कम देण्याचे भारतीय राजकारणातील धडे त्यांनी एखाद्या हुशार विद्यार्थ्याप्रमाणे आत्मसात केले आहेत! आपण भारताला 'विश्वगुरु' बनविण्याचे स्वप्न पाहतो आहोत आणि ट्रम्प यांनी निदान निवडणुकीच्या बाबतीत तरी भारताकडून गुरुमंत्र घेतलेला दिसतो. मतदारांना हे ना ते 'मोफत' देण्याची, निवडणुकीच्या तोंडावर त्यांच्या हातावर काही ना काही ठेवण्याची परंपरा तामिळनाडूच्या राजकारणातून सुरू झाली. हळूहळू तिने भारतातील जवळपास प्रत्येक राज्याला आपल्या कवेत घेतले आणि आता थेट अटलांटिक पार करून ही क्लृप्ती थेट अमेरिकेत पोहोचली आहे. यंदाच्या नोव्हेंबरमध्ये अमेरिकन संसदेच्या निवडणुका होणार आहेत. राष्ट्राध्यक्षांच्या चार वर्षांच्या कार्यकाळाच्या मध्यावर होतात म्हणून त्यांना 'मध्यावधी निवडणुका' म्हटले जाते. या निवडणुका राष्ट्राध्यक्षांसाठी कमालीच्या महत्त्वाच्या असतात. संसदेच्या दोन्ही सभागृहांत बहुमत असेल, तर कारभार आपल्या मर्जीप्रमाणे चालविणे तुलनेने सोपे जाते. ४३५ सदस्यांच्या हाउस ऑफ रिप्रेझेंटेटिव्हजमध्ये रिपब्लिकन पक्षाकडे सध्या २१८ जागा; म्हणजे अगदी काठावरचे का होईना, पण बहुमत आहे. शंभर सदस्यांच्या सिनेटमध्ये रिपब्लिकन पक्षाकडे ५३, तर डेमोक्रॅटिक पक्षाकडे ४७ जागा आहेत. अंकगणित ट्रम्प उत्तम जाणतात. रिपब्लिकन पक्षाच्या काही जागा कमी झाल्या, तरी त्यांना संसदेची अडथळ्यांची शर्यत पार करावी लागेल. आणि नेमक्या कसोटीच्या वेळी ट्रम्प यांच्या लोकप्रियतेचा आलेख घसरत चालला आहे. ताज्या सर्वेक्षणांमध्ये केवळ ३२ ते ३३ टक्के अमेरिकन नागरिक ट्रम्प यांच्या पाठीशी दिसतात. तब्बल ६४ टक्के नागरिक त्यांच्यावर नाराज आहेत. रिपब्लिकन पक्षाच्या मतदारांमध्येही ट्रम्प यांची लोकप्रियता ८२ टक्क्यांवरून ७२ टक्क्यांपर्यंत घसरली आहे. हाउस ऑफ रिप्रेझेंटेटिव्हजमधील रिपब्लिकन बहुमत धोक्यात असल्याचे संकेत आहेत. सिनेटमध्येही लढत चुरशीची आहे. म्हणजेच मतदारांना आकर्षित करण्यासाठी ट्रम्प यांना काहीतरी मोठे करणे भाग आहे. भारतीय राजकारण्यांच्या पावलावर पाऊल ठेवत त्यांनी थेट मतदारांच्या खिशाकडे मोर्चा वळवलेला दिसतो. डलास येथे झालेल्या रिपब्लिकन पक्षाच्या अधिवेशनात ट्रम्प म्हणाले, 'मध्यावधी निवडणुकांमध्ये रिपब्लिकन पक्षाने हाउस ऑफ रिप्रेझेंटेटिव्हज आणि सिनेट या दोन्ही सभागृहांवरील नियंत्रण कायम राखले, तर प्रत्येक प्रौढ अमेरिकन नागरिकाला पाच हजार डॉलरची रोख रक्कम दिली जाईल! ट्रम्प यांनी या रोख रकमेचे नावही मोठे गोंडस ठेवले आहे - 'ट्रम्प डिव्हिडंड'. हा खास लाभांश ज्यांना मिळेल, त्यांच्यासाठी एक अटही आहे - हे पैसे अमेरिकेच्या हद्दीतच खर्च करायचे! म्हणजे मतदार खुश, पैसा देशातच राहणार, अर्थव्यवस्थेला बहर आणि निवडणुकीचे गणितही नेमके! अमेरिकेत सुमारे २७ कोटी प्रौढ नागरिक आहेत. प्रत्येकाला पाच हजार डॉलर दिले, तर ट्रम्प डिव्हिडंडसाठी तब्बल १.२ ट्रिलियन डॉलरपेक्षा अधिक रक्कम लागेल. एवढे पैसे कुठून आणणार? आणि महत्त्वाचे म्हणजे, अमेरिकन राष्ट्राध्यक्षांना संसदेकडून मंजुरी घेतल्याशिवाय अशी रोख रक्कम थेट वाटता येत नाही. त्यामुळे ही योजना प्रत्यक्षात आणणे ट्रम्प यांच्यासाठी तितकेसे सोपे नाही. म्हणूनच खरा प्रश्न हा आहे, की मध्यावधी निवडणुकीत ट्रम्प यांच्या रिपब्लिकन पक्षाने संसदेतील बहुमत गमावले तर काय होईल? या प्रश्नाचे उत्तर मिळण्यासाठी थोडी वाट पाहावी लागेल. तोपर्यंत अमेरिकेतल्या डेमोक्रॅट्सनी आपले काम सुरू केले आहे. त्यांचे म्हणणे आहे, ही तर सरळ सरळ मतदारांची मते विकत घेण्याची चाल आहे. निवडणुकीत आपल्यालाच मत मिळावे यासाठी देऊ केलेली ही लाच आहे! काहीतरी ओळखीचे वाटते ना? आपल्याकडेही नेमकी हीच चर्चा झाली होती. फरक एवढाच की, तिथे पाच हजार डॉलर आहेत आणि इथे पाच-दहा हजार रुपये! कदाचित म्हणूनच काही भारतीयांनी ट्रम्प यांच्या योजनेला आता 'लाडला अमेरिकन योजना' आणि 'लाडला ॲडल्ट योजना' अशी नावे ठेवायला सुरुवात केली आहे. ट्रम्प यांनी भारतीय राजकारणातला हुकुमाचा पत्ता पळवला आहे, त्या खेळाची थोडी किंमत त्यांनाही चुकवावी लागेलच की!

# सत्तेची सूज, सुस्ती आणि 'जुने विरुद्ध नवे'

**भाजपमध्ये निष्ठा प्रदर्शनाची पक्षांतर्गत स्पर्धा सुरू आहे. जुने म्हणतात, आम्ही आधी आलो. नवे म्हणतात, आम्ही आल्यावर सत्ता आली!**



**यदु जोशी**
राजकीय संपादक, लोकमत

**भाजपच्या** प्रदेश कार्यालयात पूर्वीसारखी वर्दळ सध्या दिसत नाही. एक सुस्ती आलेली दिसते, सत्तेची सूज बरेचदा अशी सुस्ती आणते. परवा एक पदाधिकारी भेटले, ते एक जुनी गोष्ट सांगत होते. उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री होते तेव्हा भाजपमध्ये असे ठरले की, सरकारविरुद्ध प्रवक्त्यांनी रोजच्या रोज टीकेचे काही मुद्दे उचलायचे. त्यानुसार रोज सकाळी त्यांना मुद्दे पुरवले जाऊ लागले. पश्चिम महाराष्ट्रातील एका राजकीय घराण्यातील नेतादेखील प्रवक्ता होता. दोन दिवस गेले, आठ दिवस गेले, पंधरवडा झाला तरी ते काहीही बोलेनात. त्यांना कार्यालयातून एकाने विचारले, 'अरे! तुम्ही काहीच का बोलत नाही?'
ते नेते म्हणाले, 'अहो! सरकारकडे आम्हाला नेहमी काम पडते बघा! एकदम थेट विरोधात बोलण्यात अडचण होते, मला प्लीज सांगू नका.' धक्कादायक म्हणजे या नेत्याला काहीच महिन्यांनी राज्यसभेवर पाठवले गेले.

बाहेरून आलेल्यांचे अधिक लाड होतात, असे पक्षातील जुने लोक अनेकदा बोलतात. भाजपमध्ये सध्या 'जुने विरुद्ध नवे' असे एक सूक्ष्म चित्र दिसते. नव्यांची अडचणही कमी नाही. पक्षात प्रवेश केल्यानंतर लगेच 'आम्ही तर जन्मजात निष्ठावंतच होतो' असा आविर्भाव आणावा लागतो. पक्षाचा झेंडा हातात घेताच जणू बालपणापासून तोच झेंडा हृदयात होता, अशा थाटात निष्ठेच्या कथा रचाव्या लागतात. पक्ष बदलला नाही, फक्त निष्ठेचा पत्ता बदलला, असे म्हणण्याची वेळ येऊ नये इतपत ही कला साधलेली असते. 'आमच्यावर भाजपचे संस्कार आहेत', असे युवा मोर्चाचे प्रदेशाध्यक्ष कृष्णराज महाडिक (मार खाल्ल्याची कबुली देणारे) म्हणाले तेव्हा जरा हसूच आले. त्यांचे वडील मुन्ना महाडिक यांनी आपल्या याच मुलाचा उल्लेख 'महाराष्ट्र प्रदेश युवक काँग्रेसचा अध्यक्ष' असा केला. अशावेळी बाहेरून आलेल्यांबाबत जुन्यांनी नाराजी व्यक्त करू नये तर काय करावे? असे पक्षाचे एक जुनेजाणते नेते परवा पत्रकारांशी गप्पा मारताना म्हणत होते.

नव्या पक्षात सत्तेचे अनेक फायदे मिळाल्यानंतर तरी जुनी नाळ तुटायला हरकत नसावी. कालचा झेंडा विसरणे आणि आजच्या झेंड्याशी जन्मजन्मांतरीचे नाते सांगणे, ही राजकारणातील सर्वात वेगाने विकसित होणारी कला आहे हे भान कधी-कधी सुटून जाते. जुन्यांना मात्र या सगळ्याचे दुःख अधिक असते. घरासाठी आयुष्य घालवलेल्या माणसाला नव्याने आलेल्या पाहुण्याला घराची किल्ली मिळालेली दिसली, की मनात खदखद होणारच. पण इथेच एक तत्त्वज्ञानाचा प्रश्न उभा राहतो तो हा, की निष्ठा पक्षाशी असते की व्यक्तीशी? विचारांशी असते की सत्तेशी? झेंड्याशी असते की झेंड्याच्या सावलीत मिळणाऱ्या संधीशी?



जुन्यांनीही एक गोष्ट लक्षात घ्यायला हवी. केवळ 'मी जुना आहे' म्हणून कायम पहिल्या रांगेत जागा मिळेल, असे कोणत्याही पक्षात नसते. राजकारण हे संग्रहालय नाही. तिथे जुन्या वस्तूंना जपून ठेवण्यासाठी स्वतंत्र कपाटे नसतात. उपयोगिता संपली, की कालचा शिलेदारही इतिहासाचा भाग होऊ शकतो. भाजपमध्ये आता निष्ठेचीही पक्षांतर्गत स्पर्धा सुरू आहे. जुने म्हणतात, आम्ही आधी आलो. नवे म्हणतात, आम्ही आल्यावर सत्ता आली!

नव्यांनीही एक गोष्ट समजून घ्यावी. पक्षात येणे सोपे असते; पक्षाचा इतिहास आपल्या अंगावर घेणे कठीण असते. निष्ठेचे प्रमाणपत्र स्वतःच छापून घेतल्याने ते खरे ठरत नाही. त्यासाठी काळाची परीक्षा द्यावी लागते. सत्ता गेल्यानंतर कोण उभा राहतो आणि सत्ता आल्यावर कोण पुढे सरसावतो, यातील फरकच खरी निष्ठा सांगतो. निष्ठा सांगावी लागत नाही. ती दिसते आणि जी वारंवार सांगावी लागते, तिच्यावरच सर्वाधिक संशय घेतला जातो!

माल कमावलेल्यांमध्ये 'जुने निष्ठावंत'देखील कमी नाहीत बरं! मनोज जरांगे पाटील यांच्यावर टीका करताना राजकीय परिणाम भोगावे लागतील, याची चिंता न करता मुख्यमंत्री फडणवीस यांच्यासाठी ढाल बनलेले बोटावर मोजण्याइतकेही नेते नाहीत. मोदी-फडणवीसांसह भाजप नेत्यांवर होणाऱ्या टीकेला सडेतोड उत्तर देण्यात भाजप कमी पडत आहे. सोशल मीडिया टीम नापास आहे.

### फुलपाखरांना प्रशिक्षण

भाजपमध्ये गेल्या दहा-पंधरा वर्षांमध्ये अनेक लोक आले, त्यांना वाजपेयी-अडवाणी फक्त ऐकून माहिती आहेत. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जींचे विचार त्यांना मुळीच ठाऊक नाहीत. सत्तेच्या गाडीत बसायला मिळते म्हणूनही अनेकजण आले. नगरपालिका-महापालिकांमधील ६० ते ७० टक्के नगरसेवक ही कधी ना कधी बाहेरून आलेली फुलपाखरे आहेत. ते आणि जुने अशा सगळ्यांना रामभाऊ म्हाळगी प्रबोधिनीमध्ये सध्या प्रशिक्षण दिले जात आहे. पैसा वसूल करण्याची संधी म्हणून नगरसेवक पदाकडे पाहणाऱ्यांना या प्रशिक्षणात बऱ्याच कानपिचक्या दिल्या गेल्या. फुलपाखरांना प्रशिक्षण देणे ठीक; पण काही जुन्या शिलेदारांनाही अधूनमधून 'सत्ता कायमची नसते' हा धडा शिकवावा लागेल. काही आमदारांकडे पाहिले तर त्यांनाही अशाच प्रशिक्षणाची गरज असल्याचे सारखे वाटत राहाते. काल एका फुलावर, आज दुसऱ्या फुलावर, फुलपाखरांचे हे राजकारण असले, तरी पक्षाला त्यांना घरटे बांधायला शिकवावे लागते.

### जाता जाता

राज्याच्या कृषी खात्यामध्ये खालपासून वरपर्यंत वाटण्यात पुरवठादारांना ५० टक्के मोजावे लागतात म्हणे! एका पुरवठादाराने एवढी कमाई केली आहे की, मुंबईत श्रीमंत वस्तीत डान्स बार उघडला, अजून कोणाचे काय काय आहे; विचारू नका.

yadu.joshi@lokmat.com

## अन्वयार्थ

# नको देवराया, अंत आता पाहू; प्राण हा सर्वथा जाऊ पाहे!

**रस्त्यावर मध्यरात्री गोंगाट करणाऱ्यांना हटकले म्हणून मणिपूरच्या संगीतकाराचा खून होतो, पुण्यात बापटांना मारहाण होते, हे काय चालले आहे?**



**संजय नहार**
अध्यक्ष, सरहद

**६ सप्टेंबर** २०२६ची रात्र दक्षिण दिल्लीतील किलकारी भागात राहणाऱ्या आणि मूळच्या मणिपूरच्या असणाऱ्या संगीतकार चोंगथम विक्रम सिंग यांच्या कुटुंबीयांसाठी काळरात्रच ठरली. 'फिनिक्स' नावाने स्थापन झालेल्या मणिपूरमधील प्रसिद्ध रॉक बँडचे लीड गिटारवादक आणि संगीत शिक्षक असलेले विक्रम सिंग यांची दिल्लीत झुंडीने हत्या झाली. हत्येचे कारण वरकरणी अगदी किरकोळ होते. चोंगथम विक्रम सिंग यांना आणि त्यांच्या कुटुंबीयांना शांतता हवी होती; आणि घराखाली गोंगाट सुरू होता. तेथील ढाब्यावर काही तरुण दारू पिऊन गोंधळ घालत होते. गोंधळ घालू नका, असे सांगण्यासाठी ५४ वर्षीय चोंगथम विक्रम सिंग खाली आले, त्यांची तरुणांशी बाचाबाची झाली आणि त्यांना जमावाकडून बेदम मारहाण करण्यात आली. ही मारहाण सुरू असतानाच त्यांचा मुलगा याइफाबा आणि त्यांची पत्नी जोशना चोंगथम यांनी पोलिसांकडे तक्रार केली. सिंग यांना रुग्णालयात दाखल करण्यात आले पण उपचारादरम्यान त्यांचा मृत्यू झाला. यापूर्वीही त्यांना दमदाटी करण्यात आल्याचे वृत्त आहे.

काही वर्षांपूर्वी याच बँडच्या काही सदस्यांशी माझी भेट झाली होती. मणिपूरमध्ये संगीत, नाटक, कला यांचे मोठे आकर्षण आहे. गेल्या काही महिन्यांत मैतेयी विरुद्ध कुकी आणि कुकी विरुद्ध नागा अशा संघर्षामध्ये मणिपूर जळत असताना अशा प्रकारचे कार्यक्रम जवळपास बंदच झाले आहेत. रतन थिय्यामसारखा जगप्रसिद्ध नाटककार तसेच रंगमंचकार ज्या भूमीने दिला, त्या भूमीतून दिल्लीत आलेल्या विक्रम सिंग यांच्या हत्येने केवळ ईशान्य भारतालाच नाही तर देशातील संगीतप्रेमी आणि सुजाण नागरिकांना धक्का बसला.

आज महाराष्ट्रात डीजे हवा की नको, तो आपल्या धर्माचा एक भाग आहे का आणि तो टाळता येणार नाही का? - यावर साधक-बाधक चर्चा सुरू आहे.



पुण्यामधील सर्वपक्षीय सुजाण नागरिकांनी याविरुद्ध संघटितपणे आवाज उठवला आहे. विद्यानंद बापट हे यापूर्वी कधीही कुठेही प्रसिद्ध नसलेले गृहस्थ या आवाजाचा चेहरा बनले. त्यांनाही भरदिवसा मारहाण झाली. वास्तविक गणेशोत्सव मंडळाच्या कार्यकर्त्यांनी प्रत्येक राष्ट्रीय अथवा सामाजिक संकटात बजावलेली भूमिका अत्यंत महत्त्वाची आहे. भाऊसाहेब रंगारी आणि लोकमान्य टिळकांनी परकीय सत्तेविरुद्ध जनजागरणाचे माध्यम म्हणून स्वातंत्र्यासाठी गणेशोत्सवाची लोकचळवळ केली. आज आपले राज्य आहे. स्वतंत्र भारतात आपण राहात आहोत. लोकशाही आहे. या लोकशाहीत मर्यादांचे उल्लंघन करून, समाजाला त्रास होईल, अशा गोष्टी न करण्याची जबाबदारी सर्व गणेश मंडळांची आहे.

मी स्वतः वयाच्या चौदाव्या वर्षापासून भारतमाता मित्र मंडळ तसेच हिंदमाता तरुण मंडळ या सार्वजनिक गणेशोत्सव मंडळांच्या माध्यमातून पुण्यातील नाना पेठेत कार्यकर्ता ते पदाधिकारी अशा सर्व भूमिकांमध्ये काम केले आहे. त्यामुळे मला दोन्ही बाजूंच्या भावना समजतात.

माझ्या घराबाहेर गणेशोत्सवाचा मांडव असे व रात्रभर गाणी लावली जात. त्यावेळी या आवाजाची इतकी सवय झाली होती की, त्याचा त्रास वाटत नसे. नंतर कालानुरूप ही वेळ रात्री बारापर्यंत आली. त्यानंतर प्रचंड ध्वनिप्रदूषण करणारे डीजे आले. त्याचा आवाज घरातील लहान मुले, वयस्कर नागरिक आणि रुग्ण यांच्यासाठी जीवघेणाच असतो. पुण्याच्या सदाशिव पेठेत राहणाऱ्या एक आजी सध्या आजारी असतात. त्यांनी मला संत कवयित्री कान्होपात्रा यांनी पंधराव्या शतकात लिहिलेल्या अभंगाच्या दोन ओळी पाठवल्या.

'नको देवराया, अंत आता पाहू।
प्राण हा सर्वथा, जाऊ पाहे॥'

दिल्लीमध्ये ज्यांच्या मुलाची झुंडीकडून हत्या झाली, त्यांची ओळख 'मणिपूरच्या लता मंगेशकर' अशी आहे, त्या ८५ वर्षांच्या आहेत.

इम्फाळमध्ये राहणाऱ्या या वयोवृद्ध चोंगथम कमला या आईची म्हणजेच मणिपूरच्या प्रसिद्ध शास्त्रीय गायिकेची भावना यापेक्षा वेगळी नसेल.

## जगभर

# फुलांची ओझी वाहणाऱ्या लोकांचा उत्सव

**कोलंबिया** हा दक्षिण अमेरिकेतला एक देश. इथल्या मेडेलिन नावाच्या शहरात दरवर्षी एक फ्लॉवर फेस्टिव्हल भरतो, फुलांचा उत्सव! त्यालाच 'सिलेटेरोस परेड' असंही म्हणतात. वेगवेगळ्या शोभिवंत कलाकृतींच्या रूपात फुलं सजवून त्यांचं ओझं पाठीवर घेऊन इथले नागरिक या परेडमध्ये सहभागी होतात. १९व्या शतकात इथल्या सँटा एलेना नावाच्या डोंगराळ भागात राहणारे शेतकरी आणि स्थानिक लोक आजारी मुलं, वृद्ध व्यक्ती किंवा गर्भवती महिलांना डोंगराळ भागातून सुखरूप नेण्या-आणण्यासाठी लाकडी चौकटी वापरत असत. त्या चौकटींना 'सिलेटा' असं म्हटलं जात असे. पुढे-पुढे इथले शेतकरी आपल्या शेतातली फुलं या 'सिलेटां'वर बांधून ती विक्रीसाठी मेडेलिनच्या बाजारात आणू लागले. त्या लाकडी चौकटींची आणि त्यावर बांधून बाजारात विक्रीसाठी आणल्या जाणाऱ्या फुलांची आठवण म्हणून हा फ्लॉवर फेस्टिवल आणि ही परेड आजही कोलंबियन लोकांसाठी महत्त्वाची आहे. आज फुलं वाहून नेण्याच्या या कामानेच मेडेलिनला जगाच्या नकाशावर आपली ओळख मिळवून दिली आहे.

नुकताच मेडेलिन शहराजवळ हा फुलांचा उत्सव साजरा झाला. या उत्सवाचं वैशिष्ट्य म्हणजे तिथे राहणाऱ्या शेतकऱ्यांच्या पिढ्या आजही या उत्सवात सहभागी होतात आणि आपल्या वाडवडिलांची आठवण म्हणून फुलांची आकर्षक ओझी आनंदाने वागवतात. यावर्षीच्या सिलेटरोस परेडमध्ये २६ वर्षांची ॲस्ट्रीड लोरेना वेलाझक्वेझ रॉड्रिग्ज आणि तिची आई सहभागी झाल्या होत्या. ॲस्ट्रीडच्या आजीने आतापर्यंत ५० मिरवणुकांमध्ये सहभाग घेतला आहे. तिची आई सँड्रा गेली १७ वर्षे या मिरवणुकीत सहभागी होते. आता या दोन्ही पिढ्यांनी हा वारसा २६ वर्षांच्या ॲस्ट्रीडकडे सोपवला आहे.

१९५७ मध्ये पहिल्यांदा हा फुलांचा उत्सव मेडेलिनमध्ये आयोजित करण्यात आला. सँटा एलेनामध्ये राहणारे शेतकरी आपल्या शेतातल्या फुलांनी सजवलेल्या सिलेटा पाठीवर घेऊन मिरवणुकीत सहभागी झाले. ही मिरवणूक तेव्हा चांगलीच लोकप्रिय झाली. त्यामुळे आजपर्यंत दरवर्षी हा उत्सव आणि मिरवणूक स्थानिक नागरिक आणि पर्यटकांच्या आकर्षणाचा भाग असते.



आता काळाप्रमाणे ही मिरवणूक आणि यातल्या पुष्परचना अधिकाधिक भव्यदिव्य होत चालल्या आहेत. काही मीटर व्यासाच्या चौकटींवर अनेक असंख्य प्रकारची फुलं सजवून लोक या मिरवणुकीत येतात. चौकट फुलांनी सजवलेली असेल तरी त्यांचं वजनही भरभक्कम असतं. कुणाची सिलेटा अधिक आकर्षक अशी एक छुपी स्पर्धाही इथे असतेच. यंदा झालेल्या मिरवणुकीत १० वर्षांची ग्वादालुप ही मुलगी पहिल्यांदाच सहभागी झाली होती. तिच्या संपूर्ण कुटुंबाने मिळून तिची सिलेटा सजवली होती. या उत्सवाकडे आपल्या प्रथा, परंपरा पुढच्या पिढीकडे सोपवण्याचा सोहळा म्हणूनही पाहिलं जातं.

मेडेलिनजवळच्या सँटा एलेना भागात राहणारी शेतकरी आणि फुल बागायतदारांची सुमारे ५०० कुटुंबं गेली अनेक वर्षे या उत्सवाशी जोडलेली आहेत. फुलांची शेती, सजावट, लाकडी सिलेटा तयार करणं, त्या फुलांनी सजवणं हा त्यांच्या रोजच्या जगण्याचा भाग आहे. फुलांना आहे तसंच महत्त्व या परंपरेत शेती, शेतीभोवतीचं अर्थकारण, कुटुंब व्यवस्था आणि आपल्या भवतालाला धरून ठेवण्यालाही आहे. दरवर्षी या उत्सवात आबालवृद्ध मोठ्या उत्साहाने सहभागी होतात. फुलांची सुंदर ओझी पाठीवरून मिरवतात. आपल्या पूर्वजांचं स्मरण करतात आणि त्यांच्याकडून मिळालेला वारसा नव्या पिढीकडेही सोपवतात.

## जनमन

# ...ही तर भारताचीच नाचक्की!



**पॅरिसमधील** आयफेल टॉवर संदर्भातले वृत्त वाचले. एका हिंदू धार्मिक संघटनेच्या (बाप्स) प्रतिनिधी मंडळाने आयफेल टॉवरला भेट दिली असता, तिथे कार्यरत असलेल्या महिला कर्मचाऱ्यांना त्यांच्या कार्यस्थळापासून दूर ठेवण्याची किंवा तिथून हटवण्याची मागणी केली. परदेशी भूमीवर जाऊन तिथल्या महिला कर्मचाऱ्यांशी असा भेदभावाचा प्रकार अत्यंत निषेधार्ह आहे. या घटनेकडे पाहताना आपल्या देशाचा ऐतिहासिक वारसा आणि सामाजिक संघर्ष डोळ्यांसमोर येतो. महात्मा जोतिराव फुले व क्रांतिज्योती सावित्रीबाई फुले या दाम्पत्याने संघर्ष करत शिक्षणाची आणि क्रांतीची ज्योत पेटवली. पुढे भारतीय राज्यघटनेचे शिल्पकार भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकरांनी संविधानाच्या माध्यमातून भारतीय स्त्रीला पुरुषांच्या बरोबरीने हक्क, अधिकार आणि सन्मानाने जगण्याची ताकद मिळवून दिली. त्याच देशातील काही मंडळी परदेशात जाऊन महिलांसोबत दुजाभाव करतात, हे आपल्या वैचारिक अधोगतीचे लक्षण आहे.

या प्रकारामुळे फ्रान्समध्येही तीव्र राजकीय प्रतिक्रिया उमटल्या. फ्रान्समधील कामगार संघटनांनी याविरुद्ध थेट काम बंद आंदोलन पुकारले, तर वाढत्या टीकेमुळे अखेर पॅरिसमधील संबंधित मंदिराला याबद्दल दिलगिरी व्यक्त करून माफी मागावी लागली. स्वतःच्या देशात पिढ्यान्पिढ्या स्त्रियांवर होणाऱ्या अन्यायाची मलमपट्टी करण्याऐवजी, आता हीच मानसिकता परदेशात नेऊन भारताची आंतरराष्ट्रीय पातळीवर नाचक्की करणे अत्यंत दुर्दैवी आहे.

**- आशिष घायवान**, यवतमाळ

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : janman@lokmat.com

## तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे




## म्हणजे काय?

# 'कॉफी बॅजिंग' - सक्तीचे आहे म्हणून ऑफिसला यायचे इतकेच!

**हायब्रीड कर्मचारी ठरल्या दिवशी ऑफिसला येतात, एकत्र कॉफी पितात, सहकाऱ्यांबरोबर वेळ घालवून काम करायला, मात्र पुन्हा घरीच जातात!**

**कोरोना** काळात अनेक कंपन्यांचे कर्मचारी हे सक्तीने घरात बसून ऑफिसचं काम करू लागले. त्यामुळे जगभर कामाची पद्धत, वर्क कल्चरही बदलले. ऑफिसात जाऊन ठरावीक वेळेत काम करण्यापेक्षा घरातून, आपल्या कम्फर्ट झोनमधून काम करणे हे अनेकांसाठी न्यू नॉर्मल झाले. या काळात झालेले अनेक बदल आता बऱ्याच अंशी पूर्वपदावर आले असले, तरी काही कंपन्यांनी आजही कर्मचाऱ्यांना त्यांच्या सोयीने काम करण्याची मुभा दिली आहे. काही कंपन्यांनी कर्मचाऱ्यांना ऑफिसला येण्याची सक्ती केली असली, तरी बहुतेक कंपन्यांनी हायब्रीड ही कामाची नवी पद्धत अंगिकारलेली दिसते.

हायब्रीड पद्धतीत कर्मचारी काही दिवस घरातून तर काही दिवस ऑफिसमधून काम करतात. मात्र, या व्यवस्थेमुळे कामाच्या ठिकाणीसुद्धा आता एक न्यू नॉर्मल वर्तन दिसू लागले आहे. त्यालाच 'कॉफी बॅजिंग' असे म्हणतात.

नावातूनच या वर्तनाचा संबंध कॉफीशी आहे, हे पुरेसे स्पष्ट होतेच. ज्या कर्मचाऱ्यांना घरातून काम करणे अंगवळणी पडले आहे ते ठराविक दिवशी ऑफिसला येणे सक्तीचे आहे म्हणून येतात, कॉफी पितात, सहकाऱ्यांना भेटतात, त्यांच्याबरोबर वेळ घालवतात, पण काम करण्यासाठी मात्र ते पुन्हा आपल्या कम्फर्ट झोनमध्ये, म्हणजे घरीच परततात. म्हणून या वर्तनाला 'कॉफी बॅजिंग' म्हटले जाते. म्हणजेच ऑफिसमध्ये येण्याचा मुख्य उद्देश हा तिथे येऊन काम करण्यापेक्षा येणे सक्तीचे असल्यामुळे आलो होतो हे दाखवणे असा आहे.

हायब्रीड वर्किंगची पद्धत स्वीकारल्यानंतर काही कंपन्यांकडून कर्मचाऱ्यांना ठरावीक दिवशी ऑफिसमध्ये उपस्थित राहावे, अशी व्यवस्थापनाची अपेक्षा असते. कर्मचारी ती पूर्णही करतात. मात्र, त्यात



नियम पाळण्याचा प्रयत्नच जास्त असतो. ज्या कर्मचाऱ्यांना सवयीमुळे घरून काम करणे अधिक सोयीचे किंवा प्रॉडक्टिव्ह वाटते. ते ऑफिसमध्ये नुसती उपस्थिती लावतात. कागदपत्रांची देवाणघेवाण, मीटिंग किंवा तत्सम काम असेल तर ते करतात, पण आपले नेहमीचे काम करण्यासाठी मात्र ते पुन्हा घरीच जातात. त्यामुळे कोरोनानंतरच्या काळातील वर्क कल्चरमधील एक नवा ट्रेंड म्हणून याकडे पाहिले जाते. शिवाय, ऑफिसमध्ये उपस्थित राहण्याच्या अप्रत्यक्ष दबावाला झुगारून देण्याचा प्रकार म्हणूनही 'कॉफी बॅजिंग' ही संकल्पना रूढ झाल्याचे तज्ज्ञ म्हणतात.

कर्मचाऱ्यांच्या या नवीन वर्तनाबद्दल केवळ ऑफिसला जाण्याचा कंटाळा म्हणून पाहू नये. घरून काम करताना प्रवासाचा वेळ आणि खर्च वाचतो, त्यात वाहतूक कोंडीसारख्या समस्यांमुळे शरीरावर आणि मनावर येणारा ताण कमी होतो. कामाच्या वेळेबाबत अधिक लवचिकता मिळते आणि काही कर्मचाऱ्यांना त्यामुळे कामावर अधिक चांगल्या पद्धतीने लक्षही केंद्रित करता येते.

ठरावीक दिवशी ऑफिसमध्ये येण्यामुळे सहकाऱ्यांशी प्रत्यक्ष संवाद साधता येतो, चर्चा करता येतात आणि थेट व्यक्तिगत संपर्कही कायम राहतो. त्यामुळे काही कर्मचारी दोन्ही पद्धतींचा समतोल साधण्याचा प्रयत्न करतात, असे काही तज्ज्ञ म्हणतात. दुसरीकडे ही पद्धत कंपन्यांसाठी फारशी हिताची नाही, असेही काहींचे म्हणणे दिसते. ऑफिसमध्ये फक्त कामासाठी येणे अपेक्षित नाही, त्यातून त्या-त्या कंपनीचे वर्क कल्चरही निर्माण होत असते, असाही एक सूर दिसतो. मात्र, काम कुठून केले, यापेक्षा ते किती चांगले केले हे महत्त्वाचे नाही का? असाही एक प्रश्न कर्मचाऱ्यांकडून विचारला जातो.

हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय** : लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय** : वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे,
फोन : २५४४११०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय** : पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

# ट्रंप का चुनावी वादा

दुनिया के सबसे पुराने और विकसित लोकतांत्रिक देश अमेरिका में भी लोगों को सीधे नकदी या मुफ्त उपहार देने की राजनीति चल निकली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनावों में उनकी रिपब्लिकन पार्टी जीत हासिल करती है, तो वह हर वयस्क अमेरिकी नागरिक को 5,000 डॉलर का भुगतान करेंगे। यह एक बहुत महंगी योजना है, जिसमें एक ट्रिलियन डॉलर से भी अधिक खर्च आएगा। दरअसल, रिपब्लिकन पार्टी को हार की आशंका सता रही है। देश के अंदर और बाहर भी अमेरिका समस्याओं से घिरा हुआ है। डोनाल्ड ट्रंप की लोकप्रियता घटती जा रही है। अब उनके समर्थन में बमुश्किल 36 प्रतिशत अमेरिकी बचे हैं, जबकि 60 प्रतिशत से ज्यादा उनकी नीतियों से इत्तफाक नहीं रखते हैं। ऐसे में, लोगों का दिल जीतने के लिए ट्रंप ने नकदी उपहार का वादा किया है। भारत जैसे विकासशील देशों में तो नकदी उपहार की रणनीति को चुनावों में कामयाब होते देखा गया है, लेकिन क्या अमेरिका जैसे संपन्न देश में नकदी उपहार की राजनीति कामयाब हो पाएगी?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बारे में माना जाता है कि उन्होंने विश्व भर की राजनीति को प्रभावित किया है, लेकिन क्या वह इस बार भारत से प्रभावित हुए हैं? हालांकि, अमेरिकी विपक्षी नेताओं, खासकर डेमोक्रेट्स ने इसे खोखला वादा करार दिया है। यह भी बताया जा रहा है कि यह वादा या योजना कानूनी रूप से मुश्किल में पड़ जाएगी। अमेरिकी सर्वोच्च अदालत में इसकी वैधता व व्यावहारिकता पर सवाल उठेंगे। बहरहाल, अगर ट्रंप यह वादा पूरा करते हैं, तो लोकतंत्र के इतिहास में यह सबसे बड़ी व महंगी मुफ्त चुनावी घोषणा होगी। अमेरिका के लगभग 27 करोड़ वयस्कों में हर किसी को पांच-पांच हजार डॉलर अर्थात भारतीय मुद्रा में 4 लाख, 77 हजार से ज्यादा रुपये हासिल होंगे। ट्रंप ने यहां अमीर-गरीब में भेद नहीं किया है। इसमें एक शर्त जुड़ सकती है कि जो डॉलर मिलेंगे, उन्हें अमेरिका में ही खर्च करने की बाध्यता होगी। संभव है, इस महंगी योजना से अमेरिकी अर्थव्यवस्था को भी कुछ लाभ होगा। वहां मांग बढ़ेगी। एक तथ्य यह भी है कि अमेरिका में महंगाई बढ़ रही है। खासकर ईरान पर फरवरी से शुरू हुए हमले के बाद से स्थिति अच्छी नहीं है।

**ट्रंप ने वादा निभाया, तो अमेरिका के करीब 27 करोड़ वयस्कों में हर किसी को पांच-पांच हजार डॉलर, अर्थात भारतीय मुद्रा में 4 लाख, 77 हजार रुपये हासिल होंगे।**

वैसे, ट्रंप टैरिफ से होने वाली कमाई बांटने की चर्चा पहले कर चुके हैं। पहले दो हजार डॉलर की चर्चा थी, अब पांच हजार डॉलर की चर्चा है। स्वास्थ्य बीमा में भी करीब दस लाख अमेरिकियों को रियायत देने की चर्चा है। यह रियायत शायद अमेरिका के कम से कम 30 राज्यों में चुनाव से पहले ही मिल सकती है। इधर, सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में मुफ्त योजनाओं की पुरानी परंपरा है, अगर ऐसी ही परंपरा अमेरिका में शुरू हो रही है, तो असर पूरी दुनिया पर होगा। लागत की बात करें, तो अमेरिका में नकद उपहार पर जो खर्च आएगा, उससे आठ गुना ज्यादा उपहार खर्च अभी भारत में केंद्र सरकार और राज्य सरकारें कर रही हैं। यहां कतई नहीं सोचना चाहिए कि अमेरिकी सरकार लोगों को मुफ्त में कोई सेवा नहीं देती है। मिसाल के लिए, वहां बेरोजगार हो जाने पर करीब छह महीने तक सरकारें हर महीने औसतन करीब 37 हजार रुपये भत्ता देती हैं। स्वास्थ्य बीमा में भी लाभ देती हैं, पर ऐसा पहली बार हो रहा है, जब कोई दल चुनाव जीतने के लिए उपहार का सहारा ले रहा है। अमेरिका में यह दांव कामयाब हुआ, तो दुनिया में लोकतंत्र भले मजबूत न हो, पर चुनावी राजनीति की लोकप्रियता जरूर बढ़ेगी।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 11 सितम्बर, 1951

### कांग्रेस-संकट का अन्त

नेहरूजी के कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्यता से त्यागपत्र देने के साथ कांग्रेस के भीतर जो संकट पैदा हो गया था, उसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने खत्म कर दिया। कमेटी ने श्री पुरुषोत्तमदास टण्डन का कांग्रेस-अध्यक्ष पद से त्यागपत्र स्वीकार किया और उनके स्थान पर प्रायः सर्व-सम्मति से श्री नेहरूजी को कांग्रेस का अध्यक्ष चुन लिया। उसने बाकायदा कांग्रेस की बागडोर नेहरूजी के हाथों में सौंप दी है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की बैठक के पूर्व टण्डनजी और नेहरूजी के दृष्टिकोणों में समन्वय स्थापित करने के प्रयास किये गये थे, किन्तु खेद का विषय है कि उन प्रयासों में सफलता नहीं मिली और कमेटी को दो टूक फैसला करना पड़ा।

एक ओर नेहरूजी का यह आग्रह था कि कांग्रेस कार्यसमिति का पुनर्निर्माण किया जाये और दूसरी ओर टण्डन जी की यह मान्यता थी कि कार्यसमिति का पुनर्निर्माण आवश्यक और उचित नहीं है। टण्डनजी को अपने द्वारा नियुक्त कार्यसमिति को स्वयं भंग न करना पड़े, इसलिए उसके सभी सदस्यों ने अपने-आप अपने त्यागपत्र दे दिये थे, ताकि टण्डनजी नेहरूजी के परामर्श से कार्यसमिति का पुनर्निर्माण कर सकें। यह एक बीच का रास्ता निकाला गया था, किन्तु श्री टण्डनजी का अन्तिम समय तक यही विचार रहा कि कार्यसमिति के सदस्यों ने 'दबाव' में आकर त्यागपत्र दिये हैं और कार्यसमिति का पुनर्निर्माण करना उनके लिए उचित नहीं होगा। वह नेहरूजी को अलग रखकर भी काम नहीं चला सकते थे। उन्होंने स्वीकार किया है कि नेहरूजी अन्य किसी व्यक्ति की अपेक्षा आज राष्ट्र के प्रतीक हैं। उनके सामने कार्यसमिति के पुनर्निर्माण और नेहरूजी के कांग्रेस के सक्रिय नेतृत्व से अलग रहने की जो दुविधा थी, उसका हल उन्हें यही नजर आया कि वह स्वयं कांग्रेस-अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दें। इसमें कोई शक नहीं कि इस सारे विवाद में टण्डनजी ने बड़े धैर्य और संयम से काम लिया और ऐसा कोई काम नहीं होने दिया, जिससे अनावश्यक रूप में कटुता बढ़ती और कांग्रेस एवं देश के हितों को हानि पहुंचती।

श्री टण्डनजी ने अपने विचारों की खातिर कांग्रेस-अध्यक्ष जैसे महत्त्वपूर्ण पद को एक संन्यासी की भांति त्याग दिया, जिसके लिए उनका सम्मान और भी बढ़ जायेगा।

# भुलाए नहीं भूलता 9/11 का मंजर



यहां स्कैन करें

हर्ष वी पंत | प्रोफेसर, किंग्स कॉलेज लंदन

**अमेरिका में हुए भयावह आतंकी हमले को आज पच्चीस वर्ष हो रहे हैं। अपने हिसाब से उसने चुन-चुनकर जवाबी हमले किए, लेकिन दुनिया को क्या हासिल हुआ?**

उस दुर्दांत आतंकी हमले के आज पच्चीस साल हो रहे हैं, जिसने दुनिया की राजनीति, सुरक्षा व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की दशा-दिशा बदल दी। 11 सितंबर, 2001 को अमेरिका के 'ट्विन टावर' पर हुए आतंकी हमले को महज घटना मानकर भुला देना उचित नहीं होगा। अल-कायदा के आतंकियों ने इस दिन चार अमेरिकी विमानों का अपहरण करके न्यूयॉर्क, वाशिंगटन और पेन्सिलवेनिया में हमले किए थे, जिनमें करीब 3,000 लोग मारे गए, पर इन हमलों का असर तात्कालिक त्रासदी से कहीं अधिक गहरा रहा।



इन हमलों से वैश्विक सुरक्षा ढांचे में बड़ा बदलाव आया; दुनिया की बड़ी ताकतों की प्राथमिकताएं बदल गईं; रोजमर्रा की जिंदगी में सरकारों की दखलंदाजी बढ़ गई; अमेरिकी इकबाल पर बुरा असर पड़ा; संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाएं, खासकर सुरक्षा परिषद् कमजोर होती गई और सबसे अहम बात, तमाम देशों में यह धारणा बनी कि आतंकी हमले का जवाब भी ठीक उसी तरह से अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को बदल सकता है, जैसे कोई आतंकी हमला बदलता है।

9/11 की वारदात के बाद अमेरिका के नेतृत्व में 'आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक युद्ध' की शुरुआत हुई। अक्तूबर 2001 में अफगानिस्तान पर किया गया हमला शुरुआत में अल-कायदा और उसे पनाह देने वाले तालिबान के खिलाफ कार्रवाई के तौर पर पेश किया गया, मगर बाद में यह करीब दो दशक तक चलने वाला सैन्य और राजनीतिक अभियान बन गया। साल 2003 में इराक पर हमले से संघर्ष का दायरा बढ़ा। जनसंहारक हथियारों की मौजूदगी और आतंकवाद-रोधी कार्रवाई जैसे कारण तब जरूर बताए गए, मगर सद्दाम हुसैन सरकार और 9/11 के बीच कोई संबंध नहीं निकला। फिर भी, इसके नतीजे गंभीर रहे। इराक युद्ध ने क्षेत्र में अस्थिरता पैदा कर दी, ईरान की स्थिति मजबूत की और ऐसे हालात बनाए, जिनमें 'इस्लामिक स्टेट' (आईएस) जैसा आतंकी संगठन पैदा हुआ।

इन युद्धों का रणनीतिक परिणाम मिला-जुला रहा। ओसामा बिन लादेन साल 2011 में मारा गया और अल-कायदा भी बुरी तरह कमजोर हो गया, लेकिन 2021 में अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद वहां फिर से तालिबान काबिज हो गए। इससे यही सबक मिलता है कि सैन्य ताकतों से संगठन खत्म किए जा सकते हैं, सरकारों को हटाया जा सकता है, लेकिन एक टिकाऊ राजनीतिक व्यवस्था नहीं बनाई जा सकती।

9/11 के बाद की लड़ाइयों ने आर्थिक और मानवीय रूप से काफी नुकसान पहुंचाया। इन युद्धों में न सिर्फ खरबों डॉलर स्वाहा हुए, बल्कि लाखों लोगों को अपनी जान भी गंवानी पड़ी। अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को इनकी भारी सैन्य और आर्थिक कीमत चुकानी पड़ी। नाटो ने पहली बार 'अनुच्छेद 5' का इस्तेमाल किया, जिसने सदस्य देशों में एकजुटता की असाधारण भावना प्रदर्शित की, लेकिन यह एकता भी लंबे समय तक नहीं टिक सकी।

9/11 के बाद सुरक्षा के नाम पर तमाम तरह की बंदिशें लागू हो गईं। हवाईअड्डे संदेह की नजरों से देखे जाने लगे, कॉकपिट के दरवाजे मजबूत किए गए और यात्रियों के लिए तरल पदार्थों के लाने-ले जाने पर रोक लग गई। हालांकि, बदलाव सिर्फ विमानन क्षेत्र में नहीं हुए, बल्कि सरकारों ने सूचना साझा करने, आर्थिक निगरानी, शहरी सीसीटीवी नेटवर्क के दायरे आदि भी बढ़ाए। 'मनी-लॉन्ड्रिंग' और 'टेरर-फंडिंग' को रोकने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने भी नियम कड़े किए। इस तरह, सुरक्षा व्यवस्था तो बहुत हद तक कारगर बन गई, पर इसकी कीमत अधिक असुविधा, ज्यादा खर्च के अलावा निजता को आधुनिक जीवन का स्वाभाविक हिस्सा न मानने संबंधी मानसिकता के रूप में चुकानी पड़ी।

हालांकि, 9/11 का सबसे अहम असर संभवतः भू-राजनीति पर पड़ा। 'आतंकवाद-विरोधी कार्रवाई' अमेरिकी विदेश नीति का मुख्य आधार जरूर बन गई, लेकिन यह बदलाव उसके लिए रणनीतिक तौर पर काफी महंगा साबित हुआ है। शीत युद्ध के बाद विश्व व्यवस्था पर अमेरिका का एकमात्र दबदबा था, लेकिन 9/11 और उसके बाद की अमेरिकी जवाबी कार्रवाइयों ने एक ऐसी व्यवस्था बनाई, जिसमें कई देश अमेरिका से होड़ लेते हुए उभरे। व्हाइट हाउस जब 'नॉन स्टेट एक्टर्स' से लड़ने में अपनी ऊर्जा खर्च कर रहा था, तब दुनिया में सत्ता का संतुलन बदल रहा था। खासतौर पर चीन ने इस मौके का रणनीतिक लाभ उठाया और अपने आर्थिक विकास, सैन्य आधुनिकीकरण व विस्तारवाद पर ध्यान दिया। आज अमेरिका के सामने चीन कई चुनौतियां पेश कर रहा है।

इस घटना का एक नतीजा यह भी निकला कि संयुक्त राष्ट्र की कमजोरी जगजाहिर हो गई। इसके सुरक्षा एजेंडे में बेशक आतंकवाद, चरमपंथी समूह, हथियारों के प्रसार और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा सहयोग जैसे मुद्दे शामिल किए गए, लेकिन पूरी दुनिया में यह बहस भी शुरू हो गई कि 'मानवाधिकारों' की रक्षा की आड़ में सरकारें आतंकवाद-विरोधी उपायों के नाम पर किस हद तक जा सकती हैं? 'ट्विन टावर' पर हमले के लिए इराक कहीं से दोषी नहीं था, फिर भी 2003 में उस पर हमला किया गया, वह भी सुरक्षा परिषद की स्पष्ट मंजूरी के बिना। इससे संयुक्त राष्ट्र के अधिकार व प्रभावशीलता पर सवाल उठे। इन सवालों के असर से आज तक यह संस्था उबर नहीं पाई है। अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा में इसकी भूमिका अब पूरी तरह बदल गई है।

स्वरूप आतंकवाद का भी बदला। अब दहशतगर्दी के अधिक विकेंद्रित नेटवर्क, फ्रैंचाइजी संगठन, ऑनलाइन कट्टरपंथ और इनके स्थानीय स्वरूप दिखने लगे हैं। इसने आतंकवाद की परिभाषा को भी विवादास्पद बना दिया और अब दुनिया भर की सरकारें आतंकवाद-विरोध के नाम पर अपने आलोचकों और राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने लगी हैं।

इस घटना का सामाजिक असर भी रहा। 9/11 हमले के तुरंत बाद अमेरिका में भले जबर्दस्त राष्ट्रीय एकता दिखी हो, लेकिन बाद में वहीं नहीं, दुनिया भर के समाज में नफरत से प्रेरित अपराध और भेदभाव बढ़े। मुस्लिम समुदाय के लोगों की ज्यादा गहन जांच-पड़ताल होने लगी। इस्लामी देशों को शक की निगाह से देखा जाने लगा, जिसकी परिणति यह हुई कि उनमें एकजुट होने की भावना बढ़ी। यही भावना बाद के वर्षों में 'इस्लामिक नाटो' के रूप में सामने आई।

इसलिए, आज पच्चीस साल बाद सवाल यह नहीं है कि क्या इस हमले ने दुनिया को बदला? निस्संदेह बदला, पर इससे भी महत्वपूर्ण सवाल यह है कि क्या दुनिया उस तरह से बदली, जैसा विश्व-नियंता चाहते थे? इसका जवाब मिला-जुला है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# ब्रिक्स से हमारी विदेश नीति को और मिले विस्तार



यहां स्कैन करें

संजय कुमार भारद्वाज | प्रोफेसर, जेएनयू

भारत कल से दो दिवसीय 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने जा रहा है। यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है, जब विश्व अर्थव्यवस्था और राजनीति, दोनों बड़े बदलावों से गुजर रही है। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव, व्यापारिक टकराव व वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के व्यवधानों ने दिखा दिया है कि किसी देश की सुरक्षा केवल सीमाओं और सैन्य क्षमताओं से तय नहीं होती। दवा, खाद्यान्न, ऊर्जा, तकनीक व जरूरी कच्चे माल की उपलब्धता भी राष्ट्रीय सुरक्षा के हिस्से हैं।

भारत की ब्रिक्स की अध्यक्षता इसी को ध्यान में रखकर आगे बढ़ेगी। स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, तकनीक, निवेश एवं आपूर्ति श्रृंखलाओं पर जोर इसलिए होगी, क्योंकि भारत के लिए आर्थिक विकास व आर्थिक सुरक्षा अब अलग-अलग सवाल नहीं रह गए हैं। यही वजह है कि ब्रिक्स को केवल उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच व्यापार बढ़ाने वाले समूह के रूप में देखना पर्याप्त नहीं होगा। भारत इसके जरिये उन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाना चाहता है, जहां बाहरी निर्भरता संकट के समय उसकी अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर सकती है। अतः यह विदेश नीति को बहुपक्षीय संगठनों से जोड़कर देख रहा है।

**भारत का बहुपक्षवाद केवल आदर्शवादी विचार नहीं है। यह उसकी वास्तविक आर्थिक और रणनीतिक जरूरतों से जुड़ा हुआ है।**

कोविड-19 ने इस बदलाव को सबसे पहले सामने रखा। महामारी के दौरान दवाओं के कच्चे माल, यानी एपीआई, चिकित्सा उपकरण और जरूरी वस्तुओं की उपलब्धता प्रभावित हुई। इसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध और पश्चिम एशिया के संघर्षों ने ऊर्जा, खाद्य बाजारों और व्यापारिक मार्गों की असुरक्षा को सामने ला दिया। इसलिए भारत के सामने अब सवाल यही नहीं है कि उसे सामान सबसे सस्ता कहां से मिलेगा, सवाल यह भी है कि संकट के समय वह उपलब्ध रहेगा या नहीं? उसकी आत्मनिर्भरता की सोच को इसी संदर्भ में देखना चाहिए।

भारत की बहुपक्षवाद नीति अचानक नहीं बनी। पिछले कुछ वर्षों के संकटों ने इसकी जरूरत को और स्पष्ट किया है। भारत को ऊर्जा के लिए दुनिया की जरूरत है, कुछ महत्वपूर्ण तकनीकों के लिए साझेदार चाहिए, वैश्विक बाजारों तक भी पहुंच चाहिए और अलग-अलग क्षेत्रों में सुरक्षा सहयोग भी चाहिए। ऐसी स्थिति में किसी एक शक्ति के साथ बहुत गहरे जुड़ाव की कीमत बढ़ जाती है। यदि एक देश से ऊर्जा, दूसरे से तकनीक, तीसरे से निवेश और चौथे से बाजार मिलता है, तो विदेश नीति को इन सभी को साथ में लेकर चलना होगा। इसी कारण भारत का बहुपक्षवाद सिर्फ आदर्शवादी विचार नहीं है। यह उसकी वास्तविक आर्थिक और रणनीतिक जरूरतों से जुड़ा हुआ है। दूसरी ओर, एक ही देश या क्षेत्र पर निर्भरता भी सुरक्षित नहीं है। इसलिए भारत का रास्ता विविधीकरण का है। अपनी घरेलू क्षमता बढ़ाने के साथ यह अलग-अलग देशों व संस्थाओं से अपने संबंध मजबूत करने को महत्व दे रहा है।

भारत की विदेश नीति में आए परिवर्तन को गुटनिरपेक्षता की अवधारणा के पूर्ण त्याग के रूप में नहीं देखा जा सकता, बल्कि इसे उन साधनों में बदलाव के रूप में समझा जाना चाहिए, जिनके जरिये रणनीतिक स्वायत्तता प्राप्त की जाती है। जहां पहले गुटनिरपेक्षता का मुख्य उद्देश्य दो गुटों से दूरी बनाए रखना था, वहीं वर्तमान भारतीय नीति बहुस्तरीय सहभागिता के माध्यम से कार्य करती है और 'सॉफ्ट बैलेंसिंग' की दिशा में अग्रसर है।

भारत संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स, इब्सा, एससीओ, क्वाड और आई2यू2 जैसे संस्थानों एवं समूहों से जुड़कर व्यावहारिकता का अनुसरण करता है। क्वाड संतुलन साधने की एक सावधान रणनीति का उदाहरण पेश करता है। यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने तटस्थता और रणनीतिक अवसरवाद, दोनों का लाभ उठाया। क्वाड, ब्रिक्स, एससीओ और जी-20 यह दर्शाते हैं कि भारत की विदेश नीति द्विपक्षीय महत्वाकांक्षाओं से आगे बढ़कर नेटवर्क आधारित स्वायत्तता की ओर अग्रसर हुई है।

इसलिए, सवाल यह नहीं है कि ब्रिक्स कितना बड़ा आयोजन बनता है या उसके घोषणापत्र में क्या लिखा जाता है, असली प्रश्न यह है कि इसमें औषधि और खाद्य आपूर्ति के मामले में कितना सहयोग बनता है, कृषि और ऊर्जा के क्षेत्र में कैसे विकल्प तैयार होते हैं और ग्लोबल साउथ की चिंताओं को कितनी जगह मिलती है?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# स्मरण, प्रेम और भक्ति

आत्मा का ही दर्शन करो। वही देखने योग्य है। उसका साक्षात्कार करो। उसकी अपरोक्षानुभूति करो। जो ज्ञान की अनुभूति का सर्वश्रेष्ठ स्वरूप है, वही है देखने योग्य, उसे देखो। सिनेमा देखकर, क्रिकेट देखकर जीवन किसी का बड़ा नहीं हुआ है और न कभी होगा। सफल वैज्ञानिक प्रयोगशाला में जितना समय लगाते हैं, उतना समय वे सिनेमा देखने में नहीं लगाते। सिनेमा, क्रिकेट में थोड़ी देर के लिए आनंद मिलता है, ताली बजा दिए और बस हो गया। संसार जिनसे अपेक्षा करता है और जिनसे गौरवान्वित होता है, वे तो प्रयोगशाला में रहकर साधना करते हैं, एकांत या जंगल में रहकर साधना करते हैं, विकास के क्रम में लगकर साधना करते हैं।

आत्मा का एक अर्थ जीवात्मा भी होता है। हमें अपने को देखना चाहिए, किंतु लोग व्यवहार में दूसरों को ही देख रहे हैं। अपना भी तो देखो। मन कैसा है, क्रिया कैसी है, तुम्हारी इच्छाएं कैसी हैं, तुम्हारे संकल्प कैसे हैं, उसे भी देखो। लोग दूसरे को देख रहे हैं कि यह पतित है, पर तुम क्या हो? आत्मा-परमात्मा, दोनों को देखें, जिसमें परमात्मा मुख्य हुआ, उसी को हमें देखना है। उसी को हमें सुनना है। ऐसा नहीं है कि हम रास्ता किसी से पूछ रहे हैं और वह बतलाए, तो हम नहीं सुनें। ऐसा नहीं है कि जो हमारी जिम्मेदारियां हैं, उनको हम नहीं सुनें, उनको सुनना ही होगा, किंतु संसार के जो लौकिक व्यवहार और जिम्मेदारियां हैं, उनको भी उसका साधन बनाना है, इसका मुख्य लक्ष्य वहीं पहुंचने का है। प्रह्लाद जी ने कहा है- *श्रवणं कीर्तनम विष्णोः।*

हमें सुनना भी उसी को है, जो वेदों ने कहा है - *आत्मा वा अरे द्रष्टव्यः श्रोतव्यो मन्तव्यो निदिध्यासितव्यः।* ईश्वर को देखना है, तो आप कैसे देखेंगे, उसके प्रतिपादक शास्त्रों को सुनिए। ज्ञान का सबसे बड़ा साधन तो श्रवण है। श्रवण माने शब्दों को कानों से ग्रहण करना और उनके अर्थों के माध्यम से पूरे वाक्य के अर्थ का ज्ञान करना, इसे शब्द बोध कहते हैं। पहले हम शब्दों को सुनते हैं, यह प्रत्यक्ष हुआ, पद ज्ञान हुआ, शब्द ज्ञान हुआ, फिर उन शब्दों के अर्थ जो होते हैं, उनका ज्ञान हुआ कि इस शब्द का अर्थ क्या है। फिर उन सभी शब्दों के अर्थ जुड़ जाते हैं रेल के डिब्बों की तरह और उनका एक बोध तैयार होता है, उसे ही बोलते हैं शब्दबोध। वाक्यार्थबोध।

**हमें अपने को देखना चाहिए, किंतु लोग व्यवहार में दूसरों को ही देख रहे हैं। मन कैसा है, क्रिया कैसी है, संकल्प कैसे हैं, उसे भी देखो। लोग दूसरे को देख रहे हैं कि यह पतित है, पर तुम क्या हो?**

ईश्वर को सुनना चाहिए। नहीं सुनने के कारण ही आज पतन हो रहा है। जब विद्यार्थी नहीं सुनेगा अध्यापक के वचनों को, तो न परीक्षा में अच्छी श्रेणी से उत्तीर्ण होगा और न वह विद्वान हो पाएगा। वेदों, पुराणों, इतिहासों के माध्यम से सुनना है। ईश्वर प्रतिपादन की यह विधा हमें अनादि काल से प्राप्त हुई। भक्ति और ज्ञान का स्वरूप स्मरण है। तेल की धारा टूटती नहीं है, वैसे ही स्मरण है, जो टूटे ना। ऐसे स्मरण से उत्पन्न प्रेम ही भक्ति है।

**रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य**

**एंटोनियो गुटेरस | संयुक्त राष्ट्र महासचिव**



**शिक्षा मौलिक मानवाधिकार है, पर अब इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ रही है। बीते दो सालों में स्कूलों, छात्रों और शिक्षकों पर 8,500 से ज्यादा हमले हुए हैं। सभी देशों को हर बच्चे की शिक्षा और शिक्षा-केंद्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए।**

## अनुलोम-विलोम

### जन धन खाता





# एक चौथाई खातों का निष्क्रिय होना ठीक नहीं

प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 15,36,77,009 खाते निष्क्रिय पाए गए हैं, जो कुल खातों का करीब चौथाई हिस्सा (26 प्रतिशत) है। इसके अलावा, 5.72 करोड़ (5,72,35,490) खातों में शून्य (जीरो) बैलेंस है। आरटीआई के जरिये हुए खुलासे से यह बात पुष्ट हुई है। यह आंकड़ा चौंकाने वाला है।

केंद्रीय वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग द्वारा सितंबर 2026 में जारी किए गए इन आंकड़ों के अनुसार, 12 अगस्त, 2026 तक देश में कुल 59.03 करोड़ जन धन खाते थे। इन सभी खातों में कुल मिलाकर 3.15 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है। कुल खातों में 32.89 करोड़ खाते महिलाओं के नाम पर हैं, जिसमें ट्रांसजेंडर खाताधारक भी शामिल हैं, जबकि 26.14 करोड़ खाते पुरुषों के हैं। एक आरटीआई कार्यकर्ता की ओर से पूछे गए सवाल के जवाब में मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत अगस्त, 2014 में राष्ट्रीय मिशन के तौर पर की गई थी। इसका उद्देश्य प्रत्येक परिवार को कम से कम एक बुनियादी बैंक खाता, बैंकिंग सुविधाओं तक सार्वभौमिक पहुंच, वित्तीय साक्षरता और सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराना रहा है। गौरतलब है कि जो पांच करोड़ से अधिक प्रधानमंत्री जन धन खाते शून्य बैलेंस वाले हैं, उनमें उत्तर प्रदेश 95.92 लाख खातों के साथ सबसे आगे है। इसके बाद बिहार (62.35 लाख), पश्चिम बंगाल (37.20 लाख), असम (36.30 लाख) और महाराष्ट्र (36.04 लाख) के स्थान हैं। निष्क्रिय खातों की संख्या में भी उत्तर प्रदेश 3.23 करोड़ के साथ शीर्ष पर रहा। इसके बाद बिहार (1.59 करोड़), मध्य प्रदेश (1.35 करोड़), पश्चिम बंगाल (1.02 करोड़) और महाराष्ट्र (97.94 लाख) का स्थान रहा। कुल जन धन खातों की संख्या में भी उत्तर प्रदेश 10.51 करोड़ के साथ सबसे आगे है। बिहार में 7.01 करोड़, पश्चिम बंगाल में 5.73 करोड़, राजस्थान में 3.87 करोड़ और महाराष्ट्र में 3.85 करोड़ खाते हैं। इसके अलावा तथ्य हैं कि 100 रुपये से कम राशि वाले खातों, पिछले पांच वर्षों में बंद खातों व संदिग्ध लेनदेन या साइबर धोखाधड़ी के कारण ब्लॉक/ फ्रीज खातों की जानकारी उपलब्ध नहीं है।

अगर इन खातों की गणना की जाए, तो यह संख्या और अधिक तक पहुंच सकती है। इससे यह पता चलता है कि केवल खाता खोल देने से ही कोई योजना सफल नहीं हो सकती, बल्कि योजना को जमीन पर उतारने और उसका लाभ लक्षित समुदायों तक पहुंचाने के लिए शासकीय स्तर पर सुनियोजित तरीके से नजर रखने की भी जरूरत होती है।

**अमन कुमार,** टेक्नीशियन

# वंचित वर्ग के जीवन में आए बड़े बदलाव

प्रधानमंत्री जन धन योजना ने गरीबों, खासकर महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी परिवर्तन का बीजारोपण किया। इसके पहले सरकारें अनपढ़ या कम पढ़े-लिखे ग्रामीण पृष्ठभूमि के नागरिकों, किसानों, मजदूरों, आदिवासियों, महिलाओं और दलितों के लिए जो योजनाएं शुरू करती थीं, उनका अधिकांश हिस्सा बीच में ही अधिकारी, दलाल, राजनेताओं के अवैध गठजोड़ की भेंट चढ़ जाता था। एक बार पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कहा था कि केंद्र से हम एक रुपया भेजते हैं, वह गांव में पहुंचते-पहुंचते केवल 15 पैसे रह जाता है। राजीव गांधी का साफ संकेत था कि योजना राशि का बड़ा हिस्सा बिचौलिये हड़प जाते थे।

इन्हीं सब अनुभवों को देखते हुए, केंद्र सरकार ने 2014 में प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरुआत की। इसमें उन तमाम वंचित वर्ग के लोगों का खाता बिना रकम के खोला गया, जो सदियों से इस तरह का लाभ उठाने में अक्षम रहे हैं। भले ही इनमें से कई खाते निष्क्रिय हो गए हों, पर इस जन धन खाते के जरिये ही केंद्र और राज्य सरकारें कई प्रमुख वित्तीय और सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करती हैं। इस खाते में न्यूनतम बैलेंस बनाए रखने की कोई आवश्यकता नहीं होती। खाते में जमा राशि पर साधारण बचत खाते वाला ब्याज मिलता है। खाताधारक को मुफ्त में रुपे डेबिट कार्ड दिया जाता है, जिससे एटीएम से पैसे निकाले जा सकते हैं या ऑनलाइन खरीदारी की जा सकती है। रुपे कार्ड के साथ दो लाख रुपये तक का मुफ्त दुर्घटना बीमा कवर भी मिलता है (28 अगस्त, 2018 के बाद खुले नए खातों पर)। योग्य खाताधारकों को 10,000 रुपये तक की ओवरड्राफ्ट, यानी ऋण जैसी सुविधा मिलती है। इन खातों से वंचित तबकों, खासकर महिलाओं को यह लाभ हुआ कि प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के जरिये सरकारी सब्सिडी, पेंशन और अन्य योजनाओं का पैसा सीधे इस खाते में आने लगा है। इस खाते से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना का लाभ आसानी से लिया जा सकता है।

इसमें सबसे बड़ी सुविधा यह है कि खाता किसी भी बैंक शाखा अथवा व्यवसाय प्रतिनिधि (बैंक मित्र) के पास में खोला जा सकता है। प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत 30,000 रुपये तक का जीवन बीमा खाताधारक के आश्रितों को दिया जाना तय किया गया है। इस योजना से पूरी तस्वीर पिछले 12 वर्षों में किस कदर बदली है, इसका अंदाजा गरीबों, महिलाओं, दलितों, आदिवासियों के जीवन में आए बदलाव को देखकर लगाया जा सकता है।

**कौशल कुमार,** छात्र

# हृदय रोग होने पर कैसे चुनें इलाज

**एंजियोग्राफी में ब्लॉकेज दिखने के बाद सही इलाज क्या होगा, इसका हमेशा एक सीधा जवाब नहीं होता। खासकर, जब दो डॉक्टरों की राय अलग-अलग हो, तो फैसला करना कठिन हो जाता है। केवल ब्लॉकेज का प्रतिशत देखकर घबराएं नहीं। दवा, स्टेंट या बाईपास सर्जरी में से किसे चुनना बेहतर होगा, इस पर विशेषज्ञों की राय बता रही हैं तृप्ति मिश्रा**



डॉक्टर ने 58 साल के राजेंद्र को एंजियोग्राफी की सलाह दी। पिछले कुछ दिनों से वह थोड़ा सा भी चलने पर थक जाते थे। सीने में भारीपन के साथ कंधे और पीठ में भी लगातार हल्के दर्द की शिकायत थी। एंजियोग्राफी में जब दिल की नसों में ब्लॉकेज का पता चला, तो घबराहट के साथ उलझन भी बढ़ गई। राजेंद्र को डायबिटीज पहले ही थी और जांच में दो नसों में 85 % के करीब ब्लॉकेज आई थी। एक डॉक्टर स्टेंट की सलाह दे रहे थे, वहीं दूसरे डॉक्टर तुरंत बाईपास सर्जरी पर जोर दे रहे थे। ऐसे कई मरीजों की तरह राजेंद्र भी दुविधा में थे कि स्टेंट लगवाया जाए या बाईपास सर्जरी कराई जाए

## इलाज के फर्क को समझिए

- **एंजियोग्राफी:** जब कोरोनरी नसों में गंभीर बीमारी का संदेह हो या इलाज तय करने के लिए नसों की स्थिति देखना जरूरी हो, तब एंजियोग्राफी की जाती है। यह बीमारी देखने की जांच है, इलाज नहीं। हाथ या जांघ की रक्त वाहिका से कैथेटर डालकर, डाई और एक्स-रे की मदद से ब्लॉकेज की जगह, गंभीरता और प्रभावित नसों की संख्या देखी जाती है।
- **एंजियोप्लास्टी:** संकरी नस को बैलून से खोलने की प्रक्रिया। जरूरत पड़ने पर नस को खुला रखने के लिए स्टेंट लगाया जाता है।
- **बाईपास:** ब्लॉकेज खोलने के बजाय स्वस्थ रक्त वाहिका की मदद से आगे रक्त पहुंचाने का नया रास्ता बनाया जाता है।
- **ओपन हार्ट बाईपास:** छाती खोलकर की जाने वाली पारंपरिक बाईपास सर्जरी।
- **रोबोटिक बाईपास:** इसमें छोटे चीरे की मदद से सर्जरी करते हैं। रोबोट को सर्जन ही नियंत्रित करते हैं। रिकवरी कुछ मामलों में जल्दी हो सकती है, लेकिन यह हर मरीज के लिए उपयुक्त नहीं है।

गुरुग्राम स्थित सिविल अस्पताल के हार्ट सेंटर के पूर्व विभाग प्रमुख और कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. संजय चुघ के अनुसार, 'स्टेंट या बाईपास का फैसला केवल मरीज की उम्र या ब्लॉकेज का प्रतिशत देखकर नहीं किया जाता। ब्लॉकेज किस नस में है, नसें कितनी पतली हैं, मरीज के लक्षण कैसे हैं, किडनी या डायबिटीज की समस्या या दिल की पंपिंग कैसी है, इन सबके आधार पर फैसला किया जाता है। कुछ मरीजों में दवाओं और जीवनशैली में बदलाव से ही आराम आ जाता है।' नोएडा के हेरिटेज हॉस्पिटल के इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के एचओडी डॉ. जीवितेश सतीजा के अनुसार, 'उम्रदराज या कमजोर मरीज में अगर ब्लॉकेज को स्टेंट से सुरक्षित तरीके से खोला जा सकता है, तो बाईपास के बजाय स्टेंट का चुनाव किया जाता है। अंतिम फैसला ब्लॉकेज की पूरी बनावट, सिंटैक्स स्कोर व मरीज की स्थिति देखकर किया जाता है। किसी दूसरे मरीज को कितने स्टेंट लगे या उसका बाईपास हुआ, इसे अपने इलाज का आधार न बनाएं। यह भी ध्यान रखें, स्टेंट या बाईपास के बाद भी पूरी देखभाल व परहेज की जरूरत पड़ती है।'

### जरूरी टेस्ट और उनकी भूमिका

- **ईसीजी:** दिल की धड़कन व हार्ट अटैक/इस्कीमिया के कुछ संकेतों के लिए।
- **ईको:** दिल की पंपिंग क्षमता, वाल्व और संरचना देखने के लिए।
- **ब्लड टेस्ट:** शुगर, कोलेस्ट्रॉल, किडनी की कार्यक्षमता व अन्य जोखिमों के आकलन के लिए।
- **कोरोनरी सीटी एंजियोग्राफी (सीसीटीए):** कोरोनरी धमनियों में प्लाक और ब्लॉकेज की स्थिति देखने के लिए; कई मरीजों में यह बिना कैथेटर वाली जांच का विकल्प है।
- **स्ट्रेस टेस्ट/इमेजिंग:** मेहनत के दौरान हृदय तक रक्त की आपूर्ति पर्याप्त है या नहीं, यह देखने के लिए। इसमें स्ट्रेस ईको या न्यूक्लियर इमेजिंग शामिल हो सकती है।
- **कोरोनरी एंजियोग्राफी:** कैथेटर से ब्लॉकेज की जगह व गंभीरता देखने के लिए। जरूरत होने पर इसी दौरान एंजियोप्लास्टी की जा सकती है।

## दूसरे डॉक्टर से राय जरूरी

अगर लक्षण स्थिर हैं, इलाज के लिए कुछ समय रुका जा सकता है, तो दूसरे विशेषज्ञ से जरूर सलाह लें। एंजियोग्राफी की सीडी/तस्वीरें, ईसीजी, ईको, ब्लड टेस्ट, पुरानी रिपोर्ट और चल रही दवाओं की सूची साथ रखें। जरूरत हो, तो कार्डियोलॉजिस्ट और बाईपास सर्जन, दोनों की राय एक साथ लें। एक टीम के तौर पर राय करने से बेहतर फैसला कर सकेंगे। हार्ट अटैक, बढ़ते सीने के दर्द या सांस की गंभीर तकलीफ जैसी आपातस्थिति में दूसरी राय के लिए इलाज टालना खतरनाक हो सकता है।

## दवा, स्टेंट या बाईपास-कब क्या जरूरी ?



| स्थिति | विकल्प |
|---|---|
| ब्लॉकेज है, पर लक्षण नियंत्रित हैं और तत्काल इंटरवेंशन की जरूरत नहीं | दवा, जीवनशैली व खान-पान में बदलाव और नियमित जांच |
| ब्लॉकेज की जगह और संरचना पीसीआई के लिए उपयुक्त है | पीसीआई यानी एंजियोप्लास्टी। जरूरत के अनुसार स्टेंट |
| कई नसों में जटिल ब्लॉकेज | बाईपास (सीएबीजी) पर विचार |
| बायीं ओर की मुख्य नस में गंभीर ब्लॉकेज | आमतौर पर बाईपास। कुछ मरीजों में एंजियोप्लास्टी का चुनाव भी किया जा सकता है। |
| डायबिटीज के साथ कई नसों में ब्लॉकेज, खासकर एलएडी यानी मुख्य नस का प्रभावित होना | बाईपास को प्राथमिकता, तुरंत चिकित्सीय मूल्यांकन; स्थिति के अनुसार इमरजेंसी एंजियोग्राफी /पीसीआई की जरूरत हो सकती है। |

नोट: यह सामान्य जानकारी है। मरीज की समग्र स्थिति के अनुसार काडियोलॉजिस्ट और सर्जन की टीम विचार करती है।

### क्या कहते हैं एक्सपर्ट

## ब्लॉकेज सुनते ही घबराएं नहीं

एंजियोग्राफी में ब्लॉकेज दिखने का मतलब यह नहीं कि मरीज को तुरंत बाईपास सर्जरी करानी होगी। अगर मरीज सामान्य रूप से चल रहा है, लक्षण दवाओं से नियंत्रित हैं और स्थिति स्थिर है, तो केवल 80-85 प्रतिशत ब्लॉकेज देखकर घबराएं नहीं। कई स्थितियों में दवाएं, स्टैटिन, कोलेस्ट्रॉल व ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने से आराम आ जाता है। 'स्टेंट लगाया जा सकता है' और 'स्टेंट लगाना जरूरी है', दोनों अलग बातें हैं। दवाओं के बावजूद लक्षण बने रहने पर एंजियोप्लास्टी या बाईपास को चुना जाता है। हार्ट अटैक या इमरजेंसी में एंजियोग्राफी के समय ही एंजियोप्लास्टी जरूरी हो सकती है। अगर पहले की तुलना में बहुत कम चलने पर सीने में दर्द होने लगे, सांस फूलने लगे या दर्द बढ़ता जाए तो इसे रैड फ्लैग समझें।

-डॉ. राकेश यादव, प्रोफेसर ऑफ कार्डियोलॉजी व विभाग प्रमुख इमरजेंसी मेडिसिन, एम्स, दिल्ली

## डॉक्टर से ये सवाल जरूर पूछें

- ब्लॉकेज कहां हैं और स्थिति कितनी जटिल हैं?
- बाईपास ही क्यों? क्या स्टेंट से काम चल सकता है?
- क्या तुरंत उपचार कराने की जरूरत है?
- क्या दवाओं से निगरानी हो सकती है?
- प्रक्रिया के फायदे, जोखिम और रिकवरी में कितना समय लगेगा?

# चश्मा बनवाते समय केवल फ्रेम की सुंदरता न देखें

**नया चश्मा बनवाते समय केवल यह देखना पर्याप्त नहीं कि चश्मा चेहरे पर कैसा लग रहा है? आंखों का सही नंबर, लेंस और उस पर की जाने वाली कोटिंग की भी अहम भूमिका होती है, समझें वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ . राजीव जैन से**



**सबसे** महंगा फ्रेम या लेंस ही अच्छे चश्मे की गारंटी नहीं है। सही चश्मा वही है, जो आपकी जरूरत के मुताबिक हो। सबसे पहले, आंखों की पूरी जांच करवाने के बाद ही नया चश्मा बनवाना चाहिए। खासकर, अगर अचानक दृष्टि कम हो जाए, आंख में दर्द हो, चमक, नए फ्लोटर्स या वस्तुएं दो-दो दिखाई दें, तो आंखों की जांच जरूरी है।

## फ्रेम का चुनाव कैसे करें

- फ्रेम चेहरे पर आराम से व स्थिर रहना चाहिए। फ्रेम बहुत ढीला या टाइट न हो, इससे नाक और कान पर दबाव पड़ता है।
- आंखें फ्रेम के भीतर सही स्थिति में होनी चाहिए। चेहरे और लेंस के नंबर के अनुसार फ्रेम का आकार चुनें। इससे लेंस की मोटाई और देखने की गुणवत्ता पर असर पड़ सकता है।
- अधिक नंबर होने पर बहुत बड़े फ्रेम से बचें। इससे लेंस मोटे और भारी हो सकते हैं। प्रोग्रेसिव लेंस के लिए फ्रेम की ऊंचाई पर्याप्त होनी चाहिए। प्यूपिलरी सेंटर और लेंस का ऑप्टिकल सेंटर सही तरीके से मिलना चाहिए।

## अपने लेंस को भी जानें

लेंस की पावर या फिटिंग सही नहीं है, तो धुंधला दिखना, आंखों में दर्द, सिरदर्द या चक्कर जैसा महसूस हो सकता है। लेंस का चुनाव जरूरत, फ्रेम, काम, ड्राइविंग और बाहरी गतिविधियों के अनुसार करें। नया चश्मा पहनने के बाद लगातार धुंधलापन, सिरदर्द, चक्कर या देखने में असुविधा रहे, तो लेंस की पावर और फिटिंग की दोबारा जांच करवाएं।

- **सीआर-39/ सामान्य प्लास्टिक:** कम से मध्यम नंबर और सामान्य उपयोग के लिए किफायती विकल्प हैं।
- **हाई-इंडेक्स:** अधिक नंबर में लेंस को पतला व हल्का रखने में मदद। एंटी -रिफ्लेक्टिव कोटिंग लेना उपयोगी है।
- **पॉलीकार्बोनेट:** हल्के होते हैं। झटका लगने पर टूटने का खतरा कम होता है। बच्चों, खिलाड़ियों और सक्रिय लोगों के लिए उपयोगी रहते हैं।
- **कांच:** खरोंच की आशंका कम, पर वजन में भारी और आसानी से टूट सकते हैं। सामान्य उपयोग में प्लास्टिक लेंस लगाए जाते हैं।

### सबको हर तरह की कोटिंग की जरूरत नहीं

- **एंटी रिफ्लेक्टिव कोटिंग:** यह लेंस की सतह से होने वाले प्रकाश के परावर्तन और चकाचौंध को कम करती है। रात में हेडलाइट से होने वाली परेशानी में यह मदद। अधिक स्क्रीन टाइम व नियमित चश्मा पहनने वालों के लिए उपयोगी। लेंस साफ रखना आसान।
- **स्क्रैच-रेजिस्टेंट कोटिंग:** खरोंच पड़ने की आशंका कम। लेंस माइक्रोफाइबर कपड़े से ही साफ करें। चश्मा रखते हुए लेंस जमीन या किसी सतह से न लगे।
- **यूवी प्रोटेक्शन:** सूर्य की पराबैंगनी किरणों से बचाव में मदद। बाहर अधिक समय बिताने वालों के लिए उपयोगी।
- **ब्लू-कट:** हर व्यक्ति के लिए जरूरी नहीं। स्क्रीन से निकलने वाली नीली रोशनी को कम करते हैं, पर हर समस्या का हल नहीं। कंप्यूटर पर काम करते समय सही दूरी, उचित रोशनी, नियमित ब्रेक और पलक झपकाते रहना जरूरी है।

### फोटोक्रोमिक व पोलोराइज्ड लेंस

फोटोक्रोमिक लेंस धूप में अपने आप गहरे रंग के हो जाते हैं। बेसिक फोटोक्रोमिक लेंस की बजाय धूप में ड्राइविंग के लिए प्रिस्क्रिप्शन सनग्लास उपयोगी होते हैं। हालांकि, ड्राइविंग के लिए विशेष फोटोक्रोमिक लेंस भी मिलते हैं। पोलोराइज्ड लेंस, सड़क, पानी व चमकदार सतहों से आने वाली चकाचौंध कम करते हैं। ड्राइविंग और यात्रा में बेहतर रहते हैं।

### सवाल-जवाब

# लिंफोमा कैंसर के मामले पुरुषों में अधिक

लिंफोमा, लसीका तंत्र की कोशिकाओं में होने वाला कैंसर है। यह मुख्य रूप से दो प्रकार का होता है-हॉजकिन लिंफोमा और नॉन-हॉजकिन लिंफोमा। राहत यह है कि समय पर पहचान व उपचार से ज्यादातर मरीज ठीक हो सकते हैं। विश्व लिंफोमा जागरूकता दिवस (15 सितंबर) से पहले जानिए इस बारे में जरूरी बातें-



डॉ. नरेंद्र अग्रवाल
हेमेटोलॉजिस्ट एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट फिजिशियन, राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट, नई दिल्ली

**■ सवाल : लिंफोमा कैंसर क्या है?**

**जवाब :** हमारे खून में लिंफोसाइट्स नाम की कोशिकाएं होती हैं। ये कोशिकाएं खून और लिंफ नोड्स (ग्रंथियों) के साथ-साथ लगभग पूरे शरीर में होती हैं। इन कोशिकाओं के डीएनए में कुछ गड़बड़ी या बदलाव आने पर ये अनियंत्रित होकर कैंसर का रूप ले लेती हैं। यही लिंफोमा है। चूंकि, ये कोशिकाएं पूरे शरीर में होती हैं, इसलिए यह कैंसर लिंफ नोड्स के अलावा ब्रेन, फेफड़े, लिवर, आंत, त्वचा, थायरॉइड या हड्डियों आदि किसी भी हिस्से में हो सकता है।

**■ सवाल : लक्षणों के बारे में बताएं?**

**जवाब :** कुछ मरीजों में किसी तरह की खास तकलीफ नहीं होती। उन्हें गर्दन या शरीर के किसी हिस्से में केवल एक गांठ महसूस होती है। वहीं, कुछ मरीजों में लक्षण गंभीर होते हैं। उन्हें लगातार बुखार रहता है, वजन तेजी से कम होता है और रात में बहुत अधिक पसीना आता है। कमर या शरीर में दर्द के अलावा कई बार खून और प्लेटलेट्स की कमी भी देखने को मिलती है।

इसके अलावा लिम्फोमा जिस अंग पर ज्यादा असर डालता है, लक्षण भी वैसे ही होते हैं। अगर असर लिवर या तिल्ली पर है, तो पेट में सूजन हो जाती है। रीढ़ या अन्य हड्डियों में होने पर तेज दर्द, गांठ बनना या फ्रैक्चर हो सकता है। अगर बीमारी ब्रेन के अंदर हो, तो शुरुआती दौर में सिरदर्द, भ्रम, दौरे पड़ना या लकवे जैसी स्थिति आ सकती है।

**■ सवाल : क्या खानपान से इसे ठीक किया जा सकता है?**

**जवाब :** लिम्फोमा का कोई एक स्पष्ट कारण नहीं है। हालांकि, कुछ वायरल संक्रमण और हमारे पर्यावरण या खाने-पीने में घुले कीटनाशक इसके लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। महिलाओं के मुकाबले पुरुषों में यह समस्या अधिक होती है, हालांकि इसका भी कोई ठोस कारण स्पष्ट नहीं है। रही बात डाइट की, तो इस कैंसर में खाने-पीने का बहुत बड़ी भूमिका नहीं है। कई लोग मानते हैं कि चीनी या गेहूं खाने से कैंसर होता है, लेकिन वैज्ञानिक तौर पर ऐसा कुछ नहीं देखा गया है। हां, इतना अवश्य है कि संतुलित भोजन लेना, उपचार और रिकवरी को बेहतर बना सकता है।

**■ लिंफोमा कैंसर का उपचार कैसे किया जाता है?**

लिम्फोमा कई तरह का होता है, इसलिए इलाज भी अलग होता है। सबसे पहले सटीक निदान बहुत जरूरी है, जिसके लिए बायोप्सी और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री टेस्ट किए जाते हैं। फिर मॉलिक्यूलर टेस्ट, सीटी स्कैन, पीईटी स्कैन और बोन मैरो टेस्ट से बीमारी की किस्म और स्टेज को समझा जाता है। एक राहत की बात यह है कि लिम्फोमा लाइलाज नहीं है। इसके ज्यादातर प्रकार जड़ से खत्म किए जा सकते हैं।

कीमोथेरेपी, इम्यूनोथेरेपी, टार्गेटेड थेरेपी या इन दवाओं के कॉम्बिनेशन से उपचार किया जाता है। अगर अधिक जोखिम वाले मरीजों को इनसे आराम नहीं मिले, तो उनके लिए 'बोन मैरो (स्टेम सेल) ट्रांसप्लांट' व सीएआर-टी थेरेपी' जैसे अत्याधुनिक और कारगर इलाज भी मौजूद हैं।

### भेजें अपने सवाल

सेहत से जुड़े सवाल tanmanhindustan@gmail.com पर मेल करें। आप इस पते पर भी सवाल भेज सकते हैं- तन-मन, हिन्दुस्तान, 11वां तल, द आइकॉन टॉवर, एफ सी-24 सी, फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए, नोएडा, 201301

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष:** मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा। विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**वृष:** मन परेशान रहेगा। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। लेखनादि कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। मित्रों का सहयोग मिलेगा। रहन-सहन बाधित होगा।

**मिथुन:** संयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखें। किसी मित्र या परिचित के सहयोग से कोई नई नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कर्क:** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। नौकरी में परिवर्तन के साथ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। वाहन सुख में बढ़ोतरी हो सकती है।

**सिंह:** मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। भवन के रख-रखाव तथा साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**कन्या:** पढ़ाई व लेखनादि के कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। माता से धन मिलेगा।

**तुला:** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन परेशान हो सकता है। कारोबार में बाधा का सामना करना पड़ सकता है। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक:** नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है।

**धनु:** मन परेशान रहेगा। धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ भी अधिक रहेगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**मकर:** किसी मित्र के सहयोग से किसी नए कारोबार की शुरुआत हो सकती है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। माता की सेहत का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। खर्च बढ़ेंगे।

**मीन:** मन शांत रहेगा। पढ़ाई के कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि के कार्यों से आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

11 सितंबर, शुक्रवार, **शक संवत्** : 20 भाद्रपद (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 26 भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083, **इस्लाम:** 28 रबि-उल्लावल, 1448, **विक्रमी संवत्** : भाद्रपद कृष्ण अमावस्या तिथि प्रातः 08.57 मिनट तक पश्चात प्रतिपदा तिथि, पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र दोपहर 01.17 मिनट तक पश्चात उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र। चंद्रमा सिंह राशि में सायं 07.08 मिनट तक उपरांत कन्या राशि में। **सूर्य दक्षिणायन**। सूर्य उत्तर गोल। वर्षा ऋतु। प्रातः 10.30 मिनट से दोपहर 12 बजे तक राहुकालम्। भाद्रपद अमावस (स्नान दानादि)। श्री शक्ति पूजा। मातृ अमावस्या।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

पूजा-अर्चना के जरिये अपने घर की ऊर्जा को सकारात्मक कैसे बनाएं?

- जब भी सुबह आप पूजा करते हैं, तो तीन बार शंख ध्वनि करें। इससे नकारात्मक ऊर्जा घर से बाहर निकल जाती है।
- अपने घर के उत्तर पूर्व दिशा में एक स्फटिक का श्रीयंत्र विधि विधान से शुभ मुहूर्त में स्थापित करें। सुबह एवं शाम को एक कंडे को सुलगाकर और उस पर गुग्गल एवं पीली सरसों डालकर किसी विष्णु मंत्र का जाप करें। फिर उस कंडे को पूरे घर में घुमाएं। घर को सकारात्मक करने का प्रभावशाली उपाय है। साथ ही किसी भी एक समय, विशेषकर शाम को पूरा परिवार एक साथ मिलकर आरती करे।

### वर्ग पहेली : 8448



**बाएं से दाएं**

1. तट की रक्षा करने वाला (5)
6. टनटन बजना; घंटा बजाना (5)
7. घटाना; निकालना (2,3)
10. चिंता करना; ध्यान रखना, धारा में छोड़ना; बहाना (4,3)
14. कृष्ण; प्यारा; प्रिय; सुंदर; मन को मोहने वाला (5)
16. खिदमतगार; तीमारदार; परिचर्या करने वाला; अनुचर; सेवक; सेवादार (5)
17. रचना में सहायक; निर्माण करने वाला (5)

**ऊपर से नीचे**

1. चमकना; आवेश में आना; क्रुद्ध होना; गुस्से से चेहरा लाल होना; रुष्ट होना (4)
2. धोने वाला; धोबी (3)
3. टुकड़े होना; खंड होना; विभाजित होना; छिपा फिरना (3)
4. अवलेह; चाट कर खाई जाने वाली वस्तु (3)
5. निरंतर; दन-दन शब्द सहित (4)
8. कंठस्थ करवाना; बार-बार दोहराने के लिए कहना; याद कराना; रट्टा लगवाना (4)
9. तनाव; ऐंठन; ठिठुरन; कड़ापन (4)
11. आपदाहीन; निर्विघ्न, सुरक्षित (4)
12. मन की कल्पना से उपजा; मन संबंधी; मन का (4)
13. सोच; मत; राय; खयाल; भावना (3)
14. कुबेर की एक निधि; घड़ियाल; मगर; छल; बहाना; बारह राशियों में से एक (3)
15. फेरना; लौटाना; घुमाना; मुड़ने के लिए प्रवृत्त करना (3

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8447



### सुडोकू : 8402

*मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 1 | | | 8 | | 9 | 2 |
| 7 | | | | | | | | |
| | | | 9 | 3 | | | | 5 |
| 8 | | | | 7 | | 2 | | |
| | | 2 | 8 | | 5 | 3 | | |
| | | 6 | | 4 | | | | 8 |
| 9 | | | | 2 | 7 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| 2 | 4 | | 6 | | | 8 | | 9 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3×3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8401

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 1 | 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 8 | 2 | 7 |
| 5 | 8 | 3 | 9 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 |
| 2 | 1 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 1 | 3 | 9 | 8 | 2 |
| 1 | 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 | 3 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 |

## चिंतन

# पायलटों पर सख्ती सुरक्षा की जरूरत

हजारों फीट की ऊंचाई पर उड़ रहे विमान में बैठे यात्रियों की जिंदगी पायलट के हाथ में होती है। ऐसे में पायलट का नशे में होना या नशीले पदार्थों के असर में उड़ान भरना केवल अनुशासनहीनता नहीं, बल्कि सैकड़ों जिंदगियों को खतरे में डालने वाली गंभीर चूक है। फुकेट-दिल्ली उड़ान की घटना ने विमानन सुरक्षा के इसी कमजोर पक्ष को सामने ला दिया है। अब सभी एयरलाइनों के पायलटों की ड्रग जांच कराने का फैसला इसलिए महत्वपूर्ण है कि कॉकपिट तक पहुंचने वाला हर व्यक्ति पूरी तरह फिट और नशामुक्त हो। 4 अगस्त को फुकेट से दिल्ली आ रही एयर इंडिया की ए320 उड़ान अचानक करीब 300 फीट नीचे आ गई। विमान में 137 यात्री और आठ चालक दल के सदस्य थे। घटना में 20 यात्री और चार चालक दल के सदस्य घायल हुए तथा 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। विमान हादसा जांच ब्यूरो की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार अचानक और थोड़े समय के लिए तीनों हाइड्रोलिक प्रणालियों में खराबी सामने आई। इसी रिपोर्ट में विमान के कप्तान की मनो-सक्रिय पदार्थों की जांच का परिणाम 'नॉन-नेगेटिव' पाए जाने का भी उल्लेख है। महत्वपूर्ण बात यह है कि जांच एजेंसी ने पायलट के ड्रग सेवन को विमान की ऊंचाई में आई गिरावट का कारण नहीं बताया है। फिर भी उसने मनो-सक्रिय पदार्थ के सेवन की पुष्टि को गंभीर चिंता माना और नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की सिफारिश की। इस घटना के बाद डीजीसीए ने सभी भारतीय एयरलाइनों को अपने सभी पायलटों की एक बार ड्रग जांच कराने का निर्देश दिया है। देश में करीब 14 हजार पायलट हैं और अगले वर्ष जुलाई तक यह प्रक्रिया पूरी की जानी है। एयर इंडिया समूह पहले ही अपने करीब 5 हजार पायलटों की स्वैच्छिक एकमुश्त जांच शुरू कर चुका था। यह पहल जरूरी है, लेकिन असली परीक्षा इस बात की होगी कि जांच केवल घटना के बाद उठाया गया कदम न रह जाए, बल्कि विमानन सुरक्षा व्यवस्था का स्थायी हिस्सा बने। मौजूदा नियमों के तहत हर वर्ष 10 प्रतिशत पायलटों और एयर ट्रैफिक कंट्रोलरों की यादृच्छिक जांच अनिवार्य है। सुरक्षा से जुड़े अन्य कर्मचारी भी इसके दायरे में आते हैं। अब सभी पायलटों की साल में एक बार जांच कराने की दिशा में नियमों को और सख्त करने की तैयारी है। मौजूदा व्यवस्था में कर्मचारी के मूत्र के नमूने को दो अलग कंटेनरों में सुरक्षित रखा जाता है। पहले नमूने की तत्काल जांच होती है। यदि परिणाम 'नॉन-नेगेटिव' आता है तो पायलट को तुरंत उड़ान ड्यूटी से हटा दिया जाता है। दूसरे नमूने की अधिक सक्षम प्रयोगशाला में पुष्टि जांच होती है। यह जरूरी है, क्योंकि कुछ दवाओं या तकनीकी कारणों से शुरुआती जांच में गलत सकारात्मक परिणाम आ सकता है। इसलिए किसी व्यक्ति के करियर पर अंतिम फैसला पुष्टि जांच के बाद ही होना चाहिए। पुष्टि होने पर पहली बार कर्मचारी को विशेषज्ञ चिकित्सक, परामर्शदाता या नशामुक्ति केंद्र के पुनर्वास कार्यक्रम में भेजने का प्रावधान है। दोबारा उड़ान पर लौटने के लिए नकारात्मक जांच और फिटनेस प्रमाणपत्र जरूरी है।

## विशेष

डॉ. इन्दिरा मिश्र



# श्री अरविन्द की महानता

श्री अरविन्द एक महान योगी, दार्शनिक व कुशाग्र बुद्धि सम्पन्न विलक्षण व्यक्तित्व थे। सन 1910 में अर्थात 38 वर्ष की उम्र से अपने पांडिचेरी के एकान्त स्थान में रहते हुए भी वे पूरे विश्व की घटनाओं पर दृष्टि रखते थे। वे जो वचन बोलते थे उनमें पूर्ण सत्य था, और अतिरंजना का पूर्ण बहिष्कार। उनकी वाणी में साक्षात सरस्वती विराजती थी। वे मनुष्य के अतिमानव बन सकने में विश्वास रखते थे। उन्होंने स्वंय इसकी साधना की थी। उनके प्रयासों एंव उनकी सह-तपस्विनी श्री मां के त्याग, प्रेम, समर्पण कल्पना शक्ति और अनवरत अध्यवसाय से वह साधना आगे बढ़ी। सन 1926 में कुल 24 सहयोगीयों से श्री अरविन्द आश्रम की स्थापना हुई। आज यह संख्या 2500 हो चुकी है। शिक्षा के प्रति उनका मानना था यह छात्र के सम्पूर्ण व्यक्तित्त्व ही नहीं,



बल्कि उसकी आत्मा के उत्थान का मापक है। इन सब कल्याणकारी मानवहितकारी प्रयासों से, बहुत से लोगों में उत्थान उच्च भावनाओं का विकास हुआ, बहुत सी आदर्श शिक्षण संस्थाए बनी, हिन्दू धर्म और गूढ़ पौराणिकता का मंथन हुआ, उसमें छुपे हुए मणि मुक्ताविचारों के रत्न-भंडार विकसित हुए। आश्रम के कई साधकों की मीमांसा चर्चाओं और विचारों के आदान-प्रदान से कई जिज्ञासाओं का सच्चा समाधान मिला। भारत की स्वतंत्रता का जो अरमान श्री अरविन्द के शुरू के दिनों में -जब भारतीय समाज गुलाम मनोवृत्ति से ग्रस्त और लगभग निष्प्राण हो चुका था- उसका नवांकुर उनके वचनों को सुनकर युवा-हृदयों में प्रकाशित हो उठा। श्री अरविन्द के लिखे प्रेरक वचन वन्देमातरम समाचार पत्र में छपते थे। युवा जगत उनका बेसब्री से इंतजार करता था। कविवर रवीन्द्रनाथ ठाकुर, मोतीलाल राय एंव पाल गंगाधर तिलक, विपिन चन्द्र पाल, लाला लाजपत राय, चित्तरंजन दास जैसे तेजस्वी व्यक्तियों ने उनसे प्रेरणा पाई। स्वयं नेताजी ने कहा था कि उनके देखने में तत्कालीन बड़े नेताओं में श्री अरविन्द सबसे अधिक सशक्त तेजोमय तथा प्रभाव शाली नेता थे। उन्होंने मानो बूढ़े भारत में फिर से नई जवानी का संचार कर दिया था।

श्री अरविन्द की महानता के कई आयाम थे उदारता निस्वार्थता और धन के प्रति अनासक्ति, तीक्ष्ण, बौध्दिकता, गहरा देशप्रेम, मातृ-पितृ भक्ति, कवि गुण, सृजनशीलता, धैर्य, अध्यवसाय, साहस, विद्वता, योग, मनस्विता, विनोद-प्रियता, आध्यात्मिकता, भाषाविद्ता, कला-प्रेम, नेतृत्वशक्ति, संकल्पशीलता आदि इन सभी गुणों का एक एक उदाहरण प्रस्तुत है।

**उदारता**: श्री अरविन्द जब बड़ौदा में थे, तब उन्हें बहुत अधिक वेतन मिलता था। वे सभी वेतन की राशि अपने टेबल पर रख देते थे। जिस राशि की जिसे पात्रता/आवश्यकता होती थी, वह व्यक्ति ले सकता था। उनका विश्वास था, कि प्रभु उनकी ओर से हिसाब रखते हैं।

**नि:स्वार्थता**: श्री अरविन्द का मानना था, कि वे केवल अपने जरूरत की राशि का खर्च करें तथा शेष प्रभु के कामों के लिए दे देंगे।

**देशप्रेम**: उन्हें अपने देश के प्रति इतना प्रेम था, कि 14वर्ष इंग्लैंड में बिताने के बाद जब वापसली के लिए उन्होंनें बम्बई में पानी के जहाज से उतरकर अपने देश की धरती पर पांव रखा तब उनके हृदय में एक अपार शान्ति उतर आई फिर वह शान्ति चिरस्थाई हो गई।

**मातृ-पितृ भक्ति**: वे इंग्लैंड से लौटे तब उनकी माता कुछ रूग्ण थी और उनको एक तरह से भूल चुकी थी तब उन्होंने अपनी अंगुली पर एक घाव का निशान दिखाकर मां को कहा, मां देखो! मैं तुम्हारा अरु हूं। तुम्हें याद है न यह घाव। तब उनकी माता को स्मरण आया। अपने पिता पर उन्हें बहुत श्रद्धा थी। वे भारत में थे और यहां से उन्हें अखबारों की कतरने भेजते थे, जिनमें अंग्रेजों के अनाचार की घटनाएं छपती थीं। उनसे वे व्यथित होते थे। वे अंग्रेजों के प्रति क्रोध का अनुभव करते। परन्तु आगे चलकर चूंकि उनके पिता चाहते थे कि वे आई.सी.एस. बने, तो श्री अरविन्द ने वह परीक्षा भी दी और उनमें उच्च अंक पाये। परन्तु चूंकि वे ब्रिटिश हुकुमत की सेवा करना नहीं चाहते थे, (बल्कि ब्रिटिश सरकार को उखाड़ फेंकना चाहते थे) इसलिए वे आई.सी.एस. परीक्षा के बाद एक जरूरी टेस्ट- घुड़सवारी के टेस्ट के लिए नहीं पहुंचे। इसलिए वे आई.सी.एस. बनने से बच गये, जबकि पिता की इच्छा थी की वे आईसीएस बने।

**कवि गुण** : श्री अरविन्द की कविताओं के बारे में कुछ कहना गागर में सागर समाने जैसी बात होगी। इतना कहना पर्याप्त है कि उन्होंने कई वर्षों के अंतराल में 23,000 पंक्तियों का एक महाकाव्य 'सावित्री' अंग्रेजी में लिखा है, जिसमें भाषा और भावों की ऊंचाई की पराकाष्ठा है। उनकी अन्य कविताओं का अनुवाद हिन्दी में श्री सुमित्रानंदन पंत ने किया है जो बेजोड़ है और जिसमें अद्भुत भावोत्प्रेरणा है। उनकी कविता 'देवता का श्रम'. का अनुवाद रामधारी सिंह दिनकर ने किया है और वह भी हमारे मानसिक धरातल को बेहद ऊंचे पर ले जाता है।

**सृजनशीलता** : श्री अरविन्द का लेखन लगभग 1000 पृष्ठों से अधिक था। उन्होंने दिव्य जीवन **Life Divine**, **Synthesis Of Yoga** तथा अन्य बहुत से ग्रंथ लिखे हैं। वे पूरी रात लिखते रहते थे। उन्होंने अलीपुर जेल के अपने संस्मरण लिखे है जिसमें उन्होंने शामिल की है एक अद्भुत टिप्पणी - कि उस जेल में कई ऐसे बंदी भी थे जो कत्ल के जुर्म में जेल में थे परन्तु उनके चेहरों पर भी एक मक्खन जैसी भद्रता थी और वे इन्हें इतने प्रेम और श्रद्धा से देखते थे कि क्या कहा जाए। उन लोगों को देखकर सच्ची भारतीयता का ज्ञान होता था।

**साहस** : उन्होंने साहसपूर्वक देशप्रेम के लिए अंग्रेज समीक्षकों की अजन्ता की मूर्तियों को देखकर विपरीत टिप्पणी के विरुद्ध लेख के लिए और अंग्रेज समीक्षक को चेताया कि वे भारतीय सौंदर्यशास्त्र विषयक और पुरुष आकृति की मान्यताओं के बारे में अपना ज्ञान और बढ़ाए तब समीक्षा लिखें। भारत की स्वतंत्रता के लिए उन्होंने साहसपूर्ण लेखन विभिन्न नामों से किया। इसी कारण ब्रिटिश सरकार ने उन्हें तंग करना शुरू किया।

**संकल्पशीलता** : अपने जीवन को दिशा देने में, और अपनी राह स्वयं चुनने में वे तत्काल निर्णयशील रहे। आई.सी.एस. का पद त्यागने में, भारतीय युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम के लिए प्रेरित करने के लिए बड़ौदा की ऊंचे वेतन वाली नौकरी त्यागने में, अलीपुर जेल में एक वर्ष काटने में और वहां से लौटकर पांडिचेरी के लिए प्रस्थान करने में, मृणालिनी देवी से हुए विवाह के बावजूद वैवाहिक जीवन से विमुख होने में तथा बाद में राजनीति से सन्यास लेने में कहीं भी निर्णय लेने और उस निर्णय पर डटे रहने में, उन्होंने हिचहिचाहट अनुभव नहीं की।



सम्मेलन
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

# ब्रिक्स के जरिए भारत होगा लाभान्वित

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और निरंतरता' है। 'मानवता प्रथम' के दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ आयोजित यह सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब वैश्विक व्यवस्था गहरे ध्रुवीकरण, आर्थिक अनिश्चितता और आपूर्ति शृंखलाओं के व्यवधान से जूझ रही है। ऐसे में 11 पूर्णकालिक सदस्यों और 10 सहयोगी देशों के इस विशाल मंच के माध्यम से भारत न केवल विकासशील राष्ट्रों (ग्लोबल साउथ) की प्राथमिकताओं को दिशा दे रहा है, बल्कि खुद को एक निर्णायक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने की राह पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है।

इन दिनों पूरी दुनिया की निगाहें 12 और 13 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की ओर लगी हुई हैं। यह वैश्विक संगठन अपनी स्थापना की 20वीं वर्षगांठ मनाते हुए अपने विस्तारित 'ब्रिक्स प्लस' के स्वरूप में एक मंच पर एकत्रित हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में इस शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय 'लचीलापन, नवाचार, सहयोग और निरंतरता' है। 'मानवता प्रथम' के दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ आयोजित यह सम्मेलन ऐसे समय में आयोजित हो रहा है, जब वैश्विक व्यवस्था गहरे ध्रुवीकरण, आर्थिक अनिश्चितता और आपूर्ति शृंखलाओं के व्यवधान से जूझ रही है।

ऐसे में 11 पूर्णकालिक सदस्यों और 10 सहयोगी देशों के इस विशाल मंच के माध्यम से भारत न केवल विकासशील राष्ट्रों (ग्लोबल साउथ) की प्राथमिकताओं को दिशा दे रहा है, बल्कि खुद को एक निर्णायक वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने की राह पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। खास बात यह भी है कि ब्रिक्स सम्मेलन से भारत के आर्थिक और कूटनीतिक स्तर पर लाभान्वित होने की संभावनाएं स्पष्ट रूप से उभर कर दिखाई दे रही हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2006 में अपनी शुरुआत के बाद से ब्रिक्स (ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका) देशों का प्राथमिक उद्देश्य वैश्विक शासन, विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों-जैसे विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक मजबूत आवाज देना था। यह महत्वपूर्ण है कि विस्तार के बाद ब्रिक्स अब 11 पूर्णकालिक सदस्यों का एक अत्यधिक प्रभावशाली और शक्तिशाली आर्थिक ब्लॉक बन चुका है। इसमें पांच मूल देशों के साथ मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इंडोनेशिया शामिल हो चुके हैं। इसके साथ ही 10 अन्य राष्ट्रों को सहयोगी देश का दर्जा दिया गया है। इस समय ब्रिक्स का जनसांख्यिकीय एवं आर्थिक प्रभाव अभूतपूर्व है। यह संगठन वैश्विक जनसंख्या के करीब 49.5 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करता है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आधार पर ब्रिक्स का वैश्विक जीडीपी में योगदान करीब 40 प्रतिशत हो चुका है। यदि हम 18वें शिखर सम्मेलन के प्रमुख एजेंडे को देखें तो पाते हैं कि इस शिखर सम्मेलन के लिए भारत ने जिन प्राथमिकताओं को रेखांकित किया है, वे न केवल ब्रिक्स सदस्यों बल्कि संपूर्ण विकासशील जगत के आर्थिक और सामाजिक हितों का प्रतिनिधित्व करती हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व से उत्पन्न होने वाले मुद्रा जोखिमों और विनिमय दर के उतार-चढ़ाव से निपटने के लिए स्थानीय मुद्राओं मसलन रुपया, रूबल, दिरहम में व्यापार को बढ़ावा देना प्रमुख एजेंडा है। भारत पहले ही यूएई के साथ स्थानीय मुद्रा निपटान प्रणाली की शुरुआत कर चुका है। इस व्यवस्था के विस्तार से सीमा पार भुगतानों में लगने वाली लागत घटेगी और छोटे व मध्यम उद्योगों के लिए व्यापार करना सुगम होगा। भारत का लक्ष्य ब्रिक्स देशों के बीच एक मजबूत, लचीली और पारदर्शी आपूर्ति शृंखला का निर्माण करना है। इसके साथ ही न्यू डेवलपमेंट बैंक (एनडीबी) के वित्तीय दायरे को बढ़ाकर हरित ऊर्जा और बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं में निवेश को आकर्षित करना है। भारत



अपने 'डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर' (डीपीआई)- विशेष रूप से यूपीआई को ब्रिक्स देशों के बीच सीमा पार भुगतान और वित्तीय समावेशन के लिए एक साझा ढांचे के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इसके साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सुरक्षित, नैतिक और उत्तरदायी उपयोग के लिए नीतियां तैयार करना सम्मेलन की मुख्य प्राथमिकता है। यह भी उल्लेखनीय है कि यह सम्मेलन भारत के लिए आर्थिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है।

रूबिक्स डेटा साइंसेस की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025-26 में ब्रिक्स देशों के साथ भारत का कुल द्विपक्षीय व्यापार लगभग 416 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। भारत का कुल आयात 320 अरब डॉलर का है, यह आयात मुख्य रूप से ऊर्जा (कच्चा तेल, गैस) और विनिर्माण इनपुट (इलेक्ट्रॉनिक्स, मशीनरी) पर केंद्रित है। ब्रिक्स देशों को भारत का कुल निर्यात लगभग 96 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच चुका है। यद्यपि ब्रिक्स देशों के साथ भारत के व्यापार की मात्रा बढ़ी है, लेकिन भारत के लिए 224 अरब डॉलर का भारी-भरकम व्यापार घाटा एक प्रमुख नीतिगत चुनौती बना हुआ है। अकेले चीन के साथ भारत का व्यापार घाटा 100 अरब डॉलर के करीब है। रूस से भारी मात्रा में रियायती दर पर कच्चे तेल के आयात के कारण रूस के साथ घाटा 55 अरब डॉलर पहुंच चुका है। निश्चित रूप से ब्रिक्स देशों के साथ भारत के व्यापार घाटे की चुनौतियों के बीच इस सम्मेलन से भारत को बहुआयामी आर्थिक लाभ मिलने की संभावनाएं हैं। उद्योग मंडल एसोचैम की रिपोर्ट के अनुसार, 18वें ब्रिक्स सम्मेलन में होने वाले रणनीतिक आर्थिक समझौतों के बल पर ब्रिक्स देशों को भारत का निर्यात साल 2030 तक दोगुना होकर 200 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से भारत से निर्यात बढ़ने के साथ -साथ भारत में निवेश और पर्यटन की नई संभावनाएं आगे बढ़ेंगी। जहां इस संगठन के कई सदस्य देश अलग-अलग आर्थिक दबावों का सामना कर रहे हैं, वहीं भारत की स्थिति इस समूह में बेहद मजबूत है। भारत चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल से जून की तिमाही में 7.8 प्रतिशत की जीडीपी वृद्धि दर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बना हुआ है। वैश्विक कंपनियाँ आपूर्ति शृंखला के जोखिमों को कम करने के लिए 'चीन+1' रणनीति अपना रही हैं। भारत 'मेक इन इंडिया' और 'प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव' (पीएलआई) योजनाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए सबसे आकर्षक गंतव्य बनकर उभर रहा है। भारत की विशाल और युवा कार्यशील आबादी न केवल घरेलू उपभोग को गति दे रही है, बल्कि नवाचार, आईटी सेवाओं और स्टार्टअप इकोसिस्टम में भी ब्रिक्स देशों का नेतृत्व कर रही है।

भारत अब केवल कच्चे माल का निर्यातक नहीं रहा, अपितु फार्मास्यूटिकल्स, ऑटो कंपोनेंट्स, इंजीनियरिंग गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी सेवाओं के क्षेत्र में भारतीय उत्पाद ब्रिक्स प्लस के नए बाजारों में अपनी गहरी पैठ बना रहे हैं। यह भारत के लिए महज एक औपचारिक कूटनीतिक आयोजन नहीं होगा, बल्कि यह भारत के वैश्विक कद को पुनर्परिभाषित करने वाला शिखर सम्मेलन सिद्ध होगा। उम्मीद करें कि 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के माध्यम से भारत ब्रिक्स को ऐसे आर्थिक सुधारवादी मंच के रूप में आगे बढ़ाने में कामयाब होगा, जिसका मूल ध्यान आर्थिक विकास, गरीबी उन्मूलन, नवाचार और सतत विकास पर केंद्रित हो। उम्मीद करें कि इस सम्मेलन से ब्रिक्स देशों के साथ भारत का व्यापार बढ़ेगा, व्यापार घाटा घटेगा और भारत 21वीं सदी की बहुध्रुवीय दुनिया में एक संतुलनकारी आर्थिक शक्ति के रूप में भी आगे बढ़ते हुए दिखाई देगा।

(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

# जीवन ऊर्जा पर करें मन को केंद्रित



संकलित
**दर्शन**

बुद्धिमान व्यक्ति इस ब्रह्मांड, इस संसार से परे चले जाते हैं और अमरत्व को प्राप्त कर लेते हैं। लेकिन कैसे? वस्तुतः हमारे भीतर कुछ ऐसा होता है, जो कभी नहीं मरता, जो कभी बूढ़ा नहीं होता। इस बारे में प्रत्येक व्यक्ति अपने ढंग से सोचता है। अगर आप देखें तो छोटे बच्चे बड़े हो रहे हैं और स्थितियां भी बदल रही हैं, लेकिन कई बार आप महसूस करते हैं कि आप नहीं बदल रहे हैं। कुछ लोग कहते हैं- मैं तो बूढ़ा हुआ ही नहीं/हुई ही नहीं। भीतर से आपको महसूस होता है कि सिर्फ समय बीता है, आपमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह सच भी है, क्योंकि आपके भीतर एक ऐसा अंश है, जो न तो बदलता है और न ही मरता है। यही एक दूसरी दुनिया है, जहां अमरत्व है। मृत्युलोक वह है, जहां सब कुछ बदल जाता है। मृत्यु का अर्थ है परिवर्तन या क्षय। आप इस नाशवान संसार से अमरत्व, अपरिवर्तनशील संसार, शाश्वत-आत्मा की ओर मुड़ जाते हैं, जो आपके भीतर है। आपके मन के पीछे है। आत्मा वह नहीं है, जिसे आप देख सकें, बल्कि वह है, जिसे आप अपने भीतर महसूस करते हैं। यह प्राणों का प्राण है। जब प्राण उच्च स्तर में होता है, तब आप हर परिस्थिति में मुस्कुरा सकते हैं। आप अपनी दैनिक गतिविधियों में प्राण ऊर्जा को खर्च करते हैं। यदि आप प्राण की कमी को पूरा किए बिना प्राण को खर्च करते रहते हैं, तब आपको अवसाद घेर लेता है। जीवन विरोधी चिह्न शरीर में उत्पन्न होने लगते हैं और सौंदर्य नष्ट होने लगता है। अपने प्राण, अपने श्वास का निरीक्षण करें।

# आखिर कर्म ही महान



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार बुद्ध एक गांव में अपने किसान भक्त के यहां गए। शाम को किसान ने उनके प्रवचन का आयोजन किया। बुद्ध का प्रवचन सुनने के लिए गांव के सभी लोग उपस्थित थे, लेकिन वह भक्त ही कहीं दिखाई नहीं दे रहा था। गांव के लोगों में कानाफूसी होने लगी कि कैसा भक्त है कि प्रवचन का आयोजन करके स्वयं गायब हो गया। प्रवचन खत्म होने के बाद सब लोग घर चले गए। रात में किसान घर लौटा। बुद्ध ने पूछाः कहां चले गए थे? गांव के सभी लोग तुम्हें पूछ रहे थे। किसान ने कहा, दरअसल प्रवचन की सारी व्यवस्था हो गई थी, पर तभी अचानक मेरा बैल बीमार हो गया। पहले तो मैंने घरेलू उपचार करके उसे ठीक करने की कोशिश की, लेकिन जब उसकी तबीयत ज्यादा खराब होने लगी तो मुझे उसे लेकर पशु चिकित्सक के पास जाना पड़ा। अगर नहीं ले जाता तो वह नहीं बचता। आपका प्रवचन तो मैं बाद में भी सुन लूंगा। अगले दिन सुबह जब गांव वाले पुनः बुद्ध के पास आए तो उन्होंने किसान की शिकायत करते हुए कहा, यह तो आपका भक्त होने का दिखावा करता है। प्रवचन का आयोजन कर स्वयं ही गायब हो जाता है। बुद्ध ने उन्हें पूरी घटना सुनाई और फिर समझाया, उसने प्रवचन सुनने की जगह कर्म को महत्व देकर यह सिद्ध कर दिया कि मेरी शिक्षा को उसने बिल्कुल ठीक ढंग से समझा है। उसे अब मेरे प्रवचन की आवश्यकता नहीं है। मैं यही तो समझाता हूं कि अपने विवेक और बुद्धि से सोचो कि कौन सा काम पहले किया जाना जरूरी है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मिट्टी बचेगी, तभी खेती बचेगी

भारतीय कृषि अब एक नए युग की ओर अग्रसर है, जहां विकास का आकलन करने के लिए केवल वृद्धि ही एकमात्र मापदंड नहीं रह गया है। मिट्टी की घटती उर्वरता, भूजल की कमी, जैव विविधता का क्षय, जलवायु परिवर्तनशीलता और बढ़ती खेती लागत के कारण किसान और कृषि क्षेत्र पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। इस संदर्भ में पुनर्योजी कृषि एक आशाजनक मार्ग है। यह एक समग्र दृष्टिकोण है जो न केवल वर्तमान प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करेगा, बल्कि वास्तव में मिट्टी के स्वास्थ्य, जैव विविधता, जल प्रणालियों और पारिस्थितिकी तंत्र के कार्यों को बेहतर बनाकर कृषि उत्पादकता को बनाए रखेगा। मुख्य बात पुनर्योजी कृषि पर ध्यान केंद्रित करना और कृषि के पारिस्थितिक स्तंभों को पुनर्स्थापित करना है। अगर मिट्टी बचेगी, तो ही खेती बचेगी। - *कृष्णा साहू, रायपुर*

## करंट अफेयर

# किम की बेटी उनकी संभावित उत्तराधिकारी : द. कोरिया

दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन का कोई बेटा भी है। हालांकि, एजेंसी का मानना है कि किम की किशोर उम्र की बेटी के उनका उत्तराधिकारी बनने की प्रबल संभावना है। एनआईएस ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि अगर किम का कोई बेटा है भी तो वह उनका उत्तराधिकारी बनने की स्थिति में नहीं है। किम ने 2011 में अपने पिता किम जोंग इल के निधन के बाद उत्तर कोरिया की सरकार की बागडोर संभाली थी। बयान में एनआईएस ने अपने पहले के अनुमान को दोहराते हुए कहा कि किम के बाद उत्तर कोरिया की सरकार की



कमान संभवतः उनकी बेटी के हाथों में होगी, जिसका नाम किम जू-ए बताया जाता है और जो लगभग 13 साल की है। एनआईएस ने कहा कि वह अब भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या किम की बेटी का कोई बड़ा भाई है, लेकिन मौजूदा हालात में अगर वह है भी, तो भी अपने पिता का उत्तराधिकारी नहीं बन सकता। एजेंसी ने कहा कि किम की एक और संतान भी है, लेकिन वह लड़का है या लड़की, फिलहाल इसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी है।

## ऑफ बीट

# बिना जरूरत न लें एंटीबायोटिक दवा

एंटीबायोटिक प्रतिरोध तब पैदा होता है जब एक सूक्ष्मजीव बदल जाता है और उस एंटीबायोटिक के प्रति प्रतिक्रिया नहीं करता है, जो पहले प्रभावी




थी। इससे दवा का असर नहीं होने के कारण बीमारी बढ़ने, मृत्यु की अधिक आशंका और स्वास्थ्य देखभाल पर अधिक खर्च होता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध को लेकर यह स्थिति है कि कुछ रोगियों को अस्पताल में भर्ती कराया जाता है क्योंकि मौखिक एंटीबायोटिक्स अब प्रभावी नहीं हैं और उन्हें ड्रिप के माध्यम से अंतःशिरा चिकित्सा प्रदान करने की आवश्यकता होती है। दुनिया के कुछ हिस्सों में एंटीबायोटिक प्रतिरोध उच्च स्तर तक बढ़ रहा है। कुछ अस्पतालों को इस बात पर विचार करना होगा कि क्या एंटीबायोटिक-प्रतिरोधी संक्रमणों के जोखिम के कारण कैंसर का इलाज करना या सर्जरी करना व्यवहार्य है। ऑस्ट्रेलिया विकसित दुनिया में एंटीबायोटिक दवाओं के सबसे अधिक उपयोगकर्ताओं में से एक है। हमें इस बहुमूल्य संसाधन का बुद्धिमानी से उपयोग करने की आवश्यकता है, अन्यथा हम भविष्य को खतरे में डाल देंगे जहां एक साधारण संक्रमण आपको मार सकता है क्योंकि कोई एंटीबायोटिक असर नहीं करेगी।

## X ट्रेंड f

### रणनीतिक साझेदारी



भारत और जर्मनी के बीच राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने पर हमने व्यापार, निवेश, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, टैलेंट मोबिलिटी और अन्य क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के अपने संकल्प को दोहराया।
- **नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### बीजेपी की बेचैनी



जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहे है, बीजेपी की बेचैनी बढ़ती जा रही है, और इसी वजह से पीडीए समाज के लोगों पर ज्यादतियां भी बढ़ रही हैं। हापुड़ जिले के बदनौली गॉंव में दलित युवक दीपक की गोली मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई।
- **अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

### सीआईडी एडीजी



सीआईडी के एडीजी पर कोयला चोरी जैसे भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं। हैरानी की बात यह है कि यही एडीजी उस इंटरव्यू बोर्ड के सदस्य भी थे, जिसका संबंध जेपीएससी के उसी घोटाले से है जिसकी जांच अब सीआईडी ही कर रही है।
- **बाबूलाल मरांडी**, पूर्व सीएम, झारखंड

### ईस्ट ज़ोन को बधाई



ईशान किशन की कप्तानी में इतने सालों बाद दिलीप ट्रॉफी जीतने पर ईस्ट ज़ोन को बधाई... वे पूरे टूर्नामेंट में अजेय रहे... पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए बंगाल के खिलाड़ियों और टीम के बाकी सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई।
-**सौरव गांगुली**, पूर्व भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## प्रेरणा

आप जहां भी जाएं, वहां अपने होने से कुछ अच्छा जोड़कर लौटें। **-राल्फ वाल्डो इमर्सन**

## संपादकीय

# कहीं एआई को नियंत्रित करना असंभव न हो जाए

**एआई** को लेकर दो विरोधी भविष्यवाणियां हैं। एक तो यह है कि अगले 10-15 सालों में एआई और रोबोट्स के कारण दुनिया में किसी को जीवनयापन के लिए काम नहीं करना पड़ेगा। इस विचार के उद्घोषक हैं इलॉन मस्क और सैम आल्टमैन। लेकिन विगत मंगलवार को विश्व भर में एआई टूल्स की सबसे तेज उभरती कंपनी एन्थ्रोपिक (संस्थापक डेरियो अमोदेई) के एक 27 वर्षीय प्रखर रिसर्चर जेकॉब कॉक्सन ने इस्तीफा देते हुए कहा कि एआई का विकास 2030 तक मानव-जीवन को खत्म कर सकता है। इस सोच का कारण कंपनी का एक नया शोध है, जिसमें रिसर्चर्स को इसकी क्लॉड सीरीज के सॉनेट-4.5 से 32-2 का मान बताने को कहा गया और इसी बीच एक टेक्स्ट को कॉपी करने का काम सौंपा गया। इन दोनों काम को पूरा करने में एआई ने स्वतः एक स्पेस (जे-स्पेस) पैदा किया और बिना जाहिर किए कुछ अपने शब्द विकसित कर लिए, जो इसे मूल एलएलएम ट्रेनिंग में नहीं बताए गए थे। यही घटना एक अन्य टास्क में भी पाई गई। इसने तकनीकी दुनिया को चौंकाया है और माना जा रहा है कि एआई में चेतना भी विकसित हो सकती है। अगर एआई ने चेतना का ऐसा कोई भी अंश विकसित किया, जो मानव-प्रदत्त ट्रेनिंग के दायरे से बाहर है तो फिर उसे नियंत्रित करना असंभव होगा। सच्चाई यही है कि एआई कल्याण और विनाश दोनों कर सकता है।

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# मन को खाली किया जाए तभी तो आत्मा उसमें रह पाएगी

**यह** बात तो अब सभी लोग मान रहे हैं कि डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक उपयोग से चिड़चिड़ापन, चक्कर आना, सिरदर्द, मितली- यह सब होता है और मनुष्य का मन इनको बढ़ाता है। मन को समझने-समझाने के लिए अनेक प्रयोग किए जाते हैं। अगर हमें समझ ना आया कि मन क्या है तो शायद हम कभी शांत हो भी नहीं पाएंगे। मन के लिए अनेक महात्माओं ने कई रूपक दिए हैं। किसी ने इसको दर्पण कहा, किसी ने आकाश कहा। एक और रूपक मन को समझाने के लिए बड़ा उपयोगी है। हमारा शरीर दीवार है और दीवार के भीतर होता है घर, और फिर उसके भीतर कोई रहने वाला होता है। अगर शरीर दीवार है तो जो घर है, वह मन है। यदि घर खाली ना हो तो रहने वाला कहां रहेगा? मन अनेक बातों से भरा हुआ है। मन को खाली किया जाए तभी तो रहने वाला, यानी आत्मा उसमें रह पाएगी। और इस मन को खाली करने के लिए प्रतिदिन कम से कम दो बार ध्यान अवश्य करिए। मेडिटेशन मन को खाली करने की प्रक्रिया है।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

---

**विश्लेषण** • नगर-नियोजन में कोई प्लानिंग नहीं दिखती

# हमारे शहर फैलते तो जा रहे हैं पर बहुत बेतरतीब तरीके से

**अर्बन प्लानिंग**



पवन के. वर्मा
पूर्व राज्यसभा सांसद व राजनयिक
pavankvarma1953@gmail.com

**अंतरराष्ट्रीय** मानकों पर भारत अब भी मुख्यतः आंचलिक देश ही है। हमारे जो शहर हैं भी, वो अर्बन-प्लानिंग के स्तर पर धराशायी होने के कगार पर पहुंच चुके हैं। सड़कें बारिश में उखड़ जाती हैं, नालियां उफनती रहती हैं, जलभराव आम है, अनधिकृत कॉलोनियां फैल रही हैं, प्रदूषण जानलेवा बन गया है, बिजली-पानी की आपूर्ति अनिश्चित है और मेनहोल-गड्ढे समय-समय पर निर्दोष लोगों की अकाल मृत्यु का कारण बन जाते हैं। हमारे शहरों में एक आम नागरिक को रोजाना इन दुःस्वप्नों से होकर गुजरना पड़ता है।

संयुक्त राष्ट्र के शहरीकरण के अनुमानों पर आधारित विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 2025 में भारत की 35.7% आबादी शहरों में रहती थी। इसके मुकाबले चीन पहले ही 66.3% के स्तर पर पहुंच चुका था। विकसित देशों से तुलना करें तो अंतर और भी चौंकाने वाला है : अमेरिका में यह आंकड़ा 80%, कनाडा में 82%, जर्मनी में 78%, ब्रिटेन में 85% है। भारत चीन और विकसित दुनिया की तुलना में कहीं कम शहरीकृत है, लेकिन शहरीकरण के इस स्तर पर भी उसका अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर बेहद कमजोर है।

दिल्ली में हाल ही में पांच मंजिला पीजी होस्टल की इमारत का ढहना इसका एक भयावह उदाहरण है। करीब पांच दशक पुरानी इस बिल्डिंग के ढहने से सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हुए। शुरुआती रिपोर्टों से खस्ताहाल कंडीशन, मरम्मत के अनधिकृत काम और निगरानी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की आपराधिक मिलीभगत सामने आती है। त्रासदी यह है कि दिल्ली में ही ऐसे पीजी में लाखों छात्र रहते हैं। ये नाकामियां महानगरों तक ही सीमित नहीं हैं। हमारे दूसरे और तीसरे दर्जे के शहर भी तेजी से अर्बनाइज्ड हो रहे हैं, लेकिन बेहद अव्यवस्थित तरीके से।

नीतिगत उपेक्षा के अलावा, इस बदहाली की जड़ व्यापक और बेलगाम भ्रष्टाचार में भी है। रिश्वत की लगभग संस्थागत हो चुकी श्रृंखला नगर पालिका अधिकारियों, पुलिस, ठेकेदारों और राजनीतिक वर्ग तक फैल चुकी है। जिस व्यवस्था में हम जी रहे हैं, उसमें सामर्थ्यवान लोगों को शायद ही कभी असुविधा झेलनी पड़ती है; जबकि विशाल बहुसंख्य आबादी भुगतती रहती है। यानी व्यवस्था को बदलने की ताकत रखने वाले लोग उसके दुष्परिणामों से सुरक्षित हैं, लेकिन जो लोग इसकी मार झेलते हैं उनके पास इसके खिलाफ कुछ कर पाने की क्षमता बहुत कम है।

हम अकसर स्मार्ट सिटीज मिशन, डिजिटल गवर्नेंस, एआई और तकनीक-आधारित प्रशासन की बात करते हैं। लेकिन उस शहर को स्मार्ट कहना थोड़ा अजीब लगता है, जिसकी बुनियादी नागरिक व्यवस्थाएं ही काम नहीं करतीं। स्मार्ट सिटी वह नहीं होती, जिसमें सबसे ज्यादा सेंसर्स लगे हों या जहां प्रभावशाली कमांड सेंटर हों। स्मार्ट सिटी वह है, जहां बुनियादी सेवाएं भरोसेमंद ढंग और अपेक्षित रूप से काम करती हों। जहां सड़कें सुरक्षित हों, पानी की आपूर्ति विश्वसनीय हो, सीवेज का समुचित ट्रीटमेंट किया जाता हो, कचरा नियमित उठाया जाता हो, इमारतों का निरीक्षण होता हो, यातायात सुचारु हो, जिसकी हवा में सांस ली जा सके और जहां के पब्लिक-स्पेस सभी के लिए सुलभ हों।

अगर हम अपने शहरों को रहने के लिहाज से बेहतर बनाना चाहते हैं, तो हमें बुनियादी सुधारों से शुरुआत करनी होगी। पहला सुधार वित्तीय क्षेत्र में होना चाहिए। आरबीआई नगर निगमों की वित्तीय कमजोरी का दस्तावेजीकरण कर चुका है, लेकिन इस स्थिति को सुधारने के लिए कुछ नहीं किया गया। दूसरे, जीआईएस मैपिंग, पारदर्शी मूल्यांकन और प्रभावी डिजिटल कलेक्शन के जरिए संपत्तिकर प्रणाली का भी आमूलचूल आधुनिकीकरण किया जाना जरूरी है।

**उस शहर को स्मार्ट कहना अजीब लगता है, जिसकी बुनियादी नागरिक व्यवस्थाएं ही काम नहीं करतीं। स्मार्ट सिटी वह नहीं होती, जिसमें सबसे ज्यादा सेंसर्स लगे हों या जहां प्रभावशाली कमांड सेंटर हों। स्मार्ट सिटी वह है, जहां बुनियादी सेवाएं भरोसेमंद ढंग से काम करती हों।**

तीसरे, स्पष्ट जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी और इसके लिए स्वतंत्र नगर निकाय ऑडिट होने चाहिए। हर प्रमुख नगर संपत्ति की एक डिजिटल पहचान होनी चाहिए। संबंधित एजेंसी, ठेकेदार, इंजीनियर, निर्माण की तारीख, रखरखाव का इतिहास और निरीक्षण का कार्यक्रम सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होना चाहिए। चौथे, बहुत से शहर अब भी नगर निगमों, विकास प्राधिकरणों, जल बोर्डों, परिवहन एजेंसियों, राज्य सरकार के विभागों के बीच उलझे हुए हैं। जिम्मेदारी बंटी हुई है और जवाबदेही कमजोर पड़ गई है। पांचवें, भ्रष्टाचार से सख्ती से निपटना होगा- त्वरित कार्रवाई और पारदर्शिता के जरिए। नगर निकायों की निविदाएं, ठेके, कार्य-पूर्णता प्रमाणपत्र, निरीक्षण रिपोर्ट और रखरखाव के कार्यक्रम ऑनलाइन उपलब्ध होने चाहिए। व्यवस्था तभी बदलेगी, जब नागरिक खुद संगठित होकर जवाबदेही की मांग करेंगे और कहेंगे : अब बहुत हो चुका। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

---

**दूरदृष्टि** • भारत के लिए भी यह चिंता का विषय

# ईरान में बढ़ता तनाव दुनिया की इकोनॉमी के लिए अच्छा नहीं है

**मिडिल ईस्ट**



मनोज जोशी
विदेशी मामलों के जानकार
manoj1951@gmail.com

**मध्य-पूर्व** में तनाव की घटनाओं में स्पष्ट रूप से तेजी आई है। 8 अप्रैल को हुए दो सप्ताह के युद्धविराम के बाद संघर्ष बीच-बीच में चलता रहा था। लेकिन अब तेल की कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल का स्तर पार करने की ओर हैं, जो स्थिति में गंभीर गिरावट का संकेत है और जिसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। अमेरिकी खुफिया आकलनों से संकेत मिलता है कि ईरान मध्य-पूर्व में अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के ठिकानों पर हमला करने की अपनी क्षमता को लेकर आश्वस्त है और संघर्ष जारी रखने के इरादे पर कायम है।

ईरान को चिंता है कि होर्मुज पर उसका नियंत्रण कमजोर पड़ रहा है और अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी के कारण उसकी अर्थव्यवस्था दम तोड़ रही है। ईरान द्वारा अमेरिकी बेड़ों को निशाना बनाए जाने में रूस और चीन से मदद मिलने को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं, क्योंकि उसके अपने लंबी दूरी के रडार अब तक नष्ट किए जा चुके हैं। अप्रैल के युद्धविराम के बाद जेडी वेंस और उनके ईरानी समकक्षों के बीच उच्चस्तरीय बातचीत हुई थी। लेकिन मतभेद दूर नहीं हो सके और बातचीत बेनतीजा रही। 13 अप्रैल को ट्रम्प ने ईरान की नाकेबंदी की घोषणा की, जिसके तहत ईरानी बंदरगाहों से आने-जाने वाले सभी समुद्री यातायात को निशाना बनाया जाना था। उन्होंने युद्धविराम को एकतरफा रूप से अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा भी दिया। हालांकि, जून के मध्य में दोनों पक्ष नए युद्धविराम की शर्तों पर सहमत हुए और युद्धविराम को 60 दिनों के लिए औपचारिक रूप से बढ़ाया गया।

लेकिन 8 जुलाई तक औपचारिक युद्धविराम और समझौता ज्ञापन पूरी तरह विफल हो गया और दोनों पक्षों ने फिर से सीधे हमले शुरू कर दिए। ईरान ने होर्मुज से गुजर रहे जहाजों को निशाना बनाया और अमेरिका ने इसके जवाब में ईरान पर हमले किए। जुलाई के मध्य तक अमेरिका ने अपनी पूर्ण नौसैनिक नाकेबंदी फिर से लागू कर दी। सितम्बर में ईरान ने फारस की खाड़ी में अमेरिकी युद्धपोतों पर हमला किया और अमेरिका ने जवाबी कार्रवाई में ईरान के तीन तेल टैंकर डुबो दिए।

अब ईरान ने कहा है कि अगर उस पर दोबारा हमला किया गया तो वह खाड़ी में मौजूद अमेरिकी ऊर्जा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर जवाब देगा। इससे फारस की खाड़ी में एनर्जी के बुनियादी ढांचे को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंच सकता है। इसका खामियाजा समूची वैश्विक अर्थव्यवस्था को उठाना होगा।

अमेरिका को उम्मीद थी कि उसकी नाकेबंदी और कठोर प्रतिबंध ईरान को घुटनों पर ला देंगे, लेकिन अब तक ऐसा होने के कोई संकेत नहीं हैं। इसके बजाय हम तेहरान की प्रतिक्रिया को और तीखा होते देख रहे हैं। अमेरिका ने अब ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट शुरू किया है, जिसका उद्देश्य ईरान के बचे हुए वित्तीय सहारों और आय के स्रोतों को काट देना है। नौसैनिक नाकेबंदी के साथ-साथ इस अभियान में उन अंतरराष्ट्रीय कंपनियों, वित्तीय संस्थानों और देशों पर प्रतिबंध और व्यापारिक दंड लगाने की धमकी दी गई है, जो तेहरान के साथ कारोबार जारी रखते हैं। इन उपायों का निशाना डिजिटल एसेट्स, शिपिंग, विमानन, तकनीक और सोने तक ईरान की पहुंच है।

भारत को अमेरिका ने चेतावनी दी है कि वे ईरानियों की ऐसी व्यवस्थाएं बनाने में मदद न करें, जिनके जरिए वे राजस्व जुटा सकें। सरल भाषा में कहें तो इसका मतलब है- ईरान से कोई व्यापार या वित्तीय लेन-देन नहीं। यह चेतावनी प्रधानमंत्री मोदी द्वारा पिछले महीने एससीओ शिखर सम्मेलन के दौरान ईरानी राष्ट्रपति पेजेश्कियान से मुलाकात के बाद दी गई।

**अमेरिका को उम्मीद थी कि उसकी नाकेबंदी और प्रतिबंध ईरान को घुटनों पर ला देंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बजाय हम तेहरान की प्रतिक्रिया को और तीखा होते देख रहे हैं। इसीलिए अमेरिका ने अब ऑपरेशन इकोनॉमिक आउटकास्ट शुरू किया है।**

लेकिन अमेरिका ने चीन के साथ टकराव से बड़ी सावधानी से परहेज किया है, जबकि चीन ईरान का सबसे बड़ा तेल खरीदार और उसका प्रमुख व्यापारिक साझेदार है। 24 सितम्बर को शी जिनपिंग ट्रम्प के साथ शिखर बैठक के लिए अमेरिका जाएंगे। ऐसे में अमेरिका चीन को नाराज नहीं करना चाहता। पिछले साल जब चीन ने रणनीतिक खनिजों और मैग्नेट के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया था, तब उसने दिखा दिया था कि वह अपने प्रतिबंधों के जरिए अमेरिका को भारी नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखता है। अमेरिकी समझ चुके हैं कि चीन के मामले में निर्भरता एकतरफा नहीं, बल्कि दोनों तरफ है।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

---

## ब्रांड से सबक

**बर्बरी :** ब्रिटेन का मशहूर लग्जरी फैशन ब्रांड

# 90 के दशक में सस्ते का ठप्पा लगा, अब फिर शीर्ष लग्जरी फैशन ब्रांड में है बर्बरी

2000 के दशक की शुरुआत। ब्रिटेन के कई पबों ने दरवाजों पर बोर्ड लगा दिए- नो बर्बरी, नो कैप्स। दरअसल, बर्बरी का नोवा चेक ब्रिटेन के कामकाजी उपद्रवी युवाओं और आक्रामक फुटबॉल प्रशंसकों की अनधिकृत यूनिफॉर्म बन गया था। ऐसे में किसी तरह के उपद्रव से बचने के लिए पबों ने यह पाबंदी लगाई थी। ऐसे ही 2002 में ब्रिटिश सोप-ओपेरा अभिनेत्री डैनिएला वेस्टब्रुक की एक तस्वीर सामने आई, जिसमें वह सिर से पैर तक बर्बरी चेक पहने थीं, उनका बच्चा बर्बरी चेक में था और यहां तक कि उनके बच्चे की गाड़ी (स्ट्रोलर) भी उसी चेक से ढंकी थी। लग्जरी की सबसे बड़ी शर्त 'एक्सक्लूसिविटी' होती है, लेकिन उस दौर में बर्बरी इतना सुलभ हो गया कि यह एक बदनाम सिंबल बन गया।

करीब 170 साल पुराना यह ब्रांड 20वीं सदी में इतना खास था कि 1955 में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय और 1990 में प्रिंस ऑफ वेल्स (वर्तमान किंग चार्ल्स III) ने बर्बरी को 'रॉयल वारंट' यानी राजमहल को सामग्री उपलब्ध कराने वाली मान्यता प्राप्त कंपनी का तमगा दिया था। हालांकि कंपनी मालिकों के कमाई के लालच ने इसे इतना सुलभ बना दिया कि ब्रांड की पहचान ही संकट में आ गई।

• वर्तमान स्थिति

### आज 50 हजार करोड़ रु. की कंपनी है बर्बरी

बर्बरी ग्रुप वर्तमान में दुनिया के चुनिंदा फैशन ब्रांड में शामिल है। 10 सितंबर 2026 को ग्रुप का मार्केट कैप करीब 50,000 करोड़ रुपए रहा। मार्च 2026 के आंकड़ों के अनुसार बर्बरी के दुनियाभर में करीब 410 स्टोर और 27 फ्रेंचाइजी स्टोर संचालित हो रहे हैं। जहां तक भारत की बात है यहां बर्बरी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से कंपनी संचालित हो रही है, जो बर्बरी इंटरनेशनल होल्डिंग की सब्सिडरी है। रिलायंस ब्रांड और बर्बरी इंडिया के बीच व्यावसायिक पार्टनरशिप है। यह भारत में लग्जरी फैशन सेगमेंट में शामिल है।




**सबक...** सफलता के लिए ब्रांड का हर जगह दिखना जरूरी नहीं है, इससे ज्यादा जरूरी सही जगह पर दिखना है।

**7300** के करीब कर्मचारी हैं दुनियाभर में कंपनी के।

**140** से ज्यादा देशों में कंपनी के प्रोडक्ट बिकते हैं।

**410** रिटेल स्टोर हैं बर्बरी के दुनिया के 40 देशों में।

**44%** आय एशिया-प्रशांत और ग्रेटर चाइना से होती है कंपनी की।

### इन चुनौतियों से जूझी थी...

- **अनियंत्रित लाइसेंसिंग और ब्रांड का डिवैलुएशन :** 1980 से 90 के दशक में कंपनी ने बर्बरी ट्रेडमार्क के अनगिनत लाइसेंस दे दिए। दुनिया भर में सैकड़ों कंपनियां बर्बरी नाम से सस्ते प्रोडक्ट बनाने लगीं। इससे बर्बरी का लग्जरी ऑरा कमजोर होने लगा।
- **चेक पैटर्न का अत्यधिक एक्सपोजर :** 2000 की शुरुआत में कंपनी ने उसकी पहचान 'नोवा चेक' को लगभग हर प्रोडक्ट पर छाप दिया। इससे अल्ट्रा-रिच ग्राहकों ने इसे 'चीप' मानकर पहनना छोड़ दिया।
- **सामाजिक छविः** 2001-2005 के बीच फुटबॉल के हुड़दंगी प्रशंसकों ने बर्बरी कैप व स्कॉर्फ पहननी शुरू की। इससे जेंटलमैन वाली छवि खत्म हो गई।
- **गलत रणनीतिः** 2022-24 में कंपनी ने ब्रांड को अल्ट्रा लग्जरी दिखाने के लिए लेदर बैग और जूतों की कीमतें 40% तक बढ़ा दीं। ग्राहकों ने इसे नकार दिया।

### इस तरह की वापसी...

- **सप्लाई चेन पर नियंत्रण :** 1997 में सीईओ बने रोज मैरी ब्रावो ने स्पेन व जापान जैसे बाजारों से सभी डिस्ट्रिब्यूशन और मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस वापस खरीद लिए। कोर मैन्युफैक्चरिंग इंग्लैंड की फैक्ट्री में ही शुरू की। क्वालिटी और प्राइसिंग पर सीधा नियंत्रण किया।
- **चेक पैटर्न को छिपाया :** क्रिएटिव हेड क्रिस्टोफर बेली ने साहसी फैसला लिया। चेक को कपड़ों के बाहर से हटाकर कोट के भीतर, कॉलर के नीचे या कफ्स तक सीमित कर दिया। इससे डुप्लीकेसी घटी।
- **हाई फैशन री-पोजिशनिंग :** बर्बरी ने सुपरमॉडल केट मॉस और स्टेला टेनेंट को ब्रांड का चेहरा बनाया। वापस आधुनिक व बौद्धिक ब्रिटिश कल्चर से जोड़ा।
- **'ब्रिटिशनेस' पर वापसी :** ब्रांड ने फिर अपने मूल डीएनए- ट्रेन्च कोट, स्कार्फ और ब्रिटिश वेदर-वियर पर दांव लगाया है। मैनेजमेंट में भी बदलाव किया है।

### शुरुआत : 21 साल के ड्रेपर अप्रेंटिस ने रखी थी बर्बरी की नींव

1856 में इंग्लैंड के 21 साल के पूर्व ड्रेपर अप्रेंटिस थॉमस बर्बरी ने आउटडोर कपड़ों की दुकान खोली। उद्देश्य ऐसे कपड़े बनाना था, जो ब्रिटेन के मौसम की मार झेल सकें। 1912 में बर्बरी ने ब्रिटिश सैन्य अफसरों के लिए 'टाईलॉकिन' बनाया, जो प्रथम विश्व युद्ध में सैनिकों की जरूरत के अनुसार विकसित होकर विश्व प्रसिद्ध 'ट्रेंच कोट' बना।

### नए कदम : ब्यूटी फ्रेगरेंस से लेकर कश्मीरी स्कार्फ पर कर रही फोकस

कंपनी ने कॉटी ब्रांड के साथ मिलकर ब्यूटी सेगमेंट को आक्रामक बनाया है। 2023-24 में लॉन्च हुआ उनका परफ्यूम 'बर्बरी गॉडेस' कई प्रमुख बाजारों में नंबर-1 लग्जरी वूमेंस फ्रेगरेंस बनकर उभरा है। इसके अलावा कंपनी अब अपनी पूरी ताकत पफर जैकेट्स, क्विल्टेड कोट्स, वूल कोट्स और 100% कश्मीरी स्कार्फ पर लगा रही है।

**ऐसे पड़ा नाम :** कंपनी के मालिक थॉमस बर्बरी के नाम पर ही इसका नाम बर्बरी पड़ा। हालांकि शुरुआत में इसका नाम बर्बरीज था। 1999 में बर्बरी किया गया।

**सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी :** इसकी सीधी टक्कर फ्रांस के एलवीएमच समूह (लुई वितां और डिओर), केरिंग (गुची, सेंट लॉरेंट) और इटली के प्रादा और अरमानी से है।

---

## पीपुल भास्कर

**जॉर्जिया मेलोनी,** इटली की प्रधानमंत्री

# बारटेंडर रहीं, पढ़ने की शौकीन, रग्बी की फैन हैं, काले कपड़े पहनने से बचती हैं मेलोनी

**चर्चा में क्यों :** हाल ही में इन्होंने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे लंबे समय तक इटली में निर्बाध सरकार चलाने का रिकॉर्ड बनाया है।

2019, रोम की एक रैली में जॉर्जिया मेलोनी ने भाषण दिया, जिसकी शुरुआती लाइनें थीं- 'मैं जॉर्जिया हूं, मैं एक महिला हूं, मैं एक मां हूं, मैं इटैलियन हूं, मैं ईसाई हूं,' यह भाषण इतना वायरल हुआ कि मिलान के कुछ डीजे ने इसे डिस्को गाने में बदल दिया, जो चार्ट्स पर छा गया। मेलोनी का यह भाषण इस बात का प्रतीक है कि वे अपनी बात बिना किसी लाग-लपेट के दमदारी से रखती हैं।

भले ही मेलोनी आज इटली की प्रधानमंत्री जैसे पद पर हों पर उनका शुरुआती जीवन काफी कठिन रहा। पढ़ाई के दौरान और उसके बाद के शुरुआती वर्षों में उन्होंने गुजारे के लिए कई छोटे-मोटे काम किए। बच्चों की नैनी (देखभाल करने वाली), वेट्रेस और रोम के एक मशहूर नाइटक्लब 'पाइपर' में बारटेंडर तक का काम किया। मेलोनी की विचारधारा शुरू से दक्षिणपंथी रही है। इटली के पूर्व तानाशाह बेनिटो मुसोलिनी की प्रशंसा कर चुकी हैं। इसके अलावा 2020 में नाजी सहयोगी और इतालवी सामाजिक आंदोलन के सह-संस्थापक जियोर्जियो अल्मिरांटे की प्रशंसा कर भी विवादों में रही हैं। मेलोनी आत्मसम्मान से कभी समझौता नहीं करतीं। जून 2026 में फ्रांस में आयोजित जी-7 समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से उनकी मुलाकात हुई। इसके बाद ट्रम्प ने एक इटैलियन टीवी में दावा किया कि मेलोनी उनके साथ फोटो खिंचाने के लिए उतावली थीं, लेकिन वे उनके साथ फोटो नहीं खिंचाना चाहते थे। इस बयान के बाद मेलोनी ने कहा कि न तो वे और न ही इटली ट्रम्प के साथ फोटो खिंचाने के लिए उतावला है। इसके बाद उन्होंने अमेरिका के विरुद्ध कड़े फैसले लेने शुरू कर दिए।



**2024 में ईरान में हिरासत में ली गई इतालवी पत्रकार सेसीलिया साला की 2025 में रिहाई हुई। चियांपीनो हवाई अड्डे पर मेलोनी खुद स्वागत करने पहुंची थीं।**

**जन्म :** 15 जनवरी 1977, रोम
**शिक्षा :** अमेरिगो वेस्पूची इंस्टिट्यूट से स्कूली पढ़ाई।

**परिवार :** बहन- एरियाना, बेटी- जिनवरा।

**संपत्ति :** करीब 19 करोड़ रु. (मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार)

• परिवार

### पिता अकाउंटेंट, मां साहित्यकार थीं

जॉर्जिया के पिता फ्रांचेस्को मेलोनी एक अकाउंटेंट थे, लेकिन जब जॉर्जिया करीब एक साल की थीं, तभी वे परिवार छोड़कर स्पेन के कैनरी द्वीप चले गए। बाद में ड्रग तस्करी के एक मामले में नौ साल तक स्पेन में सजा काटी। इसके बाद उनकी मां अन्ना पाराटोरे ने लेखन कार्य कर दोनों बेटियों को अकेले पाला। बड़ी बहन एरियाना उनकी सबसे करीबी रही हैं।

• विवाह

### शादी नहीं की पर पार्टनर से एक बेटी

इतालवी एंकर आंद्रेया जांब्रूनो के साथ मेलोनी का लंबा रिश्ता रहा है। दोनों की मुलाकात 2014 में हुई थी। अक्टूबर 2023 में इतालवी टीवी शो 'स्ट्रिशा ला नोतीजिया' ने एक फुटेज प्रसारित की, जिसमें जांब्रूनो को सेट पर आपत्तिजनक, महिला-विरोधी टिप्पणियां करते दिखाया गया। इसके बाद मेलोनी ने उनसे रिश्ता खत्म कर लिया। इस रिश्ते से उन्हें एक बेटी जिनवरा है।

• कॅरिअर

### 15 साल की नेता से इटली की पीएम तक

1992 में मात्र 15 साल की उम्र में वे इतालवी सामाजिक आंदोलन के युवा संगठन 'फ्रोंते देल्ला जियोवेंतू' से जुड़ गईं। 2006 में पहली बार इतालवी संसद के लिए चुनी गईं। 2008 में महज 31 साल की उम्र में, वे युवा मामलों की मंत्री बनीं। 2012 में नई पार्टी फ्रातेल्ली दितालिया (ब्रदर्स ऑफ इटली) की नींव रखी। 2022 में जॉर्जिया इटली की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।

### रोचक : जे. आर. आर. टाल्किन की किताबों की फैन हैं मेलोनी

- पूरी तरह ब्लैक आउटफिट पहननी ये बचती हैं ताकि उनके पहनावे को फांसीवाद के समर्थन से जोड़कर न देखा जाए।
- मेलोनी बचपन से मशहूर साहित्यकार जे. आर.आर. टाल्किन की फैन रही हैं।
- रग्बी की शौकीन हैं। स्टेडियम में मैच देखती हैं।

### उपलब्धिः टाइम की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में

- मेलोनी ने 2021 में अपनी आत्मकथा 'इयो सोनो जॉर्जियाः ले मिए रादिचि, ले मिए इदेए' (मैं जॉर्जिया हूंः मेरी जड़ें, मेरे सिद्धांत) लिखी है। इस पुस्तक से उन्हें रॉयल्टी मिलती है।
- 2024 में टाइम की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल रहीं।

### विवाद भीः प्रवासियों को रोकने के लिए नौसैनिक नाकाबंदी

- सोशल मीडिया पर रेप का वीडियो पोस्ट कर विवादों में फंस चुकी हैं। घटना यूक्रेनी महिला के साथ हुई थी, जिसे बाद में डिलीट कर दिया था।
- प्रवासियों की नावों को इटली में प्रवेश से रोकने के लिए नौसैनिक नाकाबंदी वाले बिल को मंजूरी दी है। लोग इस कदम को दमनकारी बता रहे हैं।

बिज़नेस भास्कर
नई दिल्ली, शुक्रवार 11 सितंबर, 2026
Business Standard और TheEconomist की खबरों के साथ


दोपहिया बाजार • उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान में छोटी बाइक पहली पसंद, महाराष्ट्र-बिहार में बड़े इंजन पर जोर

# शहरों से ज्यादा गांवों में बिक रहे दोपहिया, 55% पहुंची हिस्सेदारी

भास्कर न्यूज | मुंबई

देश के दोपहिया बाजार में सबसे ज्यादा मांग गांवों से आ रही है, लेकिन अलग-अलग राज्यों में ग्राहकों की पसंद एक जैसी नहीं है। ऑटोमोटिव इंटेलीजेंस फर्म जैटो डायनेमिक्स के डेटा के मुताबिक, जनवरी-जून 2026 के दौरान देश के कुल दोपहिया पंजीकरण में ग्रामीण क्षेत्रों की हिस्सेदारी 55% रही। शहरी क्षेत्रों का योगदान 32% और महानगरों का 13% था।

ग्रामीण बाजार में मोटरसाइकिलें अब भी आवागमन का मुख्य साधन हैं। कुल ग्रामीण पंजीकरण में इनकी हिस्सेदारी 68.3% रही। पेट्रोल स्कूटर का योगदान 24% और इलेक्ट्रिक स्कूटर का 5.8% रहा। मोटरसाइकिलों में 100-110 सीसी मॉडल की हिस्सेदारी 47.6% और 125 सीसी की 27.7% थी। यानी हर चार में से तीन ग्रामीण मोटरसाइकिल खरीदारों ने 100-125 सीसी मॉडल चुना।

राजस्थान, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में सस्ती कम्यूटर बाइक का दबदबा है। इसके विपरीत महाराष्ट्र और बिहार में 125 सीसी और 150-200 सीसी बाइक की मांग ज्यादा संतुलित है। महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश की संयुक्त हिस्सेदारी 60% से अधिक है।

### राजस्थान में 74% बाइक 100-110 सीसी की, महाराष्ट्र में यह हिस्सा सिर्फ 34% ही

| राज्य | <110CC | <125 CC | <200 CC |
|---|---|---|---|
| राजस्थान | 74.1% | 16.8% | --- |
| उत्तर प्रदेश | 60.4% | 22.7% | 10.2% |
| मध्य प्रदेश | 56.1% | 32.8% | --- |
| बिहार | 41.7% | 33.1% | 17.7% |
| महाराष्ट्र | 34.3% | 30.0% | 25.1% |

### कहां कितनी बिक्री

| बाजार | दोपहिया | इलेक्ट्रिक |
|---|---|---|
| ग्रामीण | 55% | 5.9% |
| शहरी | 32% | 10.7% |
| महानगर | 13% | 10.9% |



स्रोतः जैटो डायनेमिक्स

### गांवों में 94% पेट्रोल वाहन, लेकिन ईवी की पहुंच शहरों से आधी ही

- ग्रामीण दोपहिया पंजीकरण में पेट्रोल वाहनों की हिस्सेदारी 94% और इलेक्ट्रिक की केवल 5.9% है। शहरों में ईवी हिस्सेदारी 10.7% और महानगरों में 10.9% पहुंच चुकी है।
- ग्रामीण बाजार में मोटरसाइकिलों की हिस्सेदारी 68.3% है, महानगरों में यह केवल 38.4% है। इसके विपरीत पेट्रोल स्कूटर की हिस्सेदारी गांवों में 24% और महानगरों में 49.3% है।
- कर्नाटक में 125 सीसी स्कूटर की हिस्सेदारी 56.7%, महाराष्ट्र में 53.1% और तमिलनाडु में 51.2% है।
- उत्तर प्रदेश और गुजरात में 90-110 सीसी स्कूटर की हिस्सेदारी क्रमशः 59.5% और 64.2% है।

## सीएएस का असर! 5 मिनट में सेंसेक्स 1,000 अंक चढ़ा, फिर 700 अंक गिरा

सेंसेक्स की साप्ताहिक वायदा एक्सपायरी के दिन गुरुवार को क्लोजिंग ऑक्शन में फिर उतार-चढ़ाव दिखा। सामान्य कारोबार समाप्त होने के समय दोपहर 3:15 बजे सेंसेक्स 74,629 पर था। सीएएस के दौरान संभावित बंद स्तर 75,708 तक पहुंच गया। 1,000 अंक की इस छलांग के बाद पांच मिनट के भीतर सेंसेक्स करीब 700 अंक नीचे आ गया। इससे सेंसेक्स के कॉल ऑप्शन के भाव कई गुना बढ़ गए। ऑर्डर मिलान के बाद सेंसेक्स 138 अंक बढ़कर 74,902 और निफ्टी 0.2% अंक बढ़कर 23,477 पर बंद हुआ।

| समय/स्थिति | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| 3:15 बजे | 74,629 | 23,389 |
| सीएएस का उच्च स्तर | 75,708 | 23,761 |
| अंतिम बंद स्तर | 74,902.59 | 23,477.80 |

# सीएएस जारी रहेगा, सेटलमेंट का तरीका बदलेगाः सेबी

भास्कर न्यूज | मुंबई

शेयर बाजार में एक महीने पहले शुरू हुआ क्लोजिंग ऑक्शन सेशन (सीएएस) बंद नहीं होगा। सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा कि यह व्यवस्था जारी रहेगी। हालांकि, वायदा एवं विकल्प सौदों की एक्सपायरी के दिन उनका अंतिम सेटलमेंट भाव तय करने का तरीका बदला जाएगा। पांडे ने कहा कि दूसरी अर्थव्यवस्थाओं में भी सीएएस लागू होने के शुरुआती दौर में नकदी और भागीदारी कम रहने की चुनौती आई थी। समय के साथ इसमें कारोबार बढ़ता है। वैश्विक सूचकांक प्रदाता एमएससीआई ने भी माना है कि हालिया इंडेक्स पुनर्संतुलन सीएएस के तहत सुचारु रहा। यह स्पष्टीकरण ऐसे समय आया है, जब 10 सितंबर को सामान्य कारोबार खत्म होने के बाद निफ्टी और सेंसेक्स के संभावित बंद स्तर कुछ समय के लिए 1% से ज्यादा उछल गए। इससे पहले पिछले सप्ताह सीएएस में सेंसेक्स का संभावित बंद स्तर 2.5% गिरने से कुछ पुट ऑप्शन के प्रीमियम 400-500% तक उछल गए थे।



### भास्कर नॉलेज

**पहले की व्यवस्था क्यों बदली गई?**
सीएएस से पहले किसी शेयर का बंद भाव दोपहर 3 से 3:30 बजे के बीच हुए कारोबार के भारित औसत मूल्य से तय होता था। आखिरी समय आया बड़ा ऑर्डर औसत भाव को प्रभावित कर सकता था। नई व्यवस्था में खरीद-बिक्री के सभी अंतिम ऑर्डर एक जगह जमा होते हैं और उस भाव को बंद भाव बनाया जाता है, जिस पर सबसे ज्यादा शेयरों का लेन-देन संभव हो। उद्देश्य बंद भाव को पारदर्शी बनाना, बड़े ऑर्डर का प्रभाव घटाना और घरेलू बाजार को वैश्विक व्यवस्था के अनुरूप बनाना है।

**फिर स्क्रीन पर अचानक इतना उतार-चढ़ाव क्यों?**
ऑक्शन के दौरान ऑर्डर लगातार पूरे नहीं होते। स्क्रीन पर दिखने वाला 'इंडिकेटिव' स्तर खरीद-बिक्री ऑर्डर के आधार पर बदलता है। बड़ा ऑर्डर आया, बदला या हटा तो संभावित बंद भाव तेजी से ऊपर-नीचे हो सकता है। ऑर्डर मिलान के बाद बंद भाव तय होता है। समस्या यह है कि सीएएस में अभी दैनिक नकद बाजार कारोबार का 1% से कम है। यह पुरानी व्यवस्था के अंतिम 30 मिनट में होने वाले कारोबार के 33% से कम है। कम ऑर्डर वाले बाजार में किसी बड़े सौदे का असर ज्यादा दिखाई देता है।

**नई व्यवस्था में एक्सपायरी के दिन जोखिम ज्यादा क्यों है?**
शेयरों का सीएएस बंद भाव ही इंडेक्स, उससे जुड़े डेरिवेटिव्स के सेटलमेंट को प्रभावित करता है। एक्सपायरी के दिन थोड़े से बदलाव से ऑप्शन का मूल्य तेजी से बदल सकता है। 13 अगस्त की सेंसेक्स एक्सपायरी पर कथित हेरफेर की जांच के बाद सेबी ने कॉपथॉल मॉरीशस इन्वेस्टमेंट और मानसी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकिंग पर कार्रवाई की थी। रकम जमा करने के बाद दोनों को बाजार में फिर प्रवेश मिला, लेकिन वे सीएएस में कारोबार नहीं कर सकतीं।

### 20 मिनट, 4 चरणों में ऐसे तय होता है क्लोजिंग ऑक्शन में बंद भाव

| समय | प्रक्रिया |
|---|---|
| 3:15-3:20 बजे | संदर्भ मूल्य की गणना |
| 3:20-3:25 बजे | मार्केट और लिमिट ऑर्डर स्वीकार |
| 3:25-3:30 बजे | केवल लिमिट ऑर्डर; अंतिम दो मिनट में आकस्मिक समापन |
| 3:30-3:35 बजे | ऑर्डर मिलान और बंद भाव तय |

- सीएएस उन्हीं शेयरों पर है, जिनमें डेरिवेटिव्स उपलब्ध हैं। अन्य शेयरों का बंद भाव पुराने 30 मिनट के औसत से तय होता है। ऑक्शन के दौरान किसी शेयर का भाव संदर्भ मूल्य से 3% ऊपर या नीचे रह सकता है।

आधार से जुड़े 2 बड़े बदलाव

## जीएसटी पंजीकरण में बायोमेट्रिक अनिवार्य

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने बायोमेट्रिक आधारित आधार सत्यापन के बिना जीएसटी पंजीकरण जारी करने पर रोक लगा दी है। यह निर्देश देशभर के जीएसटी अधिकारियों पर लागू होगा। जस्टिस अनिल क्षेत्रपाल और जस्टिस शैल जैन की पीठ ने यह आदेश उन याचिकाओं पर दिया, जिनमें आरोप था कि धोखेबाजों ने याचिकाकर्ताओं के पैन और आधार नंबर का इस्तेमाल करके फर्जी जीएसटी पंजीकरण हासिल किया। पीठ ने कहा कि आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन अनिवार्य करने की घोषणा पहले की जा चुकी थी, लेकिन इसे पूरी तरह लागू नहीं किया गया। इसके कारण चोरी या निष्क्रिय पैन-आधार विवरण का इस्तेमाल कर फर्जी पंजीकरण लगातार किए जा रहे हैं। मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को होगी।

### 2 वर्ष में 28,194 करोड़ की टैक्स चोरी

| वित्त वर्ष | फर्जी पंजीकरण | टैक्स चोरी |
|---|---|---|
| 2023-24 | 2,800 | 15,085 करोड़ |
| 2024-25 | 1,654 | 13,109 करोड़ |
| कुल | 4,454 | 28,194 करोड़ |

- अदालत ने सरकार की ओर से दिए गए इन आंकड़ों का उल्लेख किया। पीठ ने कहा कि फर्जी जीएसटी पंजीकरण से न केवल सरकारी राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है, बल्कि उन निर्दोष नागरिकों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है जिनके दस्तावेज का उनकी जानकारी के बिना इस्तेमाल किया जाता है।

फेसआरडी एप की जरूरत खत्म

## अब बैंकिंग एप में ही होगा आधार फेस ऑथेंटिकेशन

वृंदा गोयल | नई दिल्ली

बैंक खाता खुलवाने, बीमा खरीदने या ब्रोकिंग एप से जुड़ने के दौरान आधार फेस ऑथेंटिकेशन अब उसी एप में पूरा किया जा सकेगा। इसके लिए ग्राहक को अलग फेसआरडी एप डाउनलोड करने या एक एप से दूसरे एप में जाने की जरूरत नहीं होगी। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने बुधवार को ग्लोबल फिनटेक फेस्ट-2026 में नया आधार फेस ऑथेंटिकेशन सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट किट यानी एसडीके लॉन्च किया। इसकी मदद से बैंक, एनबीएफसी, बीमा कंपनियां, फिनटेक और दूसरी वित्तीय संस्थाएं आधार आधारित चेहरे की पहचान की सुविधा सीधे अपने एंड्रॉयड और आईओएस ऐप में जोड़ सकेंगी।
- नए सॉफ्टवेयर में एआई और मशीन लर्निंग आधारित 'लाइवनेस डिटेक्शन' और नकली चेहरे से सत्यापन रोकने की व्यवस्था है। यह जांचेगा कि कैमरे के सामने वास्तविक व्यक्ति मौजूद है या फोटो अथवा किसी अन्य तरीके से सिस्टम को धोखा देने की कोशिश हो रही है।
- आधार फेस ऑथेंटिकेशन 'सैंडबॉक्स' भी लॉन्च हुआ। इसकी मदद से बैंक और फिनटेक वास्तविक ग्राहकों के लिए सुविधा शुरू करने से पहले प्रक्रिया को जांच सकेंगे।

रिपोर्ट • दुनिया के कपड़ा निर्यात में चीन की हिस्सेदारी 32%, भारत की महज 4%

# चीन से हटते ऑर्डर, एफटीए खोलेंगे भारत के लिए 21 लाख करोड़ का कपड़ा बाजार

भास्कर न्यूज | मुंबई

भारत का कपड़ा एवं परिधान उद्योग कई वर्षों की तेज वृद्धि के दौर में प्रवेश कर सकता है। वैश्विक निर्यात में चीन की हिस्सेदारी अभी 32% है, लेकिन कंपनियां आपूर्ति बाधित होने का जोखिम घटाने के लिए चीन के साथ दूसरे देशों से भी खरीद बढ़ा रही हैं। इस 'चीन+1' रणनीति का भारत को लाभ मिलने की उम्मीद है। जेफरीज की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रिटेन के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) और यूरोपीय संघ से संभावित करार भारतीय उत्पादों को बांग्लादेश-पाकिस्तान के बराबर प्रतिस्पर्धी बनाकर नए ऑर्डर दिला सकता है। जुलाई 2026 से प्रभावी भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते के बाद भारतीय कपड़ा उत्पादों पर लगने वाला 4-12% आयात शुल्क लगभग शून्य हो गया है। इससे पहले बांग्लादेश और पाकिस्तान को शुल्क-मुक्त पहुंच मिलने के कारण भारतीय उत्पाद महंगे पड़ते थे। संभावित भारत-ईयू समझौता भी 8-12% शुल्क की असमानता दूर कर सकता है। इससे भारत को करीब 220 अरब डॉलर यानी लगभग 20.8 लाख करोड़ के कपड़ा एवं परिधान आयात बाजार में शुल्क लाभ मिल सकता है।

### अमेरिकी आयात में भारत की हिस्सेदारी 59%, अब यूरोप-यूके में बनेंगे मौके

- चीन 32% बांग्लादेश 6% वियतनाम 6% भारत 4% तुर्किये 4% पाकिस्तान 2% इन वजहों से बढ़ सकता है निर्यात वैश्विक कंपनियां चीन के अलावा दूसरे आपूर्तिकर्ता जोड़ रही हैं।
- भारत के पास धागे से तैयार कपड़े तक पूरी उत्पादन श्रृंखला है। यूके-ईयू में शुल्क घटने से भारतीय उत्पाद ज्यादा प्रतिस्पर्धी होंगे। वैश्विक खरीदार कम व बड़े आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम बढ़ा रहे हैं।

### भारत के कुल निर्यात का 53% 3 देशों में




### जेफरीज को इन शेयरों में दिख रही मजबूती

| कंपनी | लक्ष्य मूल्य | संभावित बढ़त |
|---|---|---|
| वेलस्पन लिविंग | 260 | 25% |
| रेमंड लाइफस्टाइल | 900 | 29% |

जेफरीज का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2026-29 के दौरान वेलस्पन की आय 14% और मुनाफा औसतन 71% बढ़ सकता है। रेमंड लाइफस्टाइल की आय 9% व मुनाफा 23% सालाना बढ़ने की उम्मीद है। हालांकि, कमजोर वैश्विक मांग, व्यापार समझौते में देरी और बांग्लादेश-वियतनाम से प्रतिस्पर्धा प्रमुख जोखिम हैं।

### भारत कहां मजबूत, कहां अवसर और किस मोर्चे पर चुनौती

**होम टेक्सटाइल में मजबूत भारत...** भारत अमेरिका के होम टेक्सटाइल बाजार में पहले से अग्रणी है। अमेरिकी आयात में भारत की हिस्सेदारी सूती चादरों में 59%, तौलियों में 46% और सूती तकिया कवर में 60% है। लेकिन ब्रिटेन और यूरोप में हिस्सेदारी अपेक्षाकृत कम है। शुल्क हटने के बाद वहां निर्यात बढ़ने की ज्यादा गुंजाइश है।

**परिधान बन सकता है अगला ग्रोथ इंजन...** वैश्विक कपड़ा व्यापार में परिधानों का योगदान 60% है, लेकिन वैश्विक परिधान निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 3% है। बांग्लादेश और वियतनाम की सफलता बताती है कि शुल्क में बराबरी व बड़े पैमाने पर उत्पादन से भारत बढ़त बना सकता है।

**घरेलू बाजार निर्यात से चार गुना बड़ा** भारत का कुल कपड़ा एवं परिधान उद्योग करीब 18.4 लाख करोड़ रुपए का है। इसमें घरेलू बाजार 14.9 लाख करोड़ रुपए और निर्यात 3.5 लाख करोड़ रुपए है। घरेलू बाजार बीते छह वर्षों में सालाना करीब 7% बढ़ा, जबकि निर्यात सिर्फ 1% बढ़ा।

**बड़ी कमजोरीः मानव निर्मित फाइबर** भारत का निर्यात अब भी कपास आधारित उत्पादों पर ज्यादा निर्भर है, जबकि दुनिया में मानव निर्मित फाइबर यानी पॉलिएस्टर आदि से बने परिधानों और तकनीकी कपड़ों की मांग बढ़ रही है। बांग्लादेश और वियतनाम को इस क्षेत्र में बढ़त हासिल है।

चीन की खरीद का असर

## ब्रेंट क्रूड 105 डॉलर पर, मई के बाद सबसे महंगा

बिजनेस संवाददाता | मुंबई

ईरान-अमेरिका संघर्ष के कारण आपूर्ति बाधित होने की आशंका से ब्रेंट क्रूड 10 सितंबर को 105 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। यह 25 मई 2026 के बाद का उच्चतम स्तर है। अगस्त के शुरुआती निचले स्तर से कीमतें करीब 30% चढ़ चुकी हैं। सऊदी अरब ने अगस्त में रोजाना 62 लाख बैरल तेल उत्पादन की जानकारी ओपेक को दी। यह 2026 का न्यूनतम स्तर और जुलाई से 23% कम है। हूती विद्रोहियों की धमकियों से सऊदी अरब के पश्चिमी तट से तेल आपूर्ति प्रभावित हुई है। चीन ने भी कई महीनों की सुस्त मांग के बाद कच्चे तेल की खरीद बढ़ाई है।

आईएनजी के मुताबिक, चीनी खरीद जारी रही तो आपूर्ति संकट का असर बढ़कर कीमतों को और ऊपर ले जा सकता है। वहीं, खरीद घटने से तेजी सीमित हो सकती है। प्राकृतिक गैस और डीजल के दाम भी बढ़ रहे हैं, जिससे ईंधन आयातक यूरोपीय देशों में महंगाई की चिंता गहरा गई है।

दिलचस्प • 4.5 अरब साल पुराने उल्कापिंड से बना ₹90 लाख का फाउंटेन पेन, यह लॉन्च होते ही बिक भी गया...



**मिलान**|इटली की लग्जरी पेन निर्माता मॉन्टेग्रापा ने ऐसा फाउंटेन पेन बनाया है, जिसमें करीब 4.5 अरब वर्ष पुराने उल्कापिंड का टुकड़ा इस्तेमाल हुआ है। इसकी कीमत 95,000 डॉलर यानी करीब 90 लाख रुपए है। कंपनी की वेबसाइट पर यह पेन बिक चुका दिखाई दे रहा है। इसे मुओनियोनालुस्टा नाम के लौह उल्कापिंड और 18 कैरेट सोने से तैयार किया गया है। यह उल्कापिंड स्वीडन में मिला था। पेन की बॉडी को हाथ से पॉलिश किया गया है। इससे उल्कापिंड में मौजूद लौह-निकल की प्राकृतिक क्रिस्टलीय बनावट उभरकर दिखाई देती है। 18 कैरेट सोने के निब पर भी उल्कापिंड की आकृति उकेरी गई है।

खाद्य महंगाई का असर

## ब्याज दरें फिर बढ़ने का अंदेशाः यूबीआई रिसर्च

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतें और महंगा कच्चा तेल आने वाले महीनों में आम लोगों का बजट बिगाड़ सकते हैं। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) रिसर्च के मुताबिक, महंगाई नियंत्रित करने के लिए आरबीआई वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी छमाही में रेपो रेट 5.25% से बढ़ाकर 5.75-6% कर सकता है। इससे होम सहित दूसरे बैंक कर्ज महंगे हो सकते हैं। बैंक को 2-3 चरणों में सीमित बढ़ोतरी की उम्मीद है। हालांकि अगस्त में थोक महंगाई जुलाई के 9.78% से घटकर 9.34% रहने का अनुमान है। इसकी प्रमुख वजह ईंधन महंगाई का 20.06% से घटकर 13.97% रहना है। हालांकि, खाद्य महंगाई 6.64% से बढ़कर 8.14% हो सकती है। थोक चीनी के भाव करीब 14% बढ़े हैं। अनाज, सब्जियों और फलों की कीमतों में भी तेजी आई है। खाद्य और ईंधन को छोड़कर कोर महंगाई मामूली घटकर 8.93% रहने के बावजूद ऊंची बनी रहेगी। कम बारिश और धीमी बुवाई त्योहारी सीजन में खाद्य कीमतों पर दबाव बढ़ा सकती है। एक्सिस बैंक के एमडी अमिताभ चौधरी ने भी दर बढ़ने की आशंका जताई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सामान्य से कम मानसून और बुवाई की धीमी रफ्तार त्योहारी सीजन के दौरान खाद्य थोक महंगाई दर पर दबाव बढ़ा सकती है।

### बिजनेस ब्रीफ

**महंगाई... ईसीबी ने ब्याज दर बढ़ाकर 2.5% की**

**पेरिस** | ईरान युद्ध से तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने और महंगाई बढ़ने की आशंका के बीच यूरोपीय सेंट्रल बैंक ने इस साल दूसरी बार ब्याज दर बढ़ाई है। नीतिगत दर 2.25% से बढ़ाकर 2.50% कर दी गई। ईसीबी का अनुमान है कि महंगाई उसके 2% लक्ष्य से लंबे समय तक ऊपर रहेगी। बैंक ने 2026 के लिए महंगाई अनुमान बढ़ाकर 3% किया है। यूरो क्षेत्र की अर्थव्यवस्था इस साल 0.9%, 2027 में 1.4% और 2028 में 1.5% बढ़ने का अनुमान है।

**एनएसई ने आईपीओ वैल्यूएशन 15% घटाया**

**मुंबई**| एनएसई ने ऑप्शन कारोबार की धीमी रफ्तार और कमजोर बाजार के बीच आईपीओ का प्रस्तावित मूल्यांकन करीब 15% घटाया है। शेयर का प्राइस बैंड 1,700-1,785 रह सकता है, जिससे कंपनी का मूल्यांकन करीब 4.42 लाख करोड़ होगा। पहले 2,000-2,100 के भाव पर चर्चा थी। 5.5% हिस्सेदारी बिकने पर इश्यू 24,300 करोड़ का हो सकता है। आईपीओ ऑफर फॉर सेल होगा, इसलिए रकम एनएसई को नहीं मिलेगी।

**13.6 लाख देकर अदाणी ने सेबी से सेटलमेंट किया**

**मुंबई** | अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन के सीईओ करण अदाणी और कंपनी के पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी बी. रवि ने सेबी के साथ मामला निपटा लिया है। दोनों ने अलग-अलग 13.65 लाख की सेटलमेंट राशि चुकाई। इसके बाद बाजार नियामक ने उनके खिलाफ न्यायिक कार्यवाही समाप्त कर दी। मामला पीएमसी प्रोजेक्ट्स इंडिया, अदाणी पोर्ट्स और उसकी सहायक कंपनियों के बीच बैंकिंग लेन-देन की जांच से जुड़ा था। सेबी ने सिक्युरिटीज कॉन्ट्रैक्ट्स रेगुलेशन एक्ट के प्रावधानों के उल्लंघन का आरोप लगाया था।

बिजनेस एंकर होटल कंपनियां भी क्रूज बाजार में उतरीं; छोटे जहाज लोगों को अनदेखे द्वीप ले जा रहे हैं

# समंदर पर लग्जरी... कम यात्री, बड़े सुइट, सुपरयॉट जैसा सफर

• The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

**सेलान येगिन्सु** | लग्जरी क्रूज उद्योग में अब भव्यता के मायने बदल रहे हैं। कभी विशाल जहाज, सफेद मेजपोश और औपचारिक सेवा इसकी पहचान थे। अब कंपनियां कम यात्रियों वाले जहाजों के जरिए निजी सुपरयॉट जैसा अनुभव देने पर जोर दे रही हैं। इसके लिए यात्री क्षमता बढ़ाने के बजाय बड़े सुइट, ज्यादा खुली जगह और व्यक्तिगत सेवाएं जोड़ी जा रही हैं। छोटे जहाजों के कारण यात्रियों को उन द्वीपों और खाड़ियों तक भी ले जाया जा रहा है, जहां बड़े क्रूज नहीं पहुंच सकते। इस बदलाव ने पारंपरिक क्रूज कंपनियों के साथ बड़े होटल ब्रांडों को भी समुद्री पर्यटन की ओर खींचा है।

### ऐसे बदल रहा लग्जरी क्रूज.. निजी यॉट बनी अमीर यात्रियों की नई पसंद, 2.8 करोड़ का सुइट, निजी पूल-जिम भी



**फोर सीजंस-I • चौथी मंजिल पर फैला हुआ है 2.85 करोड़ का सुइट**
मार्च में लग्जरी क्रूज 'फोर सीजंस-I' लॉन्च किया। 679 फीट लंबे इस जहाज में 222 यात्री सफर कर सकते हैं। इसमें 95 सुइट है। 9,974 वर्गफीट का 'फनल सुइट' है। निजी पूल, जिम, स्पा हैं। पिछली यात्राओं में इसका किराया 2.85 करोड़ से अधिक रहा है



**कोरिंथियन • हवा की शक्ति से भी चल सकेगा 721 फीट लंबी यॉट...**
721 फीट लंबी 'ओरिएंट एक्सप्रेस कोरिंथियन' दुनिया की सबसे बड़ी नौकायन यॉट है। 110 लोगों के लिए स्पेस है। 54 सुइट हैं। साइज 484 से 2,475 वर्गफीट तक है। 5 रेस्तरां, स्पा भी हैं। यह हवा से भी चल सकती है। 3 रात का किराया 18.5 लाख से शुरू होता है।



**एक्सप्लोरा-III • 7,500 वर्ग फीट में बना है लग्जरी वेलनेस जोन**
जुलाई में लॉन्च 879 फीट लंबा एक्सप्लोरा-III कंपनी का सबसे बड़ा जहाज है। इसमें 461 सुइट, 109 पेंटहाउस और 39 ओशन रेजिडेंस हैं। इसमें 7,500 वर्गफीट से बड़ा वेलनेस जोन भी है। 7 रात का किराया 4.13 लाख रुपए प्रति व्यक्ति से शुरू होता है।



**सेवन सीज प्रेस्टीज • 9,000 वर्गफीट का स्काईव्यू रीजेंट सुइट**
735 फीट लंबा सेवन सीज प्रेस्टीज दिसंबर में बार्सिलोना से मियामी की पहली यात्रा करेगा। 800 यात्री क्षमता व 411 सुइट है। 9,000 वर्गफीट का स्काईव्यू रीजेंट सुइट निजी भोजन कक्ष, स्पा, जिम है। 7 रातों का किराया 5.80 लाख प्रति व्यक्ति से शुरू होता है।

संकट खत्म • 279 लाख टन उत्पादन का अनुमान

## चीनी का पर्याप्त स्टॉक, 44 से 49 रु. किलो के बीच भाव स्थिर

सुशील मिश्र | नई दिल्ली

देश में त्योहारी सीजन के दौरान चीनी की कमी होने की आशंका नहीं है। इंडियन शुगर एंड बायो-एनर्जी मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (इस्मा) ने मार्केटिंग सीजन 2025-26 में घरेलू उत्पादन 279 लाख टन रहने का अनुमान लगाया है। जीएसटी छोड़कर चीनी की कीमतें फिलहाल 44-49 प्रति किलो के बीच स्थिर हैं। अक्टूबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक मिलों ने 277.50 लाख टन चीनी का उत्पादन किया है। सितंबर में करीब 1.50 लाख टन अतिरिक्त उत्पादन की उम्मीद है। कर्नाटक और तमिलनाडु की 17 मिलों में विशेष पेराई सत्र सितंबर अंत तक चल सकता है। नेशनल फेडरेशन ऑफ कोऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज ने भी 279 लाख टन शुद्ध उत्पादन का अनुमान लगाया है। इसमें इथेनॉल के लिए भेजे गए करीब 24 लाख टन को शामिल नहीं किया गया है। सीजन की शुरुआत में करीब 50 लाख टन पिछला स्टॉक उपलब्ध था। उत्पादन मिलाकर कुल उपलब्धता लगभग 330 लाख टन रह सकती है। इसमें से 8.25 लाख टन निर्यात हो चुका है, जबकि सालाना घरेलू खपत करीब 285 लाख टन है। ऐसे में सीजन के अंत में लगभग 35 लाख टन स्टॉक बचने का अनुमान है। इस्मा अगले छह सप्ताह की बारिश के आंकड़ों के बाद अंतिम अनुमान जारी करेगा।